www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 18 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक-343 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



राहुल गांधी धर्मनिरपेक्षता को कर रहे हैं मजबूत : फारूक अब्दुल्ला 02

- कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना ...
- पीएम मोदी ने मंत्रियों से मांगा 100 दिन...

03

- इजरायल ने सीरिया के हथियार डिपो पर किया हमला
- मादुरो ने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी स्वीकार की

07

तृप्ति डिमरी कॉलेज के दिनों में करती थीं फिल्मों के... 10

**रमजान मुबारक**

18 मार्च-7

खत्म सहरी : 5.08

रोजा इफतार : 6.33



## सार संक्षेप

### बीआरएस विधायक दानम नागेंद्र कांग्रेस में शामिल



**हैदराबाद।** लोकसभा चुनाव से पहले बीआरएस विधायक दानम नागेंद्र रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। राज्य में कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने के बाद दानम नागेंद्र इसमें शामिल होने वाले पहले बीआरएस विधायक हैं। यह दानम नागेंदर के लिए घर वापसी है। वह 2009 से 2014 तक संयुक्त आंध्र प्रदेश में कांग्रेस सरकार में मंत्री थे। वर्ष 2018 में टीआरएस (अब बीआरएस) में शामिल हुए और खैरताबाद से विधायक बने।

### संयुक्त अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए सेना सेशेल्स रवाना



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना और सेशेल्स के रक्षा बलों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'लामितीय 2024' के दसवें संस्करण में भाग लेने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी रविवार को सेशेल्स के लिए रवाना हो गई। संयुक्त अभ्यास 18 से 27 मार्च तक सेशेल्स में आयोजित किया जाएगा। क्रियोल भाषा में 'लामितीय' का अर्थ 'दोस्ती' है। यह एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो 2001 से आयोजित किया जा रहा है।

### दत्तात्रेय होसबाले पुनः आरएसएस के सरकार्यवाह चुने गए



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने रविवार को श्री दत्तात्रेय होसबाले को पुनः तीन वर्ष के लिए सरकार्यवाह चुन लिया। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के तीन दिन के अधिवेशन के समापन दिवस के पूर्वाह्न के सत्र में वर्ष 2024-27 के सरकार्यवाह के दायित्व के लिए श्री होसबाले पुनः निर्वाचित हुए। श्री होसबाले वर्ष 2021 में पहली बार सरकार्यवाह निर्वाचित हुए थे और तब से इस दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

### अदालत ने शेख शाहजहां के भाई को 5 दिन की हिरासत में



**कोलकाता।** कोलकाता की एक अदालत ने रविवार को निलंबित टीएमसी नेता शेख शाहजहां के छोटे भाई शेख आलमगीर को पांच दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। शेख शाहजहां 5 जनवरी को संदेशखली में ईडी और सीएपीएफ पर हमले का कथित मास्टरमाइंड है। सीबीआई ने नौ घंटे की लंबी पूछताछ के बाद शनिवार को आलमगीर को गिरफ्तार कर लिया था। आलमगीर को रविवार को अदालत पेश किया गया।



'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का समापन

# राजा की आत्मा ईवीएम, ईडी में : राहुल

## इंडिया गठबंधन की रैली बोले कांग्रेस नेता, कई नेताओं को डराया जा रहा

**मुंबई,** 17 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन के मौके पर रविवार को मुंबई में 'इंडिया गठबंधन' की रैली आयोजित की गई।

रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि राजा की आत्मा ईवीएम में है और राजा की आत्मा सीबीआई, ईडी और आईटी में है। कई नेता को डराया जा रहा है और लोग डरकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। राहुल ने मोदी पर हमला बोलते हुए आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ मुखौटा हैं, जैसे बॉलिवुड के एक्टर हैं। ऐसे ही उनको भी एक रोल दिया गया है। आज सुबह यह करना तो कल और परसो ये करना है। सुबह उठकर समुद्र के नीचे जाना है और सी प्लेन में उड़ना है। उन्होंने पीएम मोदी के 56 इंच वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी छाती 56 इंच नहीं बल्कि खोखले व्यक्ति वाली है।

> **हमारी लड़ाई व्यक्ति के खिलाफ नहीं, एक शक्ति से लड़ रहे हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों सीबीआई, ईडी और आईटी का दुरुपयोग किया जा रहा है: राहुल गांधी**

**जनता के मुद्दों के लिए यात्रा की**

उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले साल कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की थी। अगर मुझे 2004 और 2010 में यात्रा करनी पड़ती तो मैं ये सोच भी नहीं सकता था। देश के ध्यान को पकड़ने के लिए विपक्ष को यात्रा करनी पड़ी है।

ये यात्रा राहुल की नहीं पूरे विपक्ष की यात्रा थी। जनता के मुद्दे के लिए यात्रा करनी पड़ी है। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी लड़ाई व्यक्ति के खिलाफ नहीं, एक शक्ति से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों सीबीआई, ईडी और आईटी के जरिए कई नेता को डराया जा रहा है।

**इंडिया गठबंधन के नेता रहे मौजूद**

शिवाजी पार्क में हुई रैली में राहुल के अलावा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, राजद नेता तेजस्वी यादव, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, एनसीपी (शरद गुट) प्रमुख शरद पवार समेत सपा, आम आदमी पार्टी सहित इंडिया ब्लॉक की अन्य पार्टियों के नेता मौजूद हैं।

आंध्र प्रदेश में गरजे मोदी

## तीसरे कार्यकाल में होंगे बड़े निर्णय

**पलनाडु।** चुनाव आयोग ने शनिवार को आम चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। चुनाव तारीखों के एलान के बाद पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु में एनडीए



गठबंधन की पहली रैली में शिरकत की। खास बात यह है कि इस रैली में पीएम मोदी के साथ ही एनडीए में शामिल टीडीपी के चीफ चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी के चीफ पवन कल्याण भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तीसरे कार्यकाल में बड़े निर्णय लिए जाएंगे। विकसित भारत के लिए इस बार एनडीए 400 पार जाएगी।' उन्होंने कहा कि 'आंध्र प्रदेश को शिक्षा का केन्द्र बनाया जाएगा।

## अरुणाचल व सिक्किम में मतगणना अब 2 जून को

- इसी दिन दोनों विधानसभाओं का कार्यकाल हो रहा खत्म
- अरुणाचल में सभी विधानसभा सीटों 19 अप्रैल को मतदान

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों में मतगणना पूर्व घोषित चार जून की जगह दो जून को कराने की रविवार को घोषणा की।




आयोग ने एक विज्ञप्ति में जानकारी दी कि उसे इन दोनों रज्यों में चुनाव वहां वर्तमान विधानसभाओं की समाप्ति तिथि से पहले कराना है। दोनों राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए आयोग ने इन राज्यों में मतगणना दो जून को कराने का निर्णय लिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन राज्यों में दो जून तक चुनाव प्रक्रिया संपन्न करा दी जाएगी। इन विधानसभाओं के चुनाव के लिए शनिवार को घोषित अन्य कार्यक्रमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहां लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए घोषित कार्यक्रमों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है।

अरुणाचल प्रदेश में सभी 60 विधानसभा सीटों का चुनाव लोकसभा के पहले चरण के मतदान के साथ 19 अप्रैल को होगा। इसके लिए अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी। नामांकन पत्र दाखिल 27 मार्च तक किए जा सकेंगे और उनकी जांच 28 मार्च को तथा नामांकन वापस लेने की तिथि 30 मार्च निर्धारित की गयी है। मतगणना दो जून को होगी तथा चुनाव प्रक्रिया छह जून को पूर्ण कर ली जाएगी।

### दिव्यांग तीरंदाज शीतल देवी को बनाया राष्ट्रीय दूत

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने दिव्यांग तीरंदाज शीतल देवी को शारीरिक रूप से चुनौती का सामना कर रहे मतदाताओं की सुविधा के लिए की जा रही पहल को प्रचारित करने के लिए अपना राष्ट्रीय दूत बनाया है। यह घोषणा राजधानी में आयोग द्वारा भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के साथ मिल कर आयोजित एक क्रिकेट मैच के अवसर पर की गई ।

## नोएडा पुलिस ने एल्विश को किया गिरफ्तार

### नशे के लिए सांपों के जहर के इस्तेमाल का है मामला

**नोएडा,** 17 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा पुलिस ने रविवार 17 मार्च को यूट्यूबर एल्विश यादव को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले एल्विश से लंबी पूछताछ की गई थी। पिछले दिनों नोएडा में सांप के जहर सप्लाई करने वाले गिरोह के पर्दाफाश के दौरान एल्विश का नाम सामने आया था। एल्विश के खिलाफ नोएडा में केस दर्ज किया गया था। कोर्ट ने एल्विश को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। डीसीपी नोएडा विद्या सागर मिश्रा ने बताया कि यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एल्विश यादव को कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस ने इस मामले में पहले भी एल्विश से पूछताछ की थी।



**14 दिन के लिए जेल भेजा गया**

भाजपा सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपल फॉर एनिमल के एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने इस मामले में शिकायत की थी। उनकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने नोएडा के सेक्टर-49 इलाके में छापा मारा था। इस कार्रवाई के दौरान 5 आरोपियों को पकड़ा गया था। इस दौरान पुलिस ने मौके से 9 जहरीले सांप बरामद किए थे। इनमें पांच कोबरा, एक अजगर, दो दोमुंहा सांप और एक रेड स्नेक शामिल थे। पूछताछ के दौरान ही एल्विश का नाम सामने आया था। तब यह भी पता चला था कि वे लोग एल्विश की पार्टी में सांप और जहर की सप्लाई किया करते थे। इसके बाद ही थाना सेक्टर- 49 में एल्विश यादव के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। एल्विश से नोएडा पुलिस कई बार पूछताछ भी की जाएगी।

नोएडा के डीसीपी विद्यासागर ने बताया कि वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972 के तहत राहुल, टीटू, जयकरण, नारायण, रविनाथ, एल्विश यादव और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ सेक्टर-49 थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

चुनाव आयोग ने बांड के नए आंकड़े किए जारी

## भाजपा ने 6986 करोड़ के चुनावी बॉन्ड कराए कैश

### भाजपा को 2019-20 में सबसे ज्यादा 2,555 करोड़ का चुनावी चंदा मिला

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने रविवार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) से चुनावी बॉन्ड पर प्राप्त ताजा जानकारी के डेटा को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। यह डेटा आयोग ने सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को सौंपा था।

कोर्ट ने बाद में आयोग से इस डेटा को सार्वजनिक करने के लिए कहा था। भाजपा ने कुल 6,986.5 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड कैश कराए और पार्टी को 2019-20 में सबसे ज्यादा 2,555 करोड़ रुपए का चुनावी चंदा मिला है। माना जा रहा है कि यह ब्यौरा 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं। आयोग ने एक बयान में कहा कि राजनीतिक दलों ने सुप्रीम कोर्ट के 12 अप्रैल, 2019 के अंतरिम आदेश के अनुसार सीलबंद लिफाफे में चुनावी बॉन्ड से संबंधित डेटा दाखिल किया था। भाजपा को 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना के लागू होने के बाद से इनके माध्यम से सबसे अधिक 6,986.5 करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त हुई, इसके बाद पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (1,397 करोड़ रुपए), कांग्रेस (1,334 करोड़ रुपए) और बीआरएस (1,322 करोड़ रुपए) का स्थान रहा।




- 'फ्यूचर गेमिंग' चुनावी बॉन्ड का सबसे बड़ा खरीदार
- तृणमूल कांग्रेस बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी प्राप्तकर्ता

**फ्यूचर गेमिंग 1,368 करोड़ के बॉन्ड खरीदे**

'लॉटरी किंग' सेंटियागो मार्टिन का फ्यूचर गेमिंग 1,368 करोड़ रुपयों के साथ चुनावी बॉन्ड का सबसे बड़ा खरीदार था, जिसमें से लगभग 37 प्रतिशत द्रमुक को गया। द्रमुक के अन्य प्रमुख दानदाताओं में मेघा इंजीनियरिंग 105 करोड़ रुपए, इंडिया सीमेंट्स 14 करोड़ रुपए और सन टीवी 100 करोड़ रुपए शामिल हैं। तृणमूल कांग्रेस को चुनावी बॉन्ड के माध्यम से 1,397 करोड़ रुपए मिले और वह भाजपा के बाद दूसरी सबसे बड़ी प्राप्तकर्ता है।

वहीं, अब रद्द हो चुके चुनावी बॉन्ड के शीर्ष खरीदार 'फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज' ने इसके माध्यम से तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपयों का दान दिया।

## महादेव सट्टा मामले में भूपेश बघेल पर एफआईआर

**रायपुर,** 17 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की लोकसभा चुनाव से पहले मुश्किलें बढ़ गई हैं, क्योंकि ईओडब्ल्यू ने महादेव बेटिंग एप के मालिकों से 508 करोड रुपए की प्रोटेक्शन मनी लेने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

बघेल सहित 18 अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।

- एप प्रमोटर से 508 करोड़ लेने का आरोप
- बघेल सहित 18 अन्य को भी आरोपी बनाया

इसके साथ ब्यूरोक्रेट्स व पुलिस अधिकारियों के साथ अज्ञात लोगों का भी जिक्र है। वहीं, भूपेश बघेल ने इस कार्यवाही को



राजनीतिक प्रतिशोध बताया है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, महादेव बेटिंग एप के मालिक सौरव चंद्राकर, रवि उप्पल शुभम सोनी और अनिल से प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप है। ईओडब्ल्यू की रिपोर्ट में जिन आरोपियों के नाम दर्ज है, उनमें पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का भी है। ज्ञात हो कि चंद्राकर और उप्पल के करीबी असीम दास को विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के बाद रायपुर के एक होटल से गिरफ्तार किया था।

### सरकार की ऐप संचालकों से साठगांठ : भूपेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने महादेव एप के अभी भी संचालित होने पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया हैं कि इसके संचालकों से मोदी सरकार एवं भाजपा की साठगांठ हैं। श्री बघेल ने आज यहां प्रेस कान्फ्रेंस में अपने ऊपर छत्तीसगढ़ के ईओडब्ल्यू में एफआईआर दर्ज किए जाने के एक पखवारे बाद उसके खुलासे पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हे सत्ता से हटे चार माह हो चुके है और मोदी की गारंटी और साय के सुशासन के बीच महादेव एप का संचालन जारी है। बगैर साठगांठ के यह संभव नहीं है।

## ईडी ने केजरीवाल को जारी किया नौवां समन

- 21 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया
- शनिवार को अदालत ने दे दी थी जमानत

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नौवां समन जारी किया। सूत्रों ने बताया कि सीएम केजरीवाल को 21 मार्च को जांच एजेंसी के सामने



पेश होने के लिए कहा गया है। एक दिन पहले ही एक मजिस्ट्रेट अदालत ने सीएम केजरीवाल को उत्पाद शुल्क नीति मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के समन का पालन न करने पर जमानत दे दी थी। 22 फरवरी को जारी सातवें समन में शामिल नहीं होने के बाद ईडी ने 27 फरवरी को सीएम केजरीवाल को 4 मार्च को पेश होने के लिए आठवां समन जारी किया था। इससे पहले 19 फरवरी को सीएम ईडी के छठे समन में शामिल नहीं हुए थे। ईडी ने 31 जनवरी को सीएम केजरीवाल को समन जारी किया था और उन्हें 2 फरवरी को पेश होने के लिए कहा था। यह आप संयोजक को जारी किया गया पांचवां समन था। ईडी ने 13 जनवरी को सीएम केजरीवाल को चौथी बार समन जारी कर 18 जनवरी को पेश होने को कहा था।

## बेंगलुरु बना डब्ल्यूपीएल का नया चैंपियन

### दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से दी शिकस्त

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (एजेंसियां)। श्रेयंका पाटिल, सोफी मोलिन्यू और सोभना आशा की घातक गेंदबाजी के बाद एलिस पेरी नाबाद 35 रन और सोफी डिवाइन 32 रनों की पारी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु महिला ने रविवार को खेले गये विमेंस प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स महिला को आठ विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया है। 114 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिय 49 रन जोड़े। पहले विकेट के रूप में सोफी डिवाइन शिखा पांडे ने पगबाधा आउट किया। सोफी ने 27 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 32 रन बनाये। दूसरे विकेट के रूप में कप्तान स्मृति मंधाना 31 रन बनाकर आउट हुई। एलिस पेरी ने 37 गेंदों में चार चौकों की मदद से नाबाद 35 रनों की धैर्यपूर्ण पारी खेली और ऋचा घोष 17 रन पर नाबाद रही।

चुनाव | अन्नाद्रमुक ने एनडीए से अपना नाता तोड़ लिया था

## तमिलनाडु में गठबंधन को लेकर अन्नाद्रमुक असमंजस में

**चेन्नई,** 17 मार्च (एजेंसियां)। चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद भी, तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल अन्नाद्रमुक गठबंधन को लेकर असमंजस में है। 2019 का लोकसभा चुनाव और 2021 का विधानसभा चुनाव भाजपा के साथ मिलकर लड़ी अन्नाद्रमुक ने पिछले साल सितंबर में एनडीए से अपना नाता तोड़ लिया था।

पार्टी ने घोषणा की है कि वह एक बड़े गठबंधन के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। लेकिन अब तक 'पुथिया तमिलगम' और 'पुरथु भारतम' जैसी कुछ छोटी पार्टियों को छोड़कर, पार्टी के साथ चुनाव लड़ने के लिए कोई प्रमुख सहयोगी नहीं है। अन्नाद्रमुक के सूत्रों ने विश्वास जताया कि पार्टी शक्तिशाली वन्नियार समुदाय की राजनीतिक

- पीएमके व डीएमडीके अभी नहीं खोल रहे पत्ते



शाखा, पीएमके के साथ गठबंधन करेगी। लेकिन, पीएमके गठबंधन के लिए अन्नाद्रमुक और भाजपा को चुनने के बीच झूल रही है। पार्टी के संस्थापक नेता डॉ. एस रामदास और उनके बेटे व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अंबुमणि रामदास के बीच मतभेद की खबरें सामने आई हैं। डॉ. एस रामदास जहां अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन को प्राथमिकता दे रहे हैं, तो उनके बेटे अंबुमणि रामदास भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहते हैं। उधर, अन्नाद्रमुक दिवंगत तमिल सुपरस्टार विजयकांत द्वारा स्थापित पार्टी डीएमडीके के साथ भी नजदीकी बढ़ा रही है। पीएमके की तरह डीएमडीके भी बीजेपी के साथ बातचीत कर रही है। कहा जा रहा है कि पार्टी महासचिव और विजयकांत की पत्नी प्रेमलता विजयकांत एआईएडीएमके और पीएमके साथ सौदेबाजी कर रही हैं।

अन्नाद्रमुक के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पार्टी पीएमके और डीएमडीके दोनों के साथ गठबंधन करेगी।

तमिलनाडु में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए 20 मार्च से नामांकन शुरू होगा और 27 मार्च को इसकी आखिरी तारीख है। नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 30 मार्च है।

# देश

उवाच "युवा हमारी पार्टी की मुख्य संपत्ति हैं और नीति निर्माण एवं राजनीतिक निर्णयों में उनकी भागीदारी को हमारे समाज पर सकारात्मक प्रभाव लाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

–महबूबा मुफ्ती, पीडीपी की अध्यक्ष





| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 29.0 | 15.0 |
| मुंबई | 28.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 23.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 27.0 |

# इंडिया गठबंधन भाजपा की अहंकारी सत्ता का है जवाब : अखिलेश यादव

■ बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार व अन्याय को लेकर केंद्र सरकार को घेरा

**लखनऊ,** 17 मार्च (देशबन्धु)। सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अहंकारी सत्ता का जवाब समाजवादी पीडीए इंडिया गठबंधन है। उन्होंनें कहा कि सात चरणों में होने वाले चुनाव दुख, दर्द और दमन का प्रतीक बन चुकी भाजपा सरकार की सात चरणों में हो रही विदाई की रूपरेखा है। जनता इन सात चरणों के चुनाव में भाजपा को हराएगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के 10 वर्ष जनता के लिए परेशानी और यंत्रणा भरे रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार, अन्याय और अत्याचार सरकार का अभिन्न अंग बन गए हैं। पुलिस हिरासत में लोगों की मौतें हो रही हैं। महिलाएं और बच्चियां अपमानित और असुरक्षित हैं। डबल इंजन भाजपा सरकार में देश और प्रदेश का विकास नहीं हुआ।

**किसान या नौजवान सभी भाजपा सरकार में उपेक्षित**

अखिलेश यादव ने कहा कि किसान हो या नौजवान, सभी भाजपा सरकार में उपेक्षित हैं। किसान लगातार आंदोलित है। किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी नहीं दी जा रही है। एमएसपी की मांग कर रहे सैकड़ों किसानों की मौत हो चुकी है। भाजपा सरकार किसानों से बात करने के बजाय उनके रास्ते में कील कांटे लगा रही है। हर वर्ष 2 करोड़ नौकरी देने का वादा करने वाली भाजपा सरकार लोगों की नौकरी छीनने का काम कर रही है। अखिलेश यादव ने राहुल गांधी न्याय पर कहा कि यह यात्रा तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकेगी। प्रत्याशियों की फर्जी सूची वायरल होने पर समाजवादी पार्टी ने स्पष्ट किया है कि उसके आधिकारिक एक्स और फेसबुक पेज पर उपलब्ध सूची ही अधिकृत है।



सात चरणों में होने वाले चुनाव दुख, दर्द व दमन का प्रतीक बन चुकी भाजपा सरकार की विदाई की है रूपरेखा : अखिलेश यादव

इसके अलावा अन्य जो भी सूचियां सोशल मीडिया के जरिए वायरल हो रही हैं, वो फर्जी हैं। यहां बता दें कि रविवार को सपा की एक फर्जी सूची वायरल हुई, जिसमें पीलीभीत से वरुण गांधी, जौनपुर से धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह और मछलीशहर से रागनी सोनकर का नाम चल रहा था।

## इलेक्ट्रोराल बॉन्ड सबसे बड़ा भ्रष्टाचार : रामगोपाल यादव



इटावा। समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला करते हुए कहा है कि इलेक्ट्रोरल बॉन्ड का भ्रष्टाचार अगर दुनिया के किसी देश में होता तो सरकार चली जाती। इससे बड़ा भ्रष्टाचार दुनिया की किसी देश में नहीं हुआ है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि इससे बड़ा भ्रष्टाचार दुनिया की किसी देश में नहीं हुआ है। हम जो इस समय देख रहे हैं। लोगों को डरा कर धमका कर ईडी ने रेड किया फिर 400 करोड़ रुपए चंदा दे दिया, एक नहीं बहुत कंपनी हैं। टनल कंपनी ने 1500 करोड रुपए चंदा दे दिया, इससे बड़ा भ्रष्टाचार दुनिया की किसी देश में नहीं हुआ है, चंदा दिया कॉन्ट्रैक्ट मिल गया। दुनिया का यदि कोई दूसरा देश होता तो अभी तक सरकार चली गई होती। एक सवाल के जबाव में यादव ने कहा कि अभी कांग्रेस समाजवादी पार्टी और भाजपा ने सभी सीटों पर टिकट घोषित नहीं की है लेकिन भाजपा असत्य भाषण करके जनता को बहका रही है, जनता समझ चुकी है, सरकार के खिलाफ उत्तर प्रदेश में जबरदस्त आक्रोश है।

## कांतेश को टिकट नहीं मिलने के लिए जिम्मेदार नहीं : येदियुरप्पा

**शिवमोग्गा,** 17 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसदीय बोर्ड के सदस्य एवं वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा ने रविवार को कहा कि पार्टी नेता केएस ईश्वरप्पा के बेटे केई कांतेश को टिकट नहीं दिए जाने के लिए वह जिम्मेदार नहीं हैं। येदियुरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि टिकट वितरण का फैसला केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा किया जाता है, जिससे स्पष्ट है कि ईश्वरप्पा की धारणा गलत हो सकती है। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीदवारों को टिकट जारी नहीं करता हूं। संसदीय बोर्ड उम्मीदवारों पर निर्णय लेता है। मैं केवल सुझाव दे सकता हूं और केंद्रीय नेता निर्णय लेते हैं... मुझे नहीं पता कि कांतेश को हावेरी सीट से टिकट क्यों नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि ईश्वरप्पा भले ही नाराज हों, लेकिन वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में अवश्य शामिल होंगे। येदियुरप्पा ने पार्टी निर्माण में ईश्वरप्पा की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य के नेता उनसे संवाद करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्थिति में जल्द ही सुधार हो जाएगा। येदियुरप्पा ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य राज्य की सभी 28 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करना है। उन्होंने कहा कि 26 सीटों पर जीत पक्की है, 1-2 सीटों पर बदलाव संभव है। येदियुरप्पा ने शिवमोग्गा लोकसभा क्षेत्र से विजय का भरोसा जताते हुए कहा कि बस यह देखना बाकी है कि पार्टी कितने मतों से जीतती है।



## राहुल गांधी धर्मनिरपेक्षता को कर रहे हैं मजबूत : फारूक अब्दुल्ला

**मुंबई,** 17 मार्च (एजेंसियां)। रविवार को मुंबई में मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक न्याय संकल्प पदयात्रा आयोजित की गई। इसमें नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला सहित कई विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता शामिल हुए। मीडिया से रूबरू होते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि राहुल गांधी पहले उत्तर से दक्षिण तक यात्रा की और बर्फबारी के दौरान कश्मीर पहुंचे। अब, वह पूर्व से यात्रा कर पश्चिम में पहुंचे हैं। वह देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र और परंपरा को एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई तक 6,700 किलोमीटर से ज्यादा की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि किसानों, महिलाओं, बेरोजगारों, युवाओं को न्याय दिलाने के लिए यह शुरुआत है। हमें भरोसा है कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया पूर्व बहुमत हासिल करेगा और देश और राज्यों में अपनी सरकार बनाएगा। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गई है। न्याय यात्रा अभी समाप्त नहीं हुई है, राहुल गांधी ने कहा है कि जब तक देश के सभी जाति के लोगों को न्याय नहीं दिला सकेंगे तब यह लड़ाई जारी रहेगी। वहीं लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान पर कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, इन चुनावों में लोग महंगाई, बेरोजगारी, चुनावी बॉन्ड का इस्तेमाल करके पूंजीपतियों को संस्थागत करने जैसे मुद्दों पर फोकस करेंगे। मुझे उम्मीद है कि लोग इन मुद्दों पर विचार करते हुए फैसला लेंगे। कांग्रेस नेता चरण सिंह सपरा ने बताया कि यहां से विपक्षी गठबंधन का एक चुनावी बिगुल बजेगा। शुक्रवार को चुनावों की घोषणा हुई है। कांग्रेस पार्टी ने 25 घोषणाएं की है जिसे हम आगे जाकर अपने घोषणा पत्र में शामिल करेंगे।



### 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई थी न्याय यात्रा

राहुल गांधी ने 14 जनवरी को मणिपुर से न्याय यात्रा शुरू की थी। राहुल भारत के 15 राज्यों, 110 जिलों, 100 लोकसभा सीटों और 337 विधानसभा से होते हुए मुंबई पहुंचे। यात्रा के दौरान राहुल गांधी करीब 6700 किमी का सफर तय किया। हालांकि, इस बार उन्होंने बस और पैदल दोनों तरीके से यात्रा की है।

## सार संक्षेप

### एनआईए ने दो आरोपियों के खिलाफ किया आरोप पत्र दायर

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में मुठभेड़ मामले में दो आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। एनआईए सूत्रों ने बताया कि यह घटना 13 सितम्बर, 2023 की रात की है, जब वरिष्ठ अधिकारी कोकेरनाग के गडोले जंगल में संदिग्ध ठिकाने के पास पहुंचे थे और छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी थी। भीषण गोलीबारी के कारण सेना के कर्नल,मेजर, जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक उपाधीक्षक शहीद हो गए। शुरुआती गोलीबारी के दौरान एक अन्य सैनिक भी घायल हो गए व ऑपरेशन के तीसरे दिन उनका पार्थिव शरीर मिला।

### गुजरात के कच्छ में आया भूकंप, 3.3 रही तीव्रता

**नई दिल्ली।** गुजरात के कच्छ में शनिवार देर रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। इंस्टीट्यूट ऑफ सीस्मोलॉजिकल रिसर्च के मुताबिक, इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.3 दर्ज हुई है। भूकंप के झटके रात को करीब 12.12 मिनट पर आए। इनका केंद्र खावड़ा के पूर्व-दक्षिण में 22 किमी दूर रहा। अधिकारियों का कहना है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### सारण में ट्रेन से कटकर दो लोगों की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा जंक्शन-मांझी रेलखंड पर अलग-अलग घटनाओं में एक महिला समेत दो लोगों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। छपरा जंक्शन राजकीय रेल थाना पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छपरा-मांझी रेलखंड के मांझी स्टेशन के समीप ट्रेन से कटकर 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में छपरा जंक्शन के पश्चिम रेलवे गुमटी संख्या 50-51 के मध्य में ट्रेन से कटकर एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकार के अनुसार मृतक महिला की उम्र करीब 65 वर्ष है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### गोवा में ट्रक के घाटी में गिरने से व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण गोवा जिले में एक ट्रक के घाटी में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, पांच बच्चों समेत 13 लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, हादसा शनिवार रात को क्यूपेम नगर में हुआ। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और समाज कल्याण मंत्री सुभाष पी. देसाई चुनाव प्रचार के बाद इसी मार्ग से गुजर रहे थे और वे भी स्थानीय लोगों के साथ बचाव कार्य में शामिल हो गए।

## भाजपा की एक भी गारंटी नहीं हुई पूरी : कांग्रेस

**भोपाल,** 17 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भारतीय जनता पार्टी पर एक भी गारंटी पूरी नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की 2014 से 2023 तक कोई भी गारंटी पूरी नहीं हुई है एवं इसी कारण जनता आशा भरी निगाहों से कांग्रेस की ओर देख रही है। पटवारी ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ नारे देते थे, उसके विपरीत इलेक्ट्रोरल बॉन्ड्स के जरिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जो खुलासे हुए हैं, उससे प्रतीत होता है कि यह भाजपा का वैधानिक भ्रष्टाचार का उदाहरण है। भाजपा को जिन लोगों ने जो चंदा दिया है, उस सब पर चर्चा होनी चाहिए। चुनावी बांड घोटाला स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा घोटाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लोगों को कई जनहित वाले कानून दिए और भाजपा ने इन कानूनों को पंगु बना दिया कांग्रेस किसानों को एमएसपी का अधिकार देगी।



■ इलेक्ट्रोरल बॉन्ड को लेकर भाजपा पर बोला हमला

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की कोई भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। यही कारण है कि इस बार जनता कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश में प्रदेश सरकार ने आचार संहिता लगने के पहले तक तबादले किए, परंतु उसके बाद भी कई विभागों में अधिकारी नहीं हैं। प्रभार के आधार पर व्यवस्थाएं चल रही हैं।

## तमिलनाडु के हितों की अनदेखी कर रहा केंद्र : स्टालिन

■ मछुआरों की गिरफ्तारी पर मोदी की चुप्पी पर उठाया सवाल

**चेन्नई,** 17 मार्च (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्य के मछुआरों की गिरफ्तारी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए उनके उन आरोपों को सफेद झूठ करार दिया है कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम् (द्रमुक) और कांग्रेस की ओर से संयुक्त रूप से किए गए पापों के कारण श्रीलंकाई नौसेना मछुआरों पर हमले करती है तथा उन्होंने गिरफ्तार करती है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि भाजपा सरकार तमिलनाडु के हितों की अनदेखी कर रही है और जब लोगों ने मोदी से उन विशेष कार्यक्रमों की सूची मांगी, जो उनकी सरकार ने तमिलनाडु के कल्याण के लिए लागू किए हैं, तो उनके पास कोई जवाब नहीं था। स्टालिन ने रविवार को कहा कि द्रमुक के कड़े विरोध के बावजूद कच्चातिवू द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया गया। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पूछा, खुद को विश्वगुरु कहने वाले प्रधानमंत्री मौन गुरु क्यों बने हुए हैं प्रधानमंत्री ने बिना किसी हिचकिचाहट के झूठ बोला है। तमिलनाडु के लोग सच्चाई जानते हैं।



द्रमुक के कड़े विरोध के बावजूद कच्चातिवू द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया गया : एमके स्टालिन

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि वह मोदी से यह जानना चाहते हैं कि पिछले 10 वर्ष में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार ने कच्चातिवू द्वीप को वापस हासिल करने के लिए क्या कदम उठाए हैं और वह श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों की बार-बार गिरफ्तारी और उन पर किए जा रहे अत्याचारों को रोकने में क्यों विफल रही है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पर श्रीलंकाई सरकार पर अडाणी समूह के व्यापारिक हितों को बढ़ावा देने का दबाव डालने का आरोप लगाया और सवाल उठाया कि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु के मछुआरों के मछली पकड़ने के पारंपरिक अधिकार की रक्षा के लिए आवाज क्यों नहीं उठाई।

### भाजपा का मुखौटा उतारने का समय आ गया है

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि मछुआरे अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए द्रमुक पर कीचड़ उछालने वाली भाजपा सरकार के हास्यास्पद नाटक का पर्दाफाश करेंगे, उसका मुखौटा उतारने का समय आ गया है। उन्होंने पूछा, क्या प्रधानमंत्री इतने मासूम हैं कि उन्होंने विश्वास कर लिया कि एक राज्य सरकार देश का एक हिस्सा दूसरे देश को दे सकती है। भाजपा ने पिछले 10 वर्ष में कच्चातिवू को पुनः प्राप्त करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए पूछा कि भाजपा सरकार श्रीलंकाई नौसेना के हाथों तमिल मछुआरों की गिरफ्तारी और उन पर किए जा रहे अत्याचार को रोकने में क्यों विफल रही। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि दूसरी बार वही अपराध करने पर मछुआरों को जेल भेजने की प्रक्रिया तभी शुरू की गई थी, जब भाजपा सत्ता में थी और उसने इसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया था।

## तख्ता पलट करने की साजिश विफल करने को लेने होंगे कड़े फैसले : रेवंत

**हैदराबाद,** 17 मार्च (एजेंसियां)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तख्ता पलट की साजिश का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि उन्हें इसे विफल करने के लिए कुछ कड़े फैसले लेने होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही उन्होंने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अपनी राजनीतिक भूमिका शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि आज से मैंने राजनीतिक भूमिका निभानी शुरू कर दी है। चूंकि चुनावी बिगुल बज चुका है, मैं अब राजनीतिक दल के अध्यक्ष के रूप में अपनी राजनीतिक भूमिका दिखाऊंगा। प्रेस से मिलें कार्यक्रम में उनकी टिप्पणी बीआरएस के एक मौजूदा सांसद और एक मौजूदा विधायक के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से कुछ मिनट पहले आई थी।



■ बीआरएस व भाजपा पर लगाया तख्ता पलट की साजिश का आरोप

मुख्यमंत्री के रूप में रविवार को 100 दिन पूरे करने वाले रेवंत रेड्डी ने कहा कि बीआरएस और भाजपा दोनों के नेता उनकी सरकार के भविष्य पर एक ही भाषा बोल रहे हैं। भाजपा सांसद लक्ष्मण की भविष्यवाणी कि लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस सरकार गिर जाएगी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बीआरएस नेता कादियाम श्रीहरि ने भी पहले इसी तरह का बयान दिया था।

### निजाम की तरह केसीआर ने निरंकुश तरीके से काम किया

केसीआर के दस साल के शासन की तुलना निज़ाम के शासन से करते हुए रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि निज़ाम की तरह केसीआर ने भी निरंकुश तरीके से काम किया। उन्होंने कहा कि 3 दिसंबर 2023 (जब विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित हुए) का महत्व 17 सितंबर, 1948 के समान है, जब हैदराबाद राज्य को निज़ाम के शासन से मुक्ति मिली थी।

## मणिपुर में लाइसेंसी बंदूक जमा कराने का निर्देश

**मणिपुर,** 17 मार्च (एजेंसियां)। निर्वाचन आयोग के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद मणिपुर में जिलाधिकारियों ने एक आदेश जारी कर लाइसेंसी हथियार रखने वाले लोगों को नजदीकी पुलिस थानों में अपने हथियार जमा कराने का आदेश दिया है। थौबल के जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, थौबल जिले के सभी लाइसेंस धारक 18वें आम चुनाव के शांतिपूर्ण आयोजन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने लाइसेंसी हथियार और कारतूस 23 मार्च से पहले नजदीकी पुलिस थानों में जमा कराएं, ऐसा नहीं करने पर जिला पुलिस प्रशासन उनके लाइसेंसी हथियार जब्त कर लेगा। बहरहाल, ये आदेश उन लोगों पर लागू नहीं होंगे जो ''लंबे समय से चले आ रहे कानूनों, रीति-रिवाज और उपयोग के आधार पर हथियार प्रदर्शन के हकदार हैं।'' साथ ही राष्ट्रीयकृत/निजी बैंकों पर भी यह आदेश लागू नहीं होगा।

## लोस चुनाव के लिए की जाएगी सुरक्षा बलों की बेहतर तैनाती : स्वैन

### उम्मीदवारों व मतदाताओं को देना है सुरक्षित माहौल

**जम्मू,** 17 मार्च (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर.आर. स्वैन ने रविवार को कहा कि यूटी प्रशासन लोकसभा चुनाव के लिए जरूरी सुरक्षा कर्मियों की संख्या को लेकर केंद्र सरकार के संपर्क में है। लोकसभा चुनाव के लिए सुरक्षाबलों की बेहतर तैनाती की जाएगी।

डीजीपी ने डोडा जिले में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीदवारों और मतदाताओं को एक सुरक्षित माहौल और समान अवसर देना है। हम सुरक्षाबलों की जरूरत पर केंद्र सरकार के संपर्क में हैं। उन्होंने शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सुरक्षित वातावरण देने लिए सुरक्षाबलों के समुचित उपयोग का आश्वासन दिया है। डीजीपी से पत्रकारों ने सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद कब खत्म होगा, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि कोई सटीक समय-सीमा या निश्चित तारीख नहीं बता सकते कि यह कब खत्म होगा।



हम व्यापक नीति और रोडमैप का पालन कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि एसपीओ, पुलिस परिवार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव ध्यान रखा जाएगा।

तैयारी | *पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान को लेकर तैयारियां तेज*

# सीएपीएफ की 250 कंपनियों की शुरुआत से बढ़ेगी तैनाती

**कोलकाता, 17 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव सात चरणों में होंगे। पहले चरण में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 250 कंपनियों की तैनाती की जाएगी। इसके बाद के चरणों में तैनाती और बढ़ाई जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), पश्चिम बंगाल ने ये बात कही है। पश्चिम बंगाल के सीईओ कार्यालय के एक।**

वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि 19 अप्रैल को पहले चरण में उत्तर बंगाल में सिर्फ तीन लोकसभा क्षेत्रों में मतदान है। इसके लिए 250 कंपनियों को तैनात किया जाएगा, बाद के चरणों में तैनाती धीरे-धीरे बढ़ाई जाएगी और अधिकतम तैनाती सातवें और आखिरी चरण में होगी। उन्होंने कहा कि अभी सातवें चरण में सटीक तैनाती के बारे में नहीं कहा जा सकता, लेकिन संभव है कि यह 900 से ज्यादा कंपनियों की होगी। भारत निर्वाचन आयोग ने पहले ही पश्चिम बंगाल में चुनाव के लिए सीएपीएफ की 920 कंपनियों की तैनाती का प्रस्ताव दिया है जो सभी भारतीय राज्यों में सबसे अधिक है। पश्चिम बंगाल के सीईओ आरिज आफताब के अनुसार, पिछले मतदान रिकॉर्ड के आधार पर देखा जा रहा है कि किस पोलिंग बूथ पर तैनाती की कितनी जरूरत है। सीएपीएफ की 250 कंपनियों को पहले चरण में 19 अप्रैल को उत्तरी बंगाल के तीन निर्वाचन क्षेत्रों कूच बिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी के लिए तैनात किया जाएगा।



■ पहले चरण में उत्तर बंगाल में तीन लोकसभा क्षेत्रों में होगा मतदान

■ चुनाव के लिए सीएपीएफ की 920 कंपनियों की तैनाती का है प्रस्ताव

यह दिखाता है कि आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कितना प्रतिबद्ध है। कूचबिहार के कुछ पॉकेट्स को छोड़कर, इन तीन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल मिलाकर शांतिपूर्ण चुनावों का पिछला रिकॉर्ड है। फिर भी, पहले चरण में 250 कंपनियों को यह संदेश देने के लिए तैनात किया गया है कि मतदान के दिन कोई भी गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पिछले रिकॉर्ड के अनुसार, इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र शामिल हैं जिनमें बशीरहाट के अंतर्गत संदेशखाली, जादवपुर के भांगर, मथुरापुर के मगराहाट पश्चिम, बसंती, कैनिंग पुरबा, जयनगर के कैनिंग पश्चिम और मगराहाट पुरबा और डायमंड हार्बर के अंतर्गत मेटिज़बुरुज़ हैं। इस चरण में सीएपीएफ की तैनाती सबसे ज्यादा होगी। इसी तरह, 1 जून को सातवें चरण में अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों की संख्या कहीं अधिक है, जब दक्षिण बंगाल के नौ निर्वाचन क्षेत्र कोलकाता (दक्षिण), कोलकाता (उत्तर), जादवपुर, जयनगर, बशीरहाट, बारासात, मथुरापुर, डायमंड हार्बर और दमदम में मतदान होगा।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

मरीज : डॉक्टर साहब मैं घर जाने के लिए सीढ़ियां चढ़ता हूं, तो रोजाना मेरी सांस फूलने लगता है।

डॉक्टर : मैं कुछ दवाई दे रहा हूं, उन्हें समय पर खाना और रोजाना व्यायाम करना।

मरीज : डॉक्टर साहब मैं रोज फुटबाल और क्रिकेट खेलता हूं।

डॉक्टर : कब और कितनी देर खेलते हो।

# कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना भाजपा की ईडी ने केजरीवाल को दोबारा समन भेजा : आतिशी

**■ 'आप' नेता ने पीएम मोदी पर लगाए गंभीर आरोप**

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (देशबन्धु)। आप संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कल राउज एवेन्यू कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। कोर्ट द्वारा उन्हें जमानत दे दी गई। और अब आगे ईडी के समन के लीगलिटी पर कोर्ट में बहस होगी। लेकिन कोर्ट के फ़ैसले का इंतज़ार किए बिना भाजपा की ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तथातकथित शराब घोटाले के साथ-साथ जल बोर्ड के फर्जी मामले में भी समन भेज दिया ये कहना है आप नेता आतिशी का।

इस बाबत प्रेस कॉफ्रेंस के माध्यम से साझा करते हुए वरिष्ठ आप नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार करने का मोदी का मक़सद एक्साइज पॉलिसी के फर्जी केस में पूरा नहीं हो रहा तो नया फ़र्जी केस तैयार करवा दिया गया है। एक ऐसा मामला जिसमें जांच क्या चल रही है? क्या तथाकथित घोटाला हुआ है? जो शत प्रतिशत फर्जी है उसमें भी केजरीवाल को समन भेजा गया है। क्योंकि पीएम मोदी और उनके गुंडे ईडी को क़ानूनी प्रक्रिया से कोई मतलब नहीं, उनका एकमात्र मक़सद अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार कर चुनाव में प्रचार करने से रोकना है। आतिशी ने कहा कि आज के समय ईडी और सीबीआई मोदी के दो गुंडे बनकर रह गए है, जो उनका विरोध करता है, ईडी-सीबीआई उसके पीछे पड़ जाते है। उन्होंने कहा कि, ईडी-सीबीआई-इनकम टैक्स डिपार्टमेंट मोदी के गुंडे है, वो सिर्फ़ मोदी के विरोधियों को ख़त्म करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे है। मोदी के इन गुंडों ने एक एक कर के विपक्ष की पार्टियों को टारगेट किया।




**पीएम मोदी और उनके गुंडे ईडी को क़ानूनी प्रक्रिया से कोई मतलब नहीं, उनका एकमात्र मक़सद केजरीवाल को प्रचार करने से रोकना है : आतिशी**

इलेक्टोरल बांड मामले में भी साफ़ कि पहले ईडी-सीबीआई-आईटी मिलकर एक वसूली रैकेट चला रहे थे। और अब लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अब मोदी अपने गुंडे ईडी के माध्यम से अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार करना चाहते है। आप नेता आतिशी ने कहा कि कल अरविंद केजरीवाल व्यक्तिगत रूप से राउज़ एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने तीन सप्ताह पहले कोर्ट को कहा था कि, जैसे ही बजट सत्र ख़त्म होगा, उसके तुरंत बाद वो कोर्ट के सामने पेश होंगे। क्योंकि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल क़ानूनी प्रक्रिया का पालन करते है, इसलिए कल तय तारीख़ पर अरविंद केजरीवाल कोर्ट गए।और भाजपा के सभी नेताओं को जबाव दे दिया जो बार बार कह रहे थे कि अरविंद केजरीवाल कोर्ट से भाग रहे है, ईडी से भाग रहे है। कल केजरीवाल ने इन सबका मुंह बंद कर दिया।

## आज पूरी आम आदमी पार्टी बौखलाई हुई है : भाजपा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक अभय वर्मा और मीडिया प्रमुख एवं प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि आज पूरी आम आदमी पार्टी बौखलाई हुई है। जैसे जैसे कानून का हाथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर बढ़ रहे है वैसे वैसे आम आदमी पार्टी के नेता अपना राजनीतिक संतुलन खोते जा रहे हैं।

भाजपा नेताओं ने कहा है की आप विधायक दिलीप पांडेय का कहना की भाजपा एवं ईडी डिप्रेशन में हैं उनकी हताशा को दर्शाता है और यह कहना अतिश्योक्ति ना होगा की ना ईडी ना भाजपा जनता देख रही है असल में आम आदमी पार्टी डिप्रेशन में है। भाजपा नेताओं ने कहा है की दिलिप पांडेय यह समझ लें की अरविंद केजरीवाल के कल कोर्ट से जमानत लेकर स्थापित कर दिया की उन्होने ईडी के समक्ष पेश ना होकर गलती की थी। दिलीप पांडेय का यह कहना हास्यास्पद है की केजरीवाल ने तो पहले कहा था विधानसभा सत्र के बाद पेश हो जाऊंगा। पांडेय को समझना चाहिए की हर अभियुक्त को जांच एजेंसी के सम्मन पर पेश होना होता है अपनी सुविधा की डेट नही बतानी होती है।

## ईडी के नौवें नोटिस पर बीजेपी का आप पर हमला, कहा

# मुख्यमंत्री जब सच्चे हैं तो दें जवाब

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने एक बार फिर समन भेजा है। यह 9वीं बार है जब केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है। उन्हें 21 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया है। पिछले समन पर पेश नहीं होने के मामले में उन्हें शनिवार को ही दिल्ली की एक अदालत से जमानत मिली है। इसको लेकर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए केंद्र सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि सब कुछ केंद्र सरकार के इशारे पर हो रहा है। वहीं मंत्री आतिशी के आरोपों का जवाब देते हुए दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी अपने प्रतिक्रिया दी है।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि जब आपने कुछ किया नहीं है तो फिर आप लोगों को डर क्यों लग रहा है? वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि ईडी के समन का चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है दिल्ली के मुख्यमंत्री को पहले से ही नोटिस भेजे जा रहे हैं। लेकिन वो पेश नहीं हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को केंद्रीय एजेंसी ने पहला समन 2 नवंबर 2023 को भेजा था लेकिन वह पेश नहीं हुए। इसके बाद एजेंसी ने उन्हें 21 नवंबर, 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 19 फरवरी, 26 फरवरी और 4 मार्च को समन भेजा था। सीएम केजरीवाल किसी भी समन पर पेश नहीं हुए और केंद्र सरकार पर एजेंसी के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया। सबको पता है कि अगर शराब आबकारी नीति इतनी ही अच्छी थी तो आपने उसे बदला क्यों,शराब आबकारी नीति तो छोटा घोटाला है उससे भी बड़ा घोटाला दिल्ली जल बोर्ड में हुआ है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता सब जानती है कि किस प्रकार से शराब आबकारी घोटाला आम आदमी पार्टी ने किया है जिसके मुखिया दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल है। इस मामले में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री जेल में बंद है।



**दिल्ली के मुख्यमंत्री को पहले से ही नोटिस भेजे जा रहे हैं, लेकिन वो पेश नहीं हो रहे हैं : वीरेंद्र सचदेवा**

## सार संक्षेप

### बीएनआई 4एम को सशक्त बनाने की पहल




**नई दिल्ली।** बीएनआई द्वारा आयोजित और गौरव भगत अकादमी जीबीए द्वारा प्रायोजित 4एम 2024 का 8वां संस्करण द ओराना गुरुग्राम में आयोजित किया गया। उद्घाटन दिवस पर प्रतिष्ठित मुख्य वक्ताओं और दिग्गजों का स्वागत किया गया। जिससे विचारोत्तेजक चर्चाएं शुरु हुईं और एसएमई पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर मूल्यवान संबंधों का पोषण हुआ। 2000 से अधिक व्यापारिक आगंतुकों की उपस्थिति के साथ, इस कार्यक्रम में 120 प्रदर्शकों ने भाग लिया, जिनमें से प्रत्येक ने भारत भर की अग्रणी कंपनियों की उत्कृष्ट पेशकशें प्रदर्शित कीं। 4एम के इस संस्करण का लक्ष्य छोटा था। इस अवसर पर द गौरव भगत अकादमी के संस्थापक और बीएनआई के निदेशक सलाहकार, गौरव भगत ने कहा कि गौरव भगत अकादमी अपने मूल्यों और संस्कृति के अनुरूप, बीएनआई गुड़गांव के 4एम कार्यक्रम को गर्व से प्रायोजित करती है। बीएनआई के वैश्विक ट्रैक रिकॉर्ड और बिक्री प्रशिक्षण, कोचिंग और सलाह में जीबीए की विशेषज्ञता के साथ, साझेदारी पारस्परिक विकास का वादा करती है। 2,000 से अधिक उपस्थित लोगों की आशा करते हुए, हम अपनी सफलताओं और आगामी कार्यक्रमों का प्रदर्शन करेंगे, जिससे बीएनआई गुड़गांव और जीबीए के बीच दीर्घकालिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

### सत्येन्द्र जैन की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर सोमवार को अपना फैसला सुनाएगा। इस साल जनवरी में, न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ ने जैन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी व प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू की दलीलें सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ में न्यायमूर्ति पंकज मिथल भी शामिल हैं। पीठ मामले के अन्य आरोपियों अंकुश जैन और वैभव जैन की याचिका पर भी फैसला सुनाएगी। सत्येन्द्र जैन फिलहाल अंतरिम मेडिकल जमानत पर बाहर हैं। शीर्ष अदालत ने जैन को पिछले साल मई में छह सप्ताह के लिए अंतरिम राहत दी थी, लेकिन समय-समय पर इसे बढ़ाया जाता रहा। आप नेता ने उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया था।

### युवक की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला

**नई दिल्ली।** जगतपुरी इलाके में रुपये देने से मना करने पर एक बदमाश ने युवक की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से उत्तर प्रदेश के फतेहपुर निवासी 24 वर्षीय राहुल गुप्ता परिवार के साथ जगतपुरी के वेस्ट चंदर नगर में रहता है। वह रोहिणी सेक्टर-11 में मोबाइल की दुकान पर काम करता है। शनिवार को उसके दोस्त के यहां एक कार्यक्रम था। देर रात करीब 12.15 बजे राहुल पैदल ही अपने घर लौट रहा था। इस बीच हजारा पार्क में आरोपी आकाश चौधरी ने उसे रोक लिया और रुपया मांगने लगा। मना करने पर आरोपी ने धारदार हथियार से पीड़ित की गर्दन पर हमला कर दिया और फरार हो गया। आसपास के लोगों ने मामले की सूचना राहुल के परिवार को दी। बाद में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूछताछ के दौरान घायल ने बताया कि आरोपी ने पहले भी उसके साथ लूटपाट की थी।

# पीएम मोदी ने मंत्रियों से मांगा 100 दिन का एक्शन प्लान

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनावों की घोषणा के एक दिन बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें उन्होंने अपने मंत्रियों को नई सरकार के अगले 100 दिनों के लिए एक कार्य योजना और अगले पांच वर्षों के लिए एक रोडमैप तैयार करने का निर्देश दिया। पीएम मोदी ने मंत्रीयों से कहा कि वह अपने अधिकारियों-सचिव से अपने मंत्रालय के नई सरकार के गठन के पहले 100 दिन और अगले 5 वर्ष का रोडमैप तैयार करें। प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में कहा कि यही सरकार फिर से सत्ता में आ रही है, इसलिए विकास के काम लगातार जारी रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद कैसे पहले 100 दिन एवं 5 साल के एजेंडा का बेहतर इंप्लीमेंटेशन हो, इसका भी रोडमैप-खाका तैयार करें। बैठक के दौरान, पीएम मोदी ने अपने मंत्रियों को पांच साल के व्यापक रोडमैप के साथ अगले 100 दिनों के लिए प्रमुख पहलों और डिलिवरेबल्स की रूपरेखा तैयार करने का काम भी सौंपा। सरकार की प्राथमिकताओं पर केंद्रित ये दस्तावेज़ कैबिनेट सचिवालय को सौंपे जाने हैं।



**यही सरकार फिर से सत्ता में आ रही है, इसलिए विकास के काम लगातार जारी रहने चाहिए : पीएम मोदी**

# वीर सैनिकों की बहादुरी व शहादत से ही देश की सीमाएं सुरक्षित : सोलंकी

**■ अमर शहीद शिव कुमार हवलदार की प्रतिमा का किया अनावरण**

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (देशबन्धु)। बुधवार को दिल्ली के दौराला गांव में पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने अमर शहीद शिव कुमार हवलदार की प्रतिमा का अनावरण किया। आपको बता दें कि हवलदार शिव कुमार देश के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए 3 वर्ष पूर्व शहीद हो गए थे। उस समय ही हवलदार शिव कुमार के परिवार के साथ दौराला गांव की पंचायत चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी से मिली थी, तभी सोलंकी ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को आश्वासन दिलाया था कि अमर शहीद शिव कुमार की मूर्ति गांव में ही स्थापित की जाएगी और आदर सम्मान के साथ प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। चाहें इसके सरकार से जो लड़ाई लड़नी पड़े लड़ेंगे।

आज़ इस मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के दौरान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा है कि हमारे देश के लिए वीरों ने हमेशा ही शहादत दी है जिससे हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। हमें अपने वीरों की शहादत पर गर्व है। उन्होंने कहा कि किसान परिवार से आने वाले मां भारती के सच्चे सपूत अमर शहीद हवलदार शिव कुमार बेहद ही अच्छे और नेक इंसान थे। गरीब परिवार से होते हुए भी उन्होंने अपनी मेहनत और लगन के दम पर ये सफलता का मुकाम हासिल किया था। ये उनकी सच्ची देशभक्ति का ही जज्बा था कि उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना देश की सुरक्षा में अपने प्राणों का बलिदान दे दिया।

चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि शहीद शिव कुमार हवलदार के परिवार को हर संभव आर्थिक सहायता प्रदान किया जाए और उनके परिवार के भविष्य को सुरक्षित किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि शिवकुमार पूरे दिल्ली देहात और देश के गौरव हैं, उनकी देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगी। हम पालम-360 और पूरे दिल्ली देहात की ओर से उनकी शहादात को नमन करते हैं। इस दौरान अजीत सिंह, मुकेश, सतीश, हरीश , टायसन प्रधान,राजकुमार और नरेन्द्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**मां भारती के सच्चे सपूत शहीद हवलदार शिव कुमार बेहद ही अच्छे व नेक इंसान थे : चौधरी सुरेंद्र सोलंकी**

# गुरु हनुमान की जन्मजयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**■ कार्यक्रम में देश व दिल्ली के सभी नामी-गिरामी पहलवान हुए शामिल**

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (देशबन्धु)। बिरला व्यायाम शाला गुरु हनुमान अखाड़े में स्वर्गीय गुरु हनुमान जी की 124वीं जन्म जयंती के अवसर पर हवन एवं भंडारे के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूर्व महापौर जय प्रकाश ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

जयप्रकाश पूर्व महापौर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु हनुमान जी की जन्म जयंती को उनके सभी शिष्यों ने बड़ी धूमधाम से मनाया जिसमें देश एवं दिल्ली के सभी नामी गिरामी पहलवान शामिल हुए।

कार्यक्रम में महाबली पहलवान सतपाल राव महा सिंह अंतरराष्ट्रीय कोच, सिल्लू पहलवान अखाड़े के संयोजक, राजीव तोमर पूर्व ओलंपियन एवं विनीत विधूड़ी सहित आशु छावड़ी और रितेश छावड़ी भी शामिल हुए। हर वर्ष गुरु हनुमान जी के जन्मोत्सव पर उनका माल्यार्पण करके कुश्ती जगत में उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद किया जाता है एवं सभी पहलवान ओलंपिक सहित सभी कुश्ती प्रतियोगिताओं में पदक लाने का संकल्प लेते हैं। जयप्रकाश ने बताया कि देश में जब से नरेंद्र मोदी की सरकार आई है खेलों को बहुत बढ़ावा दिया जा रहा है एवं सभी खिलाड़ियों को सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

खेलो इंडिया फिट इंडिया जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से सभी खिलाड़ियों को नए-नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। सभी खिलाड़ियों ने देश के




## ग्रामीण क्षेत्र में परिवहन सेवाओं पर ध्यान नहीं दे रही सरकार

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के ग्रामीणा क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन सेवाओं पर दिल्ली सरकार की डीटीसी, डिम्ट्स कंपनियां ध्यान नहीं दे रही हैं जिसके चलते बड़ी संख्या में हर दिन यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चौगामा विकास समिति के महासचिव विजेंद्र सिंह डबास ने बताया कि सरकार और प्रशासन को बार-बार अवगत कराने के बाद भी दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में बसों को मनमाने तरीके से संचालित किया जा रहा है। वहीं, नरेला क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि एनएच 44 पर सिंघू बॉर्डर, सिंघोला गांव के निकट फ्लाईओवर बनने के बाद वहां बस रूट बोर्ड, बस स्टैंड आदि नहीं लगाए गए हैं जिसके चलते डिम्ट्स की बसें मनमाने रूप से रोकी जाती है। कई चालक बसों को रोक देते हैं ।

# भाकियू मंच ने किया संगठन विस्तार

**■ कार्यक्रम में सैकड़ों किसान हुए शामिल**

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (देशबन्धु)। भाकियू मंच की पंचायत की अध्यक्षता बाबा बेदराम चौहान ने की और मंच का संचालन दानिश शैफी ने किया। भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान एवं सभी पदाधिकारियों का गांव असगरपुर सेक्टर -128 नौएडा में चौधरी पाला प्रधान के आवास पर फूलमाला व पगड़ी पहना कर भव्य स्वागत किया गया भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने चौधरी पाला प्रधान को भारतीय किसान यूनियन मंच का संरक्षक और चौधरी ओमवीर नेता राष्ट्रीय सचिव भारतीय किसान यूनियन मंच बनाया और बरौला निवासी गजेंद्र बैसौया को मेरठ मंडल अध्यक्ष नियुक्ति किया।

भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि नोएडा प्राधिकरण सभी किसानों को वर्ष 1997 से 64.7 मुवावजा ओर 10 प्रतिशत के विकसित भूखंड, नोएडा के सभी 81 गांव के किसानों की आबादी को 450 मीटर से एक हजार मीटर करते हुए संपूर्ण समाधान करें ,और 1976 से वर्ष 1997 तक के सभी किसानों को कोटा स्कीम के प्लॉट आवंटित करें भारतीय किसान यूनियन मंच के नवनियुक्त संरक्षक चौधरी पाला प्रधान ने कहा कि मैं पूरे तन मन धन से भारतीय किसान यूनियन मंच के साथ मिलकर आजीवन भर क्षेत्र और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करता रहूंगा।

भारतीय किसान यूनियन मंच के नव नियुक्त राष्ट्रीय सचिव चौधरी ओमवीर नेता ने कहा कि मैं भारतीय किसान यूनियन मंच की आशा और नीति पर खरे उतरने का पूरा प्रयास करूंगा और पूरी ईमानदारी के साथ संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करुंगा।

इस अवसर पर संरक्षक सुरेंद्र प्रधान,चरन सिंह प्रधान,राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान, रिंकू यादव ,चौधरी संजय अवाना, विजय चौहान, मौहम्मद हरीश खान, शाहिद सैफी, चौधरी हरेंद्र अवाना, मुख्तियार खान, चौधरी सुंदर अवाना, गौतम चौहान, फूल चौहान , राकेश चौहान ,चौधरी गिरिराज अवाना, अयूब खान, संजय खान,चौधरी श्यामे अवाना, वाहिद खान, रहीसुद्दीन खान, बाबा जगबीर अवाना, शब्बीर खान, चौधरी लाल तवर, चौधरी ओमवीर तवर, सुखपाल चौहान, ओम चौहान, सुरेश चौहान, राकेश चौहान, प्रधान सनी चौहान, चौधरी विक्रम अवाना,मूले चौहान फूल कुमार चौहान ,आशीष चौहान, मुनेश प्रधान, गौतम चौहान, विमल त्यागी, रोहित शर्मा, गजेंद्र बैसोया ,अमन चौहान,लोकेश चौहान आदि सैकड़ो किसान भारतीय किसान यूनियन मंच में शामिल हुई।



**मैं भारतीय किसान यूनियन मंच के साथ मिलकर आजीवन क्षेत्र व किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करता रहूंगा : चौधरी पाला प्रधान**

# सुरीत इवेंट्स फाउंडेशन ट्रस्ट ने शाइन शक्ति नेशनल अवार्ड का किया आयोजन

**■ स्लम के बच्चों को ट्राफी और सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित**

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (देशबन्धु)। पश्चिमी दिल्ली के तिलक विहार स्थित सुरीत इवेंट्स फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा शाइन शक्ति नेशनल अवार्ड 'एक मिशन एक चैरिटी स्लम एरिया' का आयोजन ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष रश्मीत कौर बिंद्रा द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा ने प्रमुख समाज सेवियों को सम्मानित किया। इस समारोह में दिल्ली से गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के सदस्य बीबी रंजीत कौर, जतिन्दर सिंह (सोनू), तजिन्दर सिंह ने स्लम के बच्चों को ट्राफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा कहा अगर महिलाओं का योगदान ना हो तो कोई भी आदमी समाज सेवा तो क्या किसी भी कार्य में को सफलतापूर्वक नहीं कर पाएगा। आज जिस प्रकार महिलाओं के साथ-साथ विभिन्न समाजसेवियों को सम्मानित किया गया है यह सराहनीय कदम है। इस अवसर पर रश्मीत कौर बिंद्रा ने बताया कि परमजीत सिंह पम्मा के हाथों बच्चों को स्कूल की किताबें, पेन पेंसिल और स्कूल बैग दिए गए।

परमजीत सिंह पम्मा ने कहा जिस तरह से हम अपनी जरूरत की चीजों का ध्यान रखते हैं अगर उसी प्रकार हम स्लम के बच्चों की जरूरतो का भी ध्यान रखें तो उनका भी भविष्य सुंदर बनाया जा सकता है। और सुरीत इवेंट्स फाउंडेशन ट्रस्ट की अध्यक्ष रश्मीत कौर बिंद्रा एक मिशन एक चैरिटी के तहत स्लम एरिया के लिए बहुत से मिशन चला रही है जिसमें बच्चों की पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, फ्री एजुकेशन, स्वच्छता और स्वास्थ्य अभियान, ट्री प्लांटेशन, अन्नपूर्णा रसोई का पौष्टिक आहार, जैसे मिशन शामिल हैं। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने ट्रस्ट की ओर से बनाए गए कैलेंडर को लांच किया और उन्होंने कहा कहा इस कैलेंडर में एक मिशन एक चैरिटी के तहत स्लम एरिया में बच्चों के साथ किए गए कार्यों का विवरण है। और साथ ही इस चैरिटी से जुड़े सभी मेम्बर्स का भी जिक्र किया गया है इस कैलेंडर में हर दिन का एक बहुत ही खूबसूरत मैसेज भी है जो समाजकी प्रेणना देता है। इसके अलावा और भी संस्थाओं के अध्यक्षों ने वहां आकर रशमीत कौर बिंद्रा का हौसला बढ़ाया जिसमें मुख्य रूप से अशोक चुग, सुभाष मदान, मीति जग्गी, सीमा शर्मा इंद्रजीत कौर, गौरव गुप्ता, कुलवीर कौर चौहान और ऊषा निश्छल शामिल थे।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान के दिन कुल स्थल 3197 के सापेक्ष 1598 स्थलों पर वेबकास्टिंग करायी जाएगी, जिसमें क्रिटिकल एवं वल्नरेबिल मतदेय स्थल सम्मिलित रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम ने सभी मीडियाबंधुओं के माध्यम से जनता से अपील की है कि मतदान जरूर करें, मतदान करना आपका अधिकार ही नहीं अपितु आपकी जिम्मेदारी भी हैं।

**इन्द्र विक्रम सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी**

## मतदान करना आपका अधिकार व जिम्मेदारी : इन्द्र विक्रम सिंह

**गाजियाबाद,** 17 मार्च (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग को दोपहर लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई हैं। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह इसको लेकर प्रेस वार्ता की। जिलाधिकारी ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि गाजियाबाद निर्वाचन क्षेत्र संख्या-12 है, जिसका वर्तमान में मैं रिटर्निंग आफिसर/जिला निर्वाचन अधिकारी हूं। नामांकन स्थल कक्ष संख्या-102, ग्राउण्ड फ्लोर, कलैक्ट्रेट रहेगा।



### निर्वाचन अधिसूचना

गाजियाबाद में निर्वाचन की अधिसूचना जारी करने की तिथि-28.03.2024, नाम निर्देशन दाखिल करने की अंतिम दिनांक-04.04.2024, नाम निर्देशन की जांच हेतु अन्तिम दिनांक-05.04.2024, नाम वापसी हेतु अन्तिम दिनांक- 08.04.2024, मतदान का दिनांक-26.04.2024, मतगणना की दिनांक- 04.06.2024, दिनांक जिसके पूर्व निर्वाचन पूर्ण करा लिया जाएगा-06.06.2024 की घोषणा हुई है।

### लोकसभा सीट 11-12 की विधानसभाएं और एआरओ

गाजियाबाद-12 लोकसभा सीट में विधानसभा सीटें लोनी-53 के एआरओ निखिल चक्रवर्ती एसडीएम, मुरादनगर-54 के एआरओ चन्द्रेश कुमार एएसडीएम, साहिबाबाद-55 के एआरओ अरूण दीक्षित एसडीएम, गाजियाबाद-56 के एआरओ अजय अम्बष्ठ सिटी मजिस्ट्रेट, धौलाना (आंशिक)-58 रहेंगी। जिला गाजियाबाद की मोदीनगर-57 विधानसभा लोकसभा सीट बागपत-11 में है, के एआरओ डॉ. पूजा गुप्ता एसडीएम रहेंगी।

### विधानसभा, मतदाता, मतदान केन्द्र, मतदान स्थल व अधिकारी

लोकसभा सीट गाजियाबाद-12 के लिए लोनी-53 में 517604 कुल मतदाताओं के लिए 146 मतदान केन्द्र व 530 मतदान स्थल जिसमें 3 जोनल मजिस्ट्रेट व 41 सैक्टर मजिस्ट्रेट, मुरादनगर-54 में 460341 कुल मतदाताओं के लिए 153 मतदान केन्द्र व 514 मतदान स्थल जिसमें 7 जोनल मजिस्ट्रेट व 35 सैक्टर मजिस्ट्रेट साहिबाबाद-55 में 1033314 कुल मतदाताओं के लिए 263 मतदान केन्द्र व 1127 मतदान स्थल जिसमें 7 जोनल मजिस्ट्रेट व 57 सैक्टर मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद-56 में 469542 कुल मतदाताओं के लिए 119 मतदान केन्द्र व 506 मतदान स्थल जिसमें 4 जोनल मजिस्ट्रेट व 22 सैक्टर मजिस्ट्रेट, धौलाना (आंशिक)-58 में 123368 कुल मतदाताओं के लिए 38 मतदान केन्द्र व 133 मतदान स्थल जिसमें 2 जोनल मजिस्ट्रेट व 10 सैक्टर मजिस्ट्रेट रहेंगे। (नोट: धौलाना-58 की पूर्ण विधानसभा में 421430 कुल मतदाताओं के लिए 152 मतदान केन्द्र व 414 मतदान स्थल जिसमें 8 जोनल मजिस्ट्रेट व 37 सैक्टर मजिस्ट्रेट है।), लोकसभा सीट बागपत-11 के लिए मोदीनगर-57 में 334676 कुल मतदाताओं के लिए 122 मतदान केन्द्र व 387 मतदान स्थल जिसमें 4 जोनल मजिस्ट्रेट व 29 सैक्टर मजिस्ट्रेट है। इस प्रकार गाजियाबाद निर्वाचन अधिकारी के देखरेख में 2938845 कुल मतदताओं के लिए 841 मतदान केन्द्र, 3197 मतदेय स्थल जिनमें से क्रिटिकल 439 व वल्नरेबल 71 मतदेय स्थल भी है जिनकी निगरानी कुल 27 जोनल मजिस्ट्रेट व 194 सैक्टर मजिस्ट्रेट करेंगे। बताते चले कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में जनपद में कुल 691 मतदान केन्द्र के 3048 मतदेय स्थलों पर कुल 2603411 मतदाता पंजीकृत थे।

### बहुमंजिली इमारतों/ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी में मतदेय स्थल

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने जाने हेतु अवस्थित बहुमंजिली इमारतों/ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी में लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद विधानसभाओं में 52 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।

### मतदान पार्टियों की रवानगी व मतगणना क्षेत्र

मतदान पार्टियों की रवानगी दिल्ली पब्लिक स्कूल साहिबाबाद, टीला शहबाजपुर, लोनी से लोनी-53 के लिए, रामलीला मैदान कविनगर, गाजियाबाद से मुरादनगर-54, मोदीनगर-7 के लिए व केन्द्रीय विद्यालय कमला नेहरू नगर का ग्राउण्ड से साहिबाबाद-55, गाजियाबाद-56, धौलाना 58 के लिए होगी। साथ ही मतगणना सम्बंधित कार्य गाजियाबाद-12 के लिए लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद व मोदीनगर की नवीन मण्डी स्थल, हापुड़ रोड़, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद में व बागपत-11 के लिए धौलाना की नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति, गढ़ रोड, हापुड़ में होगी।

### जिला निर्वाचन अधिकारी की अपील

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान के दिन कुल स्थल 3197 के सापेक्ष 1598 स्थलों पर वेबकास्टिंग करायी जाएगी, जिसमें क्रिटिकल एवं वल्नरेबिल मतदेय स्थल सम्मिलित रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम ने सभी मीडियाबंधुओं के माध्यम से जनता से अपील की है कि मतदान जरूर करें, मतदान करना आपका अधिकार ही नहीं अपितु आपकी जिम्मेदारी भी हैं। मतदान के दिन मिले अवकाश को यूं ही व्यर्थ ना करते हुए उसका सद्पयोग करें और मतदान स्वयं भी करें और दूसरों को इसके लिए प्रेरित भी करें।

### निर्वाचन सम्बंधी कार्यों के लिए नोडल अधिकारी

निर्वाचन सम्बंधी कार्यों के सम्पादन हेतु नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है जिसमें मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी भू0अ0 शैलेन्द्र कुमार भाटिया, अपर जिलाधिकारी नगर गम्भीर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवतोष शंखधर, मुख्यकोषाधिकारी पुष्पांजलि, जिला पूर्ति अधिकारी डॉ. सीमा बालियान, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमरजीत सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुधीर कुमार, संयुक्त निदेशक अभियोजन मुरारी मोहन पाण्डेय हैं।

## शिविर में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए किया गया जागरूक

**ग्रेटर नोएडा,**17 मार्च (देशबन्धु)। कु. मायावती राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा डेरी मच्छा गांव में संचालित हो रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में नव मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत शिविर में मतदान के प्रति जागरूक किया। शिविर की इकाई में लोक गीत व नृत्य को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्राओं ने भारतीय संस्कृति व धरोहर को लेकर जागरूकता रैली निकाली। देश की तरक्की का ध्यान करो घर से निकलकर मतदान करो, स्वस्थ सरकार निर्माण के लिए मतदान अति आवश्यक कड़ी है, हम सभी को अपने विशेष अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। सरकार के विकास में अपनी भागीदारी वोट डालकर सुनिश्चित करनी चाहिए हमारा एक एक वोट स्वस्थ सरकार का निर्माण करता है। एवं सरकार के विकास में भागीदार बनता है, पहले मतदान बाद में जलपान। बौद्धिक प्रतियोगिता के अंतर्गत भी बच्चों से मतदान क्यों करना चाहिए प्रश्न पूछा एवं उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता व मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के ठाकुर विमल सिंह पुंडीर जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा शिविर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा सिंह उपस्थिति रही।




## सार संक्षेप

### ऑफिस के बाहर से मैनेजर की कार चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-135 स्थित कंपनी में मैनेजर के पद पर काम करने वाले एक व्यक्ति की क्रेटा कार को उनके ऑफिस के पास से चोर लेकर फरार हो गए। इसको लेकर पीड़ित ने एक्सप्रेस वे थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में दिव्य त्यागी ने बताया कि वह परिवार के साथ ग्रेटर नोएडा में रहते हैं। उन्होंने बताया कि 15 मार्च को सुबह वह अपने ऑफिस कार से आए। इसके बाद कार को ऑफिस के बगल खड़ी करके चले गए। जिसके बाद शाम को आठ बजे जब वह घर जाने के लिए ऑफिस से बाहर आए तो उन्होंने देखा उनकी कार वहां पर नहीं थी। उन्होंने आसपास के लोगों से अपनी कार के बारे पूछताछ किया। लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में दी गई शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीम घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रही है।

### स्कूल के बगल से कार हुई चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-44 छलेरा में रहने वाले एक व्यक्ति की इको कार को चोर लेकर फरार हो गए। इसको लेकर पीड़ित ने सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में उमेश शाह ने बताया कि वह छह मार्च को अपनी कार को छलेरा में प्राथमिक स्कूल के पास खड़ी किए थे। जिसके बाद जब दूसरे दिन सुबह स्कूल के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा। उनकी कार वहां से गायब हो गई थी। जिसको लेकर उन्होंने आसपास के लोगों से काफी पूछताछ किया। लेकिन कार के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में दी गई शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीम घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रही है।

### जमीनी विवाद को लेकर भाई पर ईंट से जानलेवा हमला



**दनकौर।** दनकौर क्षेत्र के दलेलगढ़ गांव में जमीन के विवाद को लेकर बड़े दो भाइयों पर छोटे भाई को ईंट से जानलेवा हमला कर घायल करने का आरोप लगा है। घायल का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर रविवार को आरोपियों के खिलाफशिकायत की है। पीड़ित अतुल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसके बड़े दो भाई उसकी जमीन को कब्जाना चाहते हैं। पीड़ित ने जब रविवार को भाइयों से अपना हिस्सा मांगा तो इसी बात को लेकर गुस्साए आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए। उसके सिर पर ईंट से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। जिसको घायल अवस्था में परिवार करने लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित का कहना है पिछले कई महीनों से वह अपनी प्रॉपर्टी भाइयों से मांगता है तो आरोपी उसके साथ मारपीट करते हैं। साथ ही उसको हिस्सा भी नहीं देने को कहते हैं। पुलिस का कहना है पीड़ित की शिकायत ले ली गई है जिसके आधार पर जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## फोनरवा के शपथ ग्रहण समारोह में नई कार्यकारिणी के 21 सदस्यों ने शपथ ली

**नोएडा,** 17 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-50 स्थित क्लब में आयोजित फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट्स वेलफेयर असोसिएशन (फोनरवा) के शपथ ग्रहण समारोह में नई कार्यकारिणी के 21 सदस्यों ने शपथ ली। इस मौके पर कोलकाता के रिटायर्ड मुख्य जज राकेश तिवारी ने पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र भी दिए गए हैं। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित डॉ. महेश शर्मा व विधायक श्रीचंद शर्मा ने फोनरवा कि नव निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और कहा की फोनरवा ने नोएडा के विकास मैं महत्वपूर्ण योगदान किया है। फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने कहा कि जल्दी ही नोएडा की पानी और बिजली की समस्याओं का समाधान क्या आएगा ।महासचिव के के जैन ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का धन्यवाद देते हो कहां की हमारी टीम नोएडा के आरडब्ल्यूए व निवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए वचनबद्ध है। इस अवसर पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को गुलाल-अबीर के साथ ही चंदन का टीका लगाया।

इस मौके पर फूलों की होली भी खेली गई। कार्यक्रम में सांसद महेश शर्मा ने सभी लोगो को होली कि बधाई दी और कहा कि होली आनंद का त्योहार हे प्रकृति के साथ जनमानस में सकारात्मकता और नवीन ऊर्जा का संचार करने वाला है। कार्यक्रम में सभी लोग होली के गीतों पर जमकर थिरकते नजर आए। इस अवसर पर विधायक श्रीचंद शर्मा, यूपी महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, पूर्व विधायक सतवीर सिंह गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी तथा बड़ी संख्या में आरडब्ल्यूए व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारीगण तथा शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आज किसान एकता संघ करेगा क्षेत्रीय सांसद कार्यालय का घेराव

**नोएडा,** 17 मार्च (देशबन्धु)। किसान एकता संघ का अनिश्चितकालीन धरना मेफेयर रेजीडेंसी बिल्डर दिपक मिगलानी के गेट पर चौथे दिन भी राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह के नेतृत्व में जारी रहा धरने का संचालन जिला अध्यक्ष पप्पे ने किया मिगलानी बिल्डर द्वारा क्षेत्रीय लोगों के करोड़ों रुपए नहीं देने की वजह से किसान एकता संघ के कार्यकर्ता पिछले चार दिनो से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं।

संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रमेश कसाना ने बताया कि किसान चार दिन से किसान एकता संघ के बैनर पर मेफेयर रेजिडेन्सी सोसाइटी ग्रेटर नोएडा वेस्ट के मैन गेट पर धरने पर बैठे है शासन प्रशासन की व बिल्डर दीपक मिगलानी की ओर से कोई भी व्यक्ति धरने पर वार्ता के लिए नहीं पहुंचा है पुलिस भी बिल्डर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है किसान एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने बताया कि कल दिनांक 18 मार्च 2024 को क्षेत्रीय सांसद डॉ. महेश शर्मा के नोएडा सैक्टर 27 स्थिति केम्प कार्यालय पर सुबह 11 बजे घेराव किया जाएगा और उन से मांग की जाएगी की बिल्डर दीपक मिगलानी को गिरफ्तार कराये व लोगों के पैसे दिलवाये संगठन के प्रदेश सचिव जगदीश शर्मा ने बताया की संगठन के कार्यकर्ता राकेश नागर व अनिल नागर व अन्य लोगों के करोड़ों रुपए बिल्डिंग मेटेरियल व लेवर के काम कराने के बाद भी दीपक मिगलानी नहीं दे रहा है इस लिए अनिश्चितकालीन धरना जारी रहे महापंचायत में राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह अम्बावता, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रमेश कसाना, प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष वनीश प्रधान, अखिलेश प्रधान, राजेन्द्र चौहान, जगदीश शर्मा, एडवोकेट उमेद, पप्पे नागर, दुर्गेश शर्मा, विक्रम नागर, महाशय बेगराज नागर, श्रीराम नागर, दिनेश, कालूराम, महाराज सिंह डेडा, डॉ. जाफर खान, अमित नागर, चेतन कसाना, लीले ठेकेदार, समीम खान, नवीन त्यागी, अफजल, सलन पहलवान, चन्द्रपाल भाटी, संजय पहलवान, नरेश नागर, करन सिंह, अरुण चपरगढ़, जीतन नागर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## साईक्लोथॉन में 23 राज्यों से ढाई हजार साइकिल चालकों ने लिया हिस्सा

■ आरडब्लूए सदस्यों व कॉलेज की लड़कियों ने भी साईकल चलाकर दिखाया उत्साह

**ग्रेटर नोएडा,**17 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट के गौर सिटी मॉल पर एचसीएल साईक्लोथॉन का आयोजन किया गया, एचसीएल सैक्लोथोन को हरी झंडी दिखाने को डीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव, डीसीपी अनिल यादव (यातायात) और अलीगढ़ की सीडीओ आकांक्षा राणा विशेष रूप से मौजूद थे।

साइक्लोथॉन में 23 राज्यों के 2500 से ज्यादा साईकल चालकों ने हिस्सा लिया, इस समूह में 150 प्रोफेशनल साईक्लिस्ट, 1325 एमेचर्स, और 1000 ग्रीन राईडर्स थे। राईड की शुरुआत गौड़ चौक से नोएडा-ग्रेटर नोएडा लिंक रोड की ओर 13.5 किलोमीटर लंबे मार्ग के लिए हुई। एचसीएलटेक की चेयरपर्सन रोशनी नादर मल्होत्रा, एचसीएल कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर और एचसीएल हैल्थकेयर के सीईओ एवं वाईस-चेयरमैन, शिखर मल्होत्रा ने भी क्रमश: 27 किलोमीटर और 55 किलोमीटर की एमेचर रेस श्रेणियों में हिस्सा लिया। यह साईकल रेस का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के साथ गठबंधन में साईक्लिंग फेडरेशन ऑफइंडिया के तत्वाधान में किया गया था। यह रेस देश में सबसे बड़े साईकल



कार्यक्रमों में से एक थी, जिसमें पुरस्कार की राशि सर्वाधिक 33.6 लाख रुपए की थी। एमेचर श्रेणी के पुरस्कार में भारी वृद्धि के साथ पुरस्कार राशि 10 प्रतिशत बढ़ाई गई थी। एचसीएल साईक्लोथॉन 2024 की थीम चेन्ज द गियर थी, जो साईकल चलाने के परिवर्तनकारी प्रभाव को प्रदर्शित करती है और पर्यावरण की सस्टेनेबिलिटी एवं व्यक्तिगत सेहत पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर बल देती है।

इस अभियान के साथ एचसीएल का उद्देश्य साईकल चलाने वाले समुदाय से जुड़ना और साईकल चलाने को एक खेल एवं जीवनशैली के स्वस्थ विकल्प के रूप में स्थापित करना है। एचसीएल कॉर्पोरेशन में प्रेसिडेंट, स्ट्रेट्जी और एमेचर (27 किलोमीटर) श्रेणी के प्रतिभागी, सुंदर महालिंगम ने कहा कि एचसीएल में हम इस साल एचसीएल साईक्लोथॉन को मिली बेहतरीन प्रक्रिया और सफलता से उत्साहित हैं। इसमें 2023 के मुकाबले प्रतिभागियों में 100 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हुई।




## लिंक डाउनलोड कराकर महिला के खाते से दो लाख निकाले

**नोएडा,** 17 मार्च (देशबन्धु)। भेजे गए लिंक पर क्लिक करवाकर जालसाजों ने एक महिला के साथ करीब दो लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित महिला के पति ने मामले की शिकायत सेक्टर-126 पुलिस से की है। शिकायत में दिल्ली निवासी धीरज सहाय ने बताया कि वर्तमान में वह सेक्टर-125 स्थित एक सोसाइटी में रहते हैं। बीते दिनों धीरज की पत्नी सुमिता अरवैरी सहाय ने मेडिकल सर्विस के लिए पोर्टिया कस्टमर केयर के नंबर पर कॉल की।

इसके बाद एक अन्य नंबर से महिला से पास कॉल आई। कॉलर ने महिला से मरीज के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद दो रुपए की प्रोसेसिंग फीस के लिए जालसाज ने एक ऐप डाउनलोड करने को कहा। तकनीकी खामी के चलते ऐप डाउनलोड नहीं हो सका। फिर कॉलर ने महिला से एक लिंक टाइप करवाने के साथ ही डेबिट कार्ड भी स्कैन करा लिया। करीब एक घंटे तक जालसाजों ने महिला को अपनी बातों में उलझाए रखा। इस दौरान महिला के मोबाइल पर आने वाली कॉल और ओटीपी जालसाजों के पास जा रही थी। जालसाजों ने महज एक घंटे के भीतर करीब 20 लाख रुपए का लोन करा लिया। इसमें से एक लाख 99 हजार 998 रुपए महिला के खाते से दो बार में निकाल भी लिए गए। ठगी की जानकारी होने के बाद पीड़िता ने कस्टमर केयर पर कॉल करने अपनी सिम को ब्लॉक कराया और 1930 पर कॉल कर ठगी की जानकारी दी। महिला के खाते में जमा लोन के 18 लाख रुपए की रकम को फ्रीज करा दिया गया है।

### ठगों ने खाते से निकाले 61 हजार

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने सेक्टर-25 में रहने वाली एक युवती के साथ धोखाधड़ी करके उनके साथ 61 हजार रुपए की ठगी कर ली है। इसको लेकर पीड़िता युवती ने सेक्टर-20 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में ज्योत्सना चतुर्वेदी ने बताया कि उनके पास कुछ समय पहले एक व्यक्ति ने फोन किया। इस दौरान आरोपी ने उनको अपनी बातों के झांसे में फंसा कर उनके फोन में एक ऐप को डाउनलोड करा दिया। जिसके बाद जालसाजों ने उनके फोन को हैक करके कई बार में उनके खाते से कुल 61 हजार रुपए निकाल लिए। बैंक से लगातार रुपए कटने का मैसेज आने के बाद उनको ठगी की जानकारी हुई। जिसके बाद तुरंत उन्होंने बैंक में फोन करके अपने खाते को बंद कराया। बैंक की तरफ से ठगी की शिकायत मिलने के बाद ठगी में गई रकम का 4900 रुपए को होल्ड कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विश्व संवाद केन्द्र की पत्रकारों संग फूलों की होली

**गाजियाबाद,** 17 मार्च (देशबन्धु)। विश्व संवाद केंद्र, मेरठ के तत्वावधान में रविवार को गाजियाबाद की वसुंधरा स्थित ओलिव काउंटी सोसाइटी में पत्रकार होली मिलन समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जहां कवियों

■ कवियों ने बिखेरे शब्दों के रंग

ने होली की रचनाओं से मंत्रमुग्द किया, वहीं विभिन्न समाचार और मीडिया के पत्रकारों ने नेर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। काव्य रचनाओं को सुनने के बाद सभी ने फूलों की होली खेली। ब्रज के रसिया, गीतों और मल्हारों पर होली का आनन्द उठाया।कवि हरिश्चंद्र सिंह 'हरीश' ने सुनाया कि 'झूठों की महफिल में रहकर मैं भी सच्चा बन जाता हूं।' वहीं, कवि दिलीप चौरसिया ने 'अवध नगरिया राह तक रही थी धामों के धाम की, जय बोलो श्री राम की।' कवि शिवकुमार चौरसिया 'शिव' की होली पर रचना 'कोई पीता भांग धतूरा, कोई विस्की रम, ये होली का मौसम, ये होली का मौसम को खूब रचाया'। कवि आर पी शर्मा की हास्य व्यंग की रचनाओं में 'रंग पे रंग लगे इतने के हर पल रंगीन बना गई होली, देवर रंग लगाने जो पहुंचे, साथ भौजी भैया के होली' ने श्रोताओं को खूब हंसाया, गुदगुदाया।होली मिलन समारोह की शुरुआत भारत माता और महर्षि नारद के चित्र के समक्ष ब्रजेश कुमार सिंह (मैनेजिंग एडिटर, न्यूज18), अखिलेश (गाजियाबाद विभाग प्रचार प्रमुख) द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। व वैशाली महानगर प्रचार प्रमुख धीरज सिंह द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 185 बंधु / भगिनी की सहभागिता रही। जिसमें विभिन्न मीडिया संस्थानों से लगभग 125 पत्रकार, 25 लेखक, कवि, पत्रकारिता के प्राध्यापक, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आदि शामिल हुए। इस अवसर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गाजियाबाद विभाग संघचालक कैलाश चंद, हरनंदी महानगर संघचालक प्रदीप कुमार, महानगर संपर्क प्रमुख प्रमित। महानगर प्रचारक ललित शंकर, गाजियाबाद महानगर प्रचार प्रमुख अमित शर्मा, वैशाली महानगर सह-प्रचार प्रमुख करुण कपिल आदि प्रमुख विभिन्न पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।




## फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूएज का होली मिलन समारोह हुआ आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,**17 मार्च (देशबन्धु)। फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूऐज ग्रेटर नोएडा की तरफसे होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता देवेंद्र टाइगर व संचालन महासचिव दीपक भाटी ने किया। कार्यक्रम में शहर की आरडब्ल्यू ऐज ने भाग लिया। सभी ने मिलकर गुलाब के फूलो से होली खेली और होली के गीत गाए।



फेडरेशन के द्वारा समाज में शिक्षा, पर्यावरण, योग, पत्रकारिता व अन्य विषयो में अपना योगदान देने वालो को सम्मानित किया। फेडरेशन के द्वारा बच्चो को नि:शुल्क शिक्षा देने के लिए साईं अक्षरधाम पाठशाला की सूर्यकला लक्ष्मी, नि:शुल्क योग के लिए भारतीय योग संस्थान की टीम और शहर की सोसायटियों में आरडब्ल्यूए सिल्वर सिटी द्वारा बेहतर कार्य के लिए उनकी टीम को और पौधारोपण के लिए डॉ. कुलदीप मालिक को सम्मानित किया गया। सभी लोग एक दूसरे से मिले और सभी ने प्रण लिया की सब लोग गिले शिकवे मिटाकर होली के त्यौहार को शांति पूर्वक प्रेम से मनाएंगे। इस मौके पर आरपी एस यादव, पूर्व आईपीएस, शेर सिंह भाटी, मनोज भाटी बोड़ाकी,जितेंद्र भाटी, ऋषिपाल भाटी, सतीश शर्मा, श्यामवीर भाटी, सुरेंद्र शर्मा, अशोक पवार, दीपक भाटी ईटा, सुभाष भाटी, योगेंद्र मावी, देवराज नागर, परितोष भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “ अपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवार को निर्धारित समय के अनुसार तीन बार अपराध की जानकारी प्रिन्ट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में देनी होगी। चुनाव के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में दिए जाने वाले विज्ञापनों का अधिप्रमाणन करवाना जरूरी होगा।

**मनीष कुमार वर्मा, जिला निर्वाचन अधिकारी**

# शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने तैयारी की पूरी

**ग्रेटर नोएडा,**17 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूरी तैयारी कर ली है। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर शिवहरि मीना ने प्रेस वार्ता में बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी, सुरक्षित, शांतिपूर्ण और अधिकतम मतदान के साथ संपन्न कराया जाएगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि इस लोग सभा चुनाव के लिए डेढ़ लाख नए मतदाता जुड़े हैं। गौतम बुद्ध नगर लोकसभा के पांचों विधानसभा सीट में कुल मतदाता 26 लाख, 20 हजार 40 हैं। गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट में गौतम बुद्ध नगर जिले के नोएडा, दादरी और जेवर विधान सभा में कुल 18,30,966 मतदाता हैं। बुलंदशहर जिला के दो विधानसभा सीट सिकन्द्राबाद में 3,97,050 और खुर्जा विधान सभा सीट में 3,51,574 मतदाता है। पांचों विधान सभा में कुल 1098 बूथ और मतदेय स्थल 2669 बनाए गए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए 26 जोन में विभाजित किया



- लोकसभा क्षेत्र 26 जोन में विभाजित किया
- 120 सेक्टर मजिस्ट्रेट होंगे तैनात
- लोकसभा चुनाव में 24223 नए मतदाता करेंगे मतदान
- डेढ़ लाख से अधिक नए मतदाता जुड़े

गया, जिसमें 120 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सात बूथ ऐसे बनाए गए हैं जो महिलाओं द्वारा संचालित किया जाएगा, 4 बूथ पूरी तरह से दिव्यांग द्वारा संचालित होगा और 5 बूथ युवाओं द्वारा संचालित होगा। गौतम बुद्ध नगर में 51 मॉडल बूथ बनाए गए हैं। इस लोकसभा चुनाव में 18-19 वर्ष आयु के पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या-24,223 है, वहीं दिव्यांग मतदाताओं की संख्या-10502 है। थर्ड जेन्डर मतदाताओं की संख्या-102 है।

गौतम बुद्ध नगर लोकसभा के लिए नामांकन की प्रक्रिया 28 मार्च को शुरु होगा नामांकन भरने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल, नामांकन पत्रों की जांच 5 अप्रैल, नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल निर्धारित हुआ है। मतदान की तारीख 26 अप्रैल तय की गई है।

**मतदान बढ़ाने के लिए बढ़ाया गया कदम**

मतदाताओं को दूर न जाना पड़े और अधिक से अधिक मतदाता शामिल हो उसके लिए हाईराइज सोसाइटी में 100 बूथ बनाया गया है, जिसमें नोएडा में 52 व दादरी में 48 बूथ बने हैं जो स्कूल क्लब हाऊस में बनाए गए हैं।

**राज्य व जिले की सीमाओं पर रहेगी विशेष नजर**

संयुक्त पुलिस आयुक्त शिवहरि मीना ने बताया कि चुनाव को सुरक्षित शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए अपराधिक इतिहास वाले लोगों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जिले की दूसरे राज्यों और अन्य जिलों से लगने वाली सीमाओं पर कुल 45 स्थानों पर अवैध शराब, शस्त्र, धन और असामाजिक तत्वों को पकड़ने के लिए सघन जांच शुरू कर दी गई है।

चुनाव में कमिश्नरेट के लगभग पांच हजार पुलिसकर्मी सहित पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स को तैनात किया जाएगा। जनपद में लगभग साढ़े तेरह हजार वैध शस्त्र लाइसेंस हैं। सभी शस्त्र धारकों को थाना अथवा असलाह दुकानों पर शस्त्र जमा करने के लिए कहा जा रहा है।

# राजनीतिक दलों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,**17 मार्च (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पूर्ण पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं प्रचार सामग्री छापने वाले प्रिंटिंग प्रेसों के स्वामियों के साथ बैठक की गई, जिसमें राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता, उम्मीदवारों का चुनावी व्यय तथा चुनाव संबंधी शिकायतों के तुरंत निस्तारण के लिए बनाई गई ऑनलाइन व्यवस्था को लेकर तथा प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों को प्रचार सामग्री छापने से संबंधित निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन की जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में आदर्श आचार संहिता के मुख्य बिंदुओं से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए बताया कि कोई दल या अभ्यर्थी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा, जिससे भिन्न जातियों और धार्मिक या भाषाई समुदायों के बीच विद्यमान मतभेद अधिक गंभीर हो सकते हैं या परस्पर नफरत हो सकती है या तनाव पैदा हो सकता है। यदि राजनीतिक दलों की आलोचना की जाए तो यह उनकी नीतियों और कार्यक्रमों, गत रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रखी जाएगी, मत प्राप्त करने के लिए जाति, संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। मस्जिदों, चर्च,



- प्रचार सामग्री छपने से संबंधित गाइडलाइन को लेकर प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों को दिया निर्देश

मंदिरों और पूजा के अन्य स्थलों को निर्वाचन प्रचार के मंच के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभाएं, जुलूस, मतदान दिवस की गतिविधियों को लेकर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। साथ ही बताया कि मतदान बूथ पर मतदाताओं को छोड़कर ऐसा कोई व्यक्ति मतदान बूथ के भीतर प्रवेश नहीं करेगा, जिसके पास निर्वाचन आयोग का कोई मान्य पास नहीं है। उन्होंने बताया भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रेक्षकों को नियुक्त किया जाता है, यदि अभ्यर्थियों या उनके अभिकर्ताओं को निर्वाचन के संचालन के संबंध में कोई विशेष शिकायत या समस्या होती है तो उसे प्रेक्षक के ध्यान में ला सकते हैं। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित एक उम्मीदवार अधिकतम 95 लाख रुपए की राशि खर्च कर सकेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवार को निर्धारित समय के अनुसार तीन बार अपराध की जानकारी प्रिन्ट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में देनी होगी। चुनाव के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में दिए जाने वाले विज्ञापनों का अधिप्रमाणन करवाना जरूरी होगा।

बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, जॉइंट पुलिस कमिश्नर शिवहरी मीणा, डीसीपी राम बदन सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव, उप जिलाधिकारी सदर वेद प्रकाश पांडेय, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी विवेकानंद मिश्र मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के बाद 22 कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध

**ग्रेटर नोएडा,** 17 मार्च (देशबन्धु)। देष में लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद

- 50 हजार रुपए से ज्यादा की नकदी लेकर नहीं चल सकेंगे
- गाड़ियों से हटाने होंगे पार्टियों के झंडे
- वाहनों में नहीं लगा सकेंगे किसी भी पार्टी का झंडा

आचार संहिता लागू हो गई। आचार्य का संहिता का सख्ती से पालने के लिए निर्वाचन आयोग ने सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधिकारियों का संख्त निर्देश जारी किया। लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के बाद 22 कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। जिसमें वाहनों और बैठकों में लाउडस्पीकर का प्रयोग करने की अनुमति सुबह 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक ही दी जाएगी। इसके बाद आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। किसी भी वाहन किसी भी पार्टी का झंडा नहीं लगाया जा सकेगा। केवल राजनैतिक दलों के पदाधिकारी रिटर्निंग आफिसर से अनुमति लेकर गाड़ी में झंडे का प्रयोग कर सकेंगे।

**सरकारी वाहन राजनीतिक कार्य में प्रयोग नहीं**

निर्वाचन के समय मे कोई भी सरकारी कर्मचारी पॉलिटिकल एक्टिविटी में शामिल नहीं हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो इसे भी अचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्रियों द्वारा ऑफिशियल वाहनों का प्रयोग राजनैतिक कार्यों के लिए रोक लगा दी गई है।

**लाउस्पीकर के लिए लेनी होगी अनुमति**

किसी भी दशा में बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग निषेध किया गया है। वहीं किसी भी जुलूस व रैली के लिए जगह, समय और रुट का निर्धारण पहले से करके पुलिस प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना पूर्व सूचना के किसी भी जुलूस/रैली को अनुमति नहीं दी जाएगी।

**100 मीटर के दायरे में प्रचार नहीं**

पोलिंग स्टेशनों के 100 मीटर दायरे के अंदर किसी भी प्रकार की चुनावी मीटिंग, कन्वेंसिंग, कोई भी आपत्तिजनक कार्य या कोई भी कैम्पेनिंग करने की अनुमति नही होगी। निर्वाचन के दौरान शराब का वितरण नहीं किया जा सकेगा। नॉमिनेशन के दौरान केवल 3 वाहनों को ही आरओ/एआरओ के कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में आने की अनुमति होगी।

**इन कार्यों पर भी पूर्ण प्रतिबंध**

- ऑफिशियल कार्यों को कैम्पेनिंग के कार्यों में मिक्स नहीं किया जाएगा।
- किसी भी प्रकार का प्रलोभन चाहे आर्थिक अथवा कोई और तरह से मतदाताओं को देने पर रोक है।
- निर्वाचक के द्वारा किसी भी प्रकार की जातीय और साम्प्रदायिक अपील नहीं की जाएगी।
- दूसरी पार्टियों व उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा असत्यापित आरोपों और विकृतियों के आधार पर किसी की आलोचना नहीं की जाएगी।
- किसी भी धार्मिक स्थल का प्रयोग चुनाव प्रचार (जैसे भाषणों, पोस्टरों, बैनरों) के लिए नहीं किया जाएगा।
- ऐसे किसी भी जगह पर रैली की अनुमति नहीं दी जाएगी जहां पर पहले से किसी पार्टी की बैठक चल रही हो।
- बूथों और पोलिंग स्टेशनों के आस पास किसी भी प्रकार के झंडे, पोस्टर, चिन्हों या प्रचार सामग्री का प्रयोग करना निषेध है।
- सरकारी परिसर में किसी भी प्रकार का डिफेंसमेंट (जैसे वॉल पेंटिंग, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग व झंडे) की अनुमति नहीं होगी।
- गेस्ट हाउसों में किसी भी प्रकार की पॉलिटिकल एक्टिविटी की अनुमति नहीं होगी।
- लाउड स्पीकर के प्रयोग के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति के लाउड स्पीकर का प्रयोग निषेध है।

# नोएडा एयरपोर्ट से प्रस्तावित बस सेवा दादरी तक चलाने की मांग

**ग्रेटर नोएडा,**17 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा एयर पोर्ट के चालू होने से पहले दिल्ली एनसीआर परिवहन सुविधा से जोड़ने के लिए बस सेवा चलाने का प्रस्ताव यमुना प्राधिकरण तैयार कर रहा है। प्रस्तावित बस सेवा को दादरी तहसील मुख्यालय से जोड़ने की मांग आर्य प्रतिनिधि सभा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. आनंद आर्य ने यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण के सीईओ को पत्र भेज कर की है। सीईओ को भेजे पत्र में डा. आनंद आर्य ने कहा कि विदित है आपने सितम्बर माह में चालू होने वाले नोएडा एयर पोर्ट को जोड़ने के लिए एनसीआर के विभिन्न शहरों तक रोडवेज की मदद से बस सेवा संचालित कराने का निर्णय लिया है, जिसमें गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ आदि तक आपकी सेवा संचालित होगी। इसके तहत लाखों की आबादी लिए दादरी तहसील मुख्यालय तक भी जनहित में वाया परीचोक बस सेवा शुरू कराने का अनुरोध है। इससे यहां से एयर पोर्ट आने जाने वाले लोगों को जहां सीधी बस सेवा मिल सकेगी वही विभाग को भी बेहतर राजस्व प्राप्त हो सकेगा।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# हर मतदाता लोकसभा प्रत्याशियों के बारे में ले सकेंगे जानकारी

**ग्रेटर नोएडा,**17 मार्च (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव को लेकर 21 तरह के एप्लिकेशन लांच किया है, जिसमें चुनाव से सम्बंधित सभी जानकारी मिल सकेगी। अधिकारियों व आम लोगों के लिए अलग-अलग एप्प तैयार किया गया है। किसी भी प्रत्याशी की जानकारी के लिए ‘नो योर कंडीडेट’ के माध्यम से प्रत्याशियों की हिस्ट्री के बारे में जानकारी मिल सकेगी। नामांकन के दौरान जो भी शपथ-पत्र प्रत्याशी देगें उसको एप्प पर अपलोड कर दिया जाएगा। मतदाता को अधिकार होगा कि अपना बहुमूल्य मत किसे दें। ‘वोटर हेल्प लाइन एप्प’ के माध्यम से मतदाता अपने वोटिंग पोल व मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकेंगे, साथ ही उनका बूथ कहां है उसकी भी जानकारी मिल सकेगी। मतदाता मतदान के पहले ई-कार्ड को भी डाउनलोड कर सकते हैं।

**आम आदमी को भी हो सकती है जेल, सोशल मीडिया पर विशेष नजर**

किसी नेता के प्रचार अभियान से जुड़े हैं तो आपको आचार संहिता के नियमों को लेकर जागरूक रहना होगा, अगर कोई राजनेता आपको इन नियमों के खिलाफकाम करने को कहता है तो आप उसे आचार संहिता के बारे में बताकर ऐसा करने से इनकार कर सकते हैं, अगर आपने आचार संहिता का उल्लंघन करने वाला कोई भी काम किया तो आपके खिलाफतत्काल कार्रवाई की जाएगी। ज्यादातर मामलों में आपको हिरासत में लिया जा सकता है। कोई भी व्यक्ति या नेता सरकार की उपलब्धियों वाले विज्ञापन प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और दूसरे मीडिया में नहीं दे सकेगा। जिलानिर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आम लोग भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करने समय सावधानी बरतें, आपकी एक पोस्ट आपको जेल भेजने के लिए काफी है। सोशल व प्रिंट मीडिया पर नजर रखने के लिए टीम गठित कर दी गई है।

**हर संवेदनशील बूथ पर रहेगी नजर**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूरे लोकसभा क्षेत्र में 342 संवेदनशील बूथ को चिन्हित किया गया है, राजनीतिक पार्टी की तरफ से प्रत्याशियों की घोषणा के बाद संवेदनशील बूथों की संख्या में कमी या अधिकता हो सकेगी। इन बूथों पर पैरा मिलिट्री, पीएसी के साथ जिले की पुलिस तैनात रहेगी। गैंगस्टर, असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए हुए है। जिसके लिए पिछले छह माह से काम किया जा रहा है, हिस्ट्रीशीटर, एनएसए लगे अपराधियों को जेल भेजा जा रहा है।

## 2024 के रण में यूपी से कौन मारेगा बाजी ?

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश तय करेगा हवा का रुख

■ देवेंद्र सिंह

**ग्रेटर नोएडा,**17 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय चुनाव आयोग ने चुनाव के तारीखों का ऐलान कर दिया है। यूपी में कुल 7 चरणों में वोटिंग कराया जाएगा। यूपी के चुनाव में पश्चिमी यूपी के रोल क्या है, आइए देखते हैं। 2013 में मुजफ्फरनगर दंगे के बाद साल 2014 के लोकसभा चुनाव को भाजपा ने ध्रुवीकरण के हथियार से चुनावी धार दी थी। यहां से निकली भगवा लहर का असर पूरे देश में महसूस किया गया था। इसका यह असर हुआ था कि उत्तर प्रदेश से एक भी मुस्लिम लोकसभा नहीं पहुंचा था। हालांकि 2019 में पश्चिम में भगवा लहर की गति मंद हुई थी।

**2019 के चुनाव से कितना अलग है 2024 का चुनाव**

भाजपा इस बार भी ध्रुवीकरण की पगडंडी पर चलती दिखाई दे रही है। धारा 370, राम मंदिर और सीएए उसके हथियार हैं। इससे इतर 2019 के चुनाव में सपा, बसपा और रालोद का गठबंधन था। कांग्रेस का किसी से मेल नहीं था। भाजपा पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ गठबंधन के साथियों के साथ मिलकर चुनाव लड़ी थी। इस बार सपा और कांग्रेस का गठबंधन है तो रालोद अब एनडीए का हिस्सा है। बसपा अकेले चुनावी रण में है।

- 2019 में पश्चिम में भगवा लहर की गति मंद हुई थी

सपा-कांग्रेस मुस्लिम वोटरों के साथ जातीय समीकरण पर भरोसा कर रही हैं। भाजपा ने रालोद से दोस्ती कर सारे कील- कांटे दुरुस्त करने की पूरी कोशिश की है। कई बड़े चेहरे इस बार मैदान में नजर नहीं आएंगे। चौधरी चरण सिंह की विरासत संभालने वाले चौधरी अजित सिंह (अब इस दुनिया में नहीं हैं। अजित सिंह की विरासत अब उनके बेटे जयंत चौधरी संभाल रहे हैं।

बागपत से राजकुमार सांगवान को रालोद ने दिया टिकट अजित सिंह 2019 के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन के साथ मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़े थे और मामूली अंतर से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। गाजियाबाद के मौजूदा सांसद जनरल वीके सिंह और मेरठ के तीन बार के सांसद राजेंद्र अग्रवाल के टिकट को भी लेकर फिलवक्त अटकलें हैं। वहीं बागपत सीट रालोद के खाते में जाने से मौजूदा सांसद सत्यपाल सिंह चुनाव से बाहर हो गए हैं। रालोद ने यहां से डॉ. राजकुमार सांगवान को अपना प्रत्याशी बनाया है। मेरठ से याकूब कुरैशी चुनाव लड़ेंगे इसकी संभावना बहुत कम है। पिछली बार वह सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी थे और बसपा के टिकट पर मैदान में थे।

**भाजपा ने पिछले चुनाव में सात सीटें हारी थी**

साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश की 16 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। इसमें सबसे अधिक सात सीटें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की थी। इनमें सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, नगीना, संभल और रामपुर लोकसभा सीट पर भाजपा हारी थी। हालांकि साल 2022 में रामपुर सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने इस सीट पर जीत हासिल करने कर ली थी। ध्यान देने की बात है कि पिछले लोकसभा चुनाव में इन सीटों पर दूसरे चरण में चुनाव हुआ था, इस बार आयोग इन सीटों पर पहले चरण में चुनाव करा रहा है। अब देखना है कि पहले चरण के चुनाव में इन हारे हुए सीटों को किसी तरह जीत हासिल कर सकती है, वहीं सपा, कांग्रेस गठबंधन के सामने चुनौती है कि इन सीटों को किसी बचाय रखा जाए। देखा जाय तो 2019 और 2024 के चुनाव में समीकरण बदल चुका है। सात सीटों पर सबसे ज्यादा बसपा प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी। 2019 में बसपा, सपा और रालोद ने मिलकर चुनाव लड़ा था। इस बार रालोद भाजपा के साथ गठबंधन कर चुकी है और बसपा अकेले चुनाव मैदान में है। ऐसे में सपा कांग्रेस गठबंधन के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती होगी।

# एजुकेशन हब के लिए किसानों से आपसी सहमति से जमीन खरीदेगा यमुना प्राधिकरण

- आचार संहिता के दौरान सेक्टरों के आंतरिक विकास में आएगी तेजी
- गांव मोहम्मदाबाद खेड़ा की लगभग 17 हेक्टेयर जमीन खरीदने की सूचना जारी
- आचार संहिता लागू होने से एक दिन पहले ही जारी कर दी गई थी सूचना
- फिल्म सिटी व मेडिकल डिवाइस पार्क की बाकी बीच जमीन भी खरीदने की प्रक्रिया शुरू

**ग्रेटर नोएडा,**17 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास विकसित होने वाला सेक्टर-22ई एजुकेशन का बड़ा हब बनेगा। इस सेक्टर में आने वाली आगामी योजनाओं के लिए जमीन की कमी आड़ हाथ नहीं आएगी। किसानों से आपसी सहमति के आधार पर लगभग 17 हेक्टेयर जमीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लोकसभा चुनाव को लेकर जारी की अधिसूचना की वजह से काम प्रभावित न हो इसलिए 15 मार्च को ही इसकी सूचना जारी कर दी गई थी। वहीं फिल्म सिटी और मेडिकल डिवाइस पार्क की बाकी जमीन भी प्राधिकरण किसानों से सहमति के आधार पर जमीन खरीदेगा। 15 दिन के अंदर आपत्तियों का निस्तारण कर आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

दरअसल नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई शिक्षण संस्थानों ने यीडा सिटी में अपने परिसर स्थापित करने में गहरी रुचि दिखायी है। इसको देखते हुए यमुना प्राधिकरण ने यीडा सिटी के सेक्टर-22ई और सेक्टर 17ए को विश्वविद्यालयों के केंद्र के रूप में



विकसित करने की योजना बनायी है। फिलहाल तीन विश्वविद्यालय जेबीएम, नरसी मोनजी और फोर स्कूल सेक्टर-22 ई में निर्माणाधीन हैं। इस सेक्टर में छह विश्वविद्यालयों को जमीन आवंटित करने की योजना है। वहीं सेक्टर-17 ए में दो विश्वविद्यालय गलगोटिया और और नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी का पहले से ही संचालन किया जा रहा है। आगामी योजना के तहत सेक्टर-22 ई में 50 एकड़ के 2 भूखंड और 26 एकड़ के 2 भूखंड और सेक्टर- 17 ए में 30 एकड़ का भूखंड आरक्षित किया गया है। इसके लिए गांव मोहम्मदाबाद खेड़ा की लगभग 17 हेक्टेयर जमीन किसानों से सहमति के आधार पर खरीदी जाएगी। इसकी सूचना जारी कर 15 दिन के अंदर आपत्ति मांगी गई है। उसके जमीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। वहीं सेक्टर-28 में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क और सेक्टर- 21 में बनने वाली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी की बाकी बची जमीन प्रभावित किसानों से सहमति के आधार पर खरीदी जाएगी।

**प्राधिकरण क्षेत्र में विशिष्ट क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। इसी के तहत सेक्टर-22ई को संस्थागत भूमि उपयोग के लिए नामित किया गया है। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालयों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे : डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण**

**प्राधिकरण ने बनायी है 100 दिन की कार्ययोजना**

आचार संहिता के चलते अब लगभग तीन माह तक कोई नई परियोजना शुरू नहीं की जा सकती है। ऐसे में प्राधिकरण ने 100 दिन की कार्ययोजना पहले ही तैयार कर ली थी। इस दौरान सेक्टरों में रूकी पड़ी सड़कों को पूरा करने सहित अन्य आंतरिक विकास कार्यों में तेजल लायी जाएगी। साथ जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को आबादी भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया भी आचार संहिता लागू होने से पहले ही शुरू कर दी गई थी।

# वार्षिकोत्सव में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**ग्रेटर नोएडा,**17 मार्च (देशबन्धु)। जेपी पब्लिक स्कूल प्रांगण में वार्षिक उत्सव और ‘ग्रेजुएशन डे’ समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि, बेसिक शिक्षा अधिकारी आर. एस पंवार, प्रधानाचार्या मीता भंडुला, हेडमिस्ट्रेस अनीता पिल्लई ने दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। गर्मजोशी से स्वागत के बाद, कार्यक्रम का शुभारंभ एक भावपूर्ण ‘गणेश वंदना’ के साथ शुरू हुआ। किंडरगार्टन के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 18 मार्च 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## 'इंडिया' के समक्ष चुनौतियां और अवसर

शनिवार को घोषित लोकसभा चुनाव ऐसी परिस्थितियों में होने जा रहे हैं जिनमें एक तरफ तो योजनाबद्ध तरीके से सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने अपने खजाने को लबालब कर रखा है, तो वहीं दूसरी ओर सुनियोजित षड्यंत्र के तहत अपने प्रमुख विपक्षी दल व मुख्य चुनौती देने वाली पार्टी कांग्रेस के वित्तीय संसाधनों को इस तरह अवरूद्ध कर दिया है कि वह उनका प्रचार के लिये इस्तेमाल ही न कर सके। हालांकि संवैधानिक रूप से सभी दलों को चुनाव लड़ने के लिये एक सी परिस्थितियां मुहैया कराने का दावा वह संस्था कर रही है जो देश में निर्वाचन करने के लिये संविधान की ओर से अधिकृत व उत्तरदायी है- केन्द्रीय निर्वाचन आयोग। ऐसे में सवाल उठता है कि कांग्रेस एवं अप्रत्यक्ष रूप से कहें तो संयुक्त प्रतिपक्ष यानी 'इंडिया' गठबन्धन के समक्ष किस प्रकार की चुनौतियां एवं अवसर लोकसभा चुनाव- 2024 को लेकर हैं।

चुनावी कार्यक्रम उसी दिन घोषित हुआ है जिस दिन राहुल गांधी ने अपनी लगभग 6700 किलोमीटर की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का समापन मुम्बई में किया। मणिपुर से 14 जनवरी को निकली यह यात्रा उनकी 7 सितम्बर, 2022 को कन्याकुमारी से निकलकर कश्मीर में 30 जनवरी, 2023 को समाप्त हुई 'भारत जोड़ो यात्रा' का दूसरा संस्करण थी। इसके समापन अवसर पर उन तमाम विपक्षी दलों के बड़े नेताओं द्वारा मुम्बई के ऐतिहासिक शिवाजी पार्क में एक बड़ी रैली के आयोजन ने यह साफ संदेश दे दिया है कि कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज़ करने, प्रतिपक्षी नेताओं पर छापेमारी कर उन्हें जेल भेजने तथा विपक्षी दलों के नेताओं-प्रतिनिधियों की खरीद-फरोख्त के बाद भी इंडिया गठबन्धन न केवल अटूट है बल्कि वह चुनाव में जाने को उत्सुक है। राहुल की पहली यात्रा शुरू तो हुई थी लोगों में विभाजन को रोकने एवं उन्हें जोड़ने (जिसे 'नफरत के खिलाफ मोहब्बत की दूकान' बतलाया गया और प्रारम्भ में जिसका मज़ाक भी उड़ाया गया था) के प्रयासों से, लेकिन इस दौरान उभरे मसलों ने ऐसे जनविमर्श का रूप ले लिया जो न केवल उसके बाद के सियासी परिदृश्य की बुनियाद बना बल्कि उसने ही दूसरी यात्रा का औचित्य भी तैयार किया। इसमें कांग्रेस ने राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक न्याय की मांग की।

कहने को ये तीन शब्द ही हैं पर इनके जरिये एक विस्तृत चुनावी एजेंडा तैयार कर लिया गया। इनसे न केवल अनेक नाकामियों व भाजपा के प्रहारों से पस्त कांग्रेस में जान लौटी वरन राहुल की छवि को जिस तरह से एक कुटिल, प्रदीर्घ और महंगे अभियान के तहत बिगाड़ा गया था, उसका भी पर्दाफाश हुआ। लोग जान गये कि इसके पीछे भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मंशा क्या थी। जनता के सामने अब सब कुछ शीशे की तरह साफ हो गया है कि पहले 'कांग्रेस मुक्त भारत' और फिर 'विपक्ष मुक्त भारत' का नारा देने वाली भाजपा का उद्देश्य राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक शक्तियों को अपने हाथों में लेना है। पूंजी आधारित राजनैतिक सत्ता तैयार करने के लिये भाजपा हेतु आवश्यक था कि वह लोगों को किसी न किसी नशे का आदी बनाये। धर्म, जातिवाद, साम्प्रदायिकता, राष्ट्रवाद का इस्तेमाल उसने मादक द्रव्यों की तरह किया और उसका भरपूर लाभ उठाया। साम्प्रदायिक तनाव, धार्मिक उन्माद और राष्ट्रवाद का जहर बो कर भाजपा ने अनेक राज्यों तथा 2019 की चुनावी फसल काटी।

ये वे मसले थे जिन्हें हल करते हुए ही भारत ने औपनिवेशिक दासता की बेड़ियां काटकर सम्प्रभुता हासिल की थी। मोदी व भाजपा-संघ जानते थे कि जब तक लोगों के मन में इस गौरवशाली इतिहास के प्रति सम्मान बना रहेगा, उनके मंसूबे पूरे नहीं हो सकते। इसलिये जनता एवं खासकर नयी पीढ़ी के मन में भ्रामक कहानियां गढ़ते हुए उस सम्पूर्ण विरासत को ही बदनाम किया गया। भारत के संवैधानिक मूल्यों को देश की कमजोरी बतलाते हुए ऐसे नये भारत का स्वप्न दिखाया गया जिसमें बहुसंख्यकों का वर्चस्व हो। अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुस्लिमों-ईसाइयों के प्रति घृणा का माहौल बनाया गया। इसके लिये धर्म का राजनीति में बड़े पैमाने पर प्रवेश कराया गया। देश को ऐसे दो धड़ों में बांटा गया जिसमें एक ओर उन लोगों को धार्मिक व उसके जरिये देशभक्त बताया गया जो भाजपा के समर्थक हैं और दूसरे खांचे में सारे देश को बैठाया गया। इन स्थितियों में जब विपक्ष के पास भाजपा के पैंतरों की कोई काट नहीं थी, तब राहुल की दो यात्राओं ने लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष व प्रगतिशील ताकतों को राह दिखाई। उन्हें हौसला भी मिला। फिर, जैसे-जैसे राहुल की यात्राओं, उनके लोकसभा में दिये भाषणों, सभाओं, प्रेस कांफ्रेंस एवं अन्य तरह से होते खुलासों से लोगों की आंखें खुलती गईं, मोदी व भाजपा की मुश्किलें बढ़ने लगीं। इतना ही नहीं, जिस कांग्रेस से कई दल परहेज कर रहे थे, वे भी अंततः उसकी छतरी तले आ गये। यह दीगर बात है कि कुछ लोग धोखा दे गये (नीतीश कुमार, जयंत चौधरी आदि) और ऐसे कुछ लोग शामिल नहीं हुए, जिनसे अपेक्षा थी (मायावती आदि)।

बहरहाल, एक ओर तो भाजपा के राममंदिर, नागरिकता संशोधन कानून (सीएए), यूसीसी जैसे साम्प्रदायिक मुद्दे नाकाम हो रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ अनेक नाकामियों, भ्रष्टाचार, कारोबारियों से उनकी नज़दीकियों, चुनावी कदाचारों और हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर हुई किरकिरी से मोदी की लोकप्रियता में व्यापक ह्रास हुआ है। इन तमाम मुद्दों के साथ कांग्रेस व विपक्ष ने भाजपा के सामने इतनी कड़ी चुनौती पेश की है कि भाजपा भी जान गई है कि परिस्थितियां वैसी अनुकूल नही है जैसी 2019 में थी। अनैतिक कार्रवाइयों व धन बल के बावजूद इंडिया के सामने भाजपा को सत्ता से हटाने का बड़ा अवसर है क्योंकि वह एकजुट है और उसके नेताओं के मन से केन्द्रीय जांच एजेंसियों का भय नहीं रह गया है। सीटों के समझदारीपूर्ण बंटवारे एवं चुनाव प्रचार में तालमेल बिठाकर विपक्ष चमत्कारिक उलटफेर कर सकता है।

# हालात बिल्कुल 2004 जैसे ! क्या इतिहास दोहराया जाएगा ?

यह चुनाव आसान नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी बातें चाहे चार सौ पार की जितनी कर लें मगर उन्हें मालूम है कि नफरती हवा नहीं चल पा रही है। और बिना हिन्दू-मुसलमान हुए सबसे बड़ी पार्टी बनना भी मुश्किल है। 2004 के चुनाव उन्हें याद होंगे। वाजपेयी जैसे भाजपा के सबसे बड़े नेता कांग्रेस से पीछे रह गए थे।

आज की ही तरह बड़े-बड़े नारे थे। फील गुड और इंडिया शाइनिंग! और दूसरी तरफ आज के राहुल की तरह अकेली सोनिया गांधी थीं। ऐसे ही सड़कों पर संघर्ष करती हुई। जैसे अहंकार भरे कटाक्ष आज हो रहे हैं वैसे ही तब होते थे। उस समय प्रमोद महाजन चाणक्य बने हुए थे। कहा कि यह सड़कें हमने बना दीं तो सोनिया चल पा रही हैं।

उस समय भी खामख्याली का यही अंदाज था कि देश में जो कुछ हुआ है हमने किया है। इंडिया शाइनिंग इसी से उपजा नारा था। जैसे आज विश्व गुरु है। मगर 13 मई 2004 को जब परिणाम आए तो कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी थी। 145 सीटों के साथ और उसका गठबंधन 335 सीटों के साथ बहुमत से बहुत आगे था। भाजपा को केवल 138 सीटें मिली थीं।

यहां यह बता देना जरूरी है कि उस समय भी चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में मीडिया भाजपा और इसके गठबंधन एनडीए को भारी बहुमत दिला रहा था। एनडीए को 335 सीटें और यूपीए को 110। और जब नतीजे आए थे एनडीए केवल 181 सीटों पर सिमट कर रह गई।

शनिवार 16 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव की घोषणा होने से एक दिन पहले तक मीडिया एनडीए को कितनी सीटें दिखा रहा था? उतनी ही जितनी मोदी जी खुद बोल रहे हैं। चार सौ! चार सौ से दो कम! चार सौ से चार ज्यादा! मतलब चार सौ का आंकड़ा जनता के दिमाग में भर देना है।

मगर क्या इस तरह जनता के दिमाग में कुछ भरा जा सकता है? 2004 में तो साफ कहा गया था। फीड गुड! अच्छा महसूस करो! जनता की हालत आज की ही तरह बुरी थी। नहीं कर पाई। जमीनी हकीकत पर चली गई। बेरोजगारी बढ़ गई थी। जीडीपी घट गई थी। अमीर-गरीब के बीच अंतर बढ़ता चला जा रहा था। संयुक्त राष्ट्र का मानव विकास सूचकांक बता रहा था कि पीने के पानी, बुनियादी ढांचे, एजुकेशन, हेल्थ, पावर जैसे क्षेत्रों का बजट कम हो रहा था। महंगाई पर कोई काबू नहीं था। कैसे महसूस करती सब अच्छा है। फील गुड। नारा तो बहुत तेजी से चल रहा था। मीडिया की भक्ति में उस समय भी कोई कमी नहीं थी। इंडिया शाइनिंग कर रही थी। मगर हकीकत में लोग देख रहे थे कि शाइन (चमक) केवल बड़े-बड़े उद्योगपतियों के चेहरे पर ही है। जनता के चेहरे बुझे हुए थे। निराशा का माहौल था।

अब आप बताइये कि आज की स्थिति 2004 से किस तरह अलग है? बल्कि जनता की स्थिति 2004 से ज्यादा खराब है। बेरोजगारी की समस्या विस्फोटक हो गई है। सरकारी भर्तियां बिल्कुल बंद कर दी गई हैं। कांग्रेस ने विभागवार बताया कि 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हुए हैं। इनमें 8 लाख के करीब आरक्षित सीटें हैं। मतलब जिन दलित आदिवासी पिछड़ों के जीवनयापन का मुख्य आधार सरकारी नौकरी था उससे उन्हें वंचित कर दिया गया। कृषि जातियां जो देश की कुल आबादी का पचास प्रतिशत से ज्यादा हैं उनके लड़कों के रोजगार का मुख्य साधन फौज, अन्य सुरक्षा बल और पुलिस हुआ करते थे। मगर सब जगह भर्ती बंद कर दी गई। सेना में अग्निवीर जैसी ठेके की स्कीम ले आए। यूपी में 6 साल बाद पुलिस में भर्ती आई थी। मगर पेपर लीक हो गया। आजकल हर भर्ती में यह होता है। पहले तो भर्ती नहीं आती। आती है तो पेपर नहीं होते। पेपर होते हैं लीक हो जाते हैं। और अगर सब ठीक रहा तो नियुक्तियां नहीं होतीं। फौज जैसी जगह में चयन के बाद डेढ़ लाख युवा नियुक्ति के लिए भटक रहे हैं।



शकील अख्तर

> **आज की स्थिति 2004 से किस तरह अलग है? बल्कि जनता की स्थिति 2004 से ज्यादा खराब है। बेरोजगारी की समस्या विस्फोटक हो गई है। सरकारी भर्तियां बिल्कुल बंद कर दी गई हैं। कांग्रेस ने विभागवार बताया कि 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हुए हैं। इनमें 8 लाख के करीब आरक्षित सीटें हैं। मतलब जिन दलित आदिवासी पिछड़ों के जीवनयापन का मुख्य आधार सरकारी नौकरी था उससे उन्हें वंचित कर दिया गया।**

यह स्थितियां 2004 से ज्यादा खराब हैं। ऐसे में चार सौ पार केवल माहौल बनाने के लिए है। एक मनोवैज्ञानिक तरीका। दूसरे पक्ष को बिल्कुल खतम दिखा दो। लेकिन क्या दूसरा पक्ष जो इस बार यूपीए के बदले इंडिया गठबंधन है वह इतना कमजोर है कि एनडीए चार सौ ले जाएगा तो वह केवल सौ सवा सौ में सिमट जाएगा? इंडिया गठबंधन तो लगातार मजबूत होता जा रहा है। उसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि भाजपा जैसी कार्यकर्ता आधारित पार्टी से मौजूदा सांसद इस्तीफा दे रहे हैं। राजस्थान और हरियाणा से जहां बीजेपी की सरकार है। कांग्रेस में आ गए हैं। एक ने मध्य प्रदेश में भाजपा से इस्तीफा दे दिया। यह सामान्य घटनाक्रम नहीं है। भाजपा की और किसी पहलू से आप चाहे कितनी आलोचना कर लो मगर वहां के नेताओं का पार्टी के प्रति एक निष्ठा समर्पण का भाव रहता है। वहां से पार्टी छोड़ना बताता है कि पार्टी बढ़ चाहे जितनी गई हो उसके नेताओं को लगने लगा है कि यह पुरानी वाली पार्टी नहीं है। जहां कहते थे सामूहिक निर्णय होते हैं। कार्यकर्ता का सम्मान होता है। अब तो सबकी समझ में आ रहा है कि भाजपा सरकार तक नहीं कहा जाता है। मोदी सरकार कहा जाता है। परिवार तो संघ परिवार था वह तक मोदी परिवार हो गया। और सबसे बड़ी बात कि मोदी मोदी का माहौल जितना बढ़ाते जा रहे हैं जनता में ग्राफ गिरता जा रहा है। बेरोजगारी और मंहगाई के सवाल मोदी मोदी के शोर के बावजूद दब नहीं पा रहे।

ऐसा नहीं है कि भाजपा की समझ में नहीं आ रहा। आ रहा है। मगर उनके पास कोई रास्ता नहीं है। चुनाव की घोषणा हो गई है। दस साल जो नौकरी नहीं दे पाए अब अगर उसे देने का वादा भी करेंगे तो क्या युवा मानेगा? महंगाई का सवाल पेट्रोल-डीजल पर एक और दो रुपए कम करने से क्या दब जाएगा? दस साल में पेट्रोल और डीजल के रेट दो गुने और तीन गुने हो गए हैं। जबकि कच्चे तेल की कीमत 75 प्रतिशत से सौ प्रतिशत तक कम हुई। क्या जनता इसे बिल्कुल नहीं समझती? हर चीज के दाम अनाप शनाप बढ़े हैं। गरीब का तो हाल बेहाल है ही। मध्यम वर्ग और उच्च मध्यम वर्ग तक का बजट बिगड़ा हुआ है। क्या मंहगाई चुनाव में सवाल नहीं बनेगी?

बेरोजगारी और मंहगाई इन दोनों सवालों का जवाब बीजेपी के पास नहीं है। और यह दोनों सवाल इस चुनाव के मुख्य मुद्दे बन रहे हैं। नफरत और विभाजन के सवाल नहीं।

आप देखिए चुनाव घोषित होते ही गोदी मीडिया ने चुनाव के मुद्दे बताना शुरू कर दिए। मगर इनमें असली मुद्दे बेरोजगारी और मंहगाई गायब हैं। राम मंदिर, सीएए को मुख्य मुद्दा बता रहे हैं। जनता बता देगी चुनाव में कि उसके लिए असली मुद्दा क्या है। 2004 में भी ठीक यही हुआ था। आज जैसे मोदी पर भरोसा रखिए कह रहे हैं तब कह रहे थे फील गुड कीजिए! और इंडिया को देखिए वह चमक रहा है। इंडिया शाइनिंग! जैसे आज कह रहे हैं कि हम विश्व गुरु हो गए। मोदी जी के कहने से रुस और युक्रेन में परमाणु युद्ध रुक जाता है। विदेशों में उपहास उड़ता है। विदेश विभाग को खंडन करना पड़ता है। मगर कहे जा रहे हैं। ऐसे ही 2004 में आखिरी आखिरी तक 13 मई 2004 की सुबह मतगणना शुरू होने से ठीक पहले उस समय के भाजपा चाणक्य प्रमोद महाजन ट्रेड मिल पर एक्सरसाइज करते हुए कैमरों पर भारी बहुमत के साथ सरकार की वापसी का दावा कर रहे थे। मगर क्या हुआ वह सबको मालूम है। और अब क्या होगा यह सब देखना चाहते हैं!

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# चुनावी दान के बदले सरकारी लाभ देने की सर्वोच्च न्यायालय की आशंका सही

■ **के रवीन्द्रन**

चुनावी बांड खरीदने वालों और सत्ता में बैठे लाभार्थी राजनीतिक दलों के बीच धन के बदले सरकारी सुविधा देने की सबसे बुरी आशंका, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड योजना पर अपने फैसले में विस्तार से व्यक्त किया था, सच हो गई है। यह पता चला है कि कुछ सबसे बड़ी बांड खरीद के पहले मोदी सरकार की जांच एजेंसियों की जबरदस्त कार्रवाई हुई थी।

यहां तक कि दाताओं और प्राप्तकर्ता राजनीतिक दलों की सूची से निकलने वाली अधूरी जानकारी भी एक जटिल जाल के अस्तित्व का संकेत देती है, जहां शक्ति की गतिशीलता और वित्तीय हित एक दूसरे से मिलते हैं। इन खुलासों ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है और सत्ता का प्रभाव, जबरदस्ती और निहित स्वार्थों के एक काले नेटवर्क को उजागर कर दिया है।

उदाहरण के लिए, कई बायोटेक और फार्मास्युटिकल कंपनियों को एक ही समय में बांड खरीदते हुए पाया गया है, जो स्पष्ट रूप से सरकारी एजेंसियों और नियामक विभागों की कार्रवाई की तपिश की मजबूरियों का संकेत देता है। किसी के पास अभी लोगों और शासन प्रणाली सहित पूरे देश पर किये गये धोखाधड़ी के पूर्ण प्रभाव का अनुमान लगाने का कोई साधन नहीं है।

> **सितंबर 2019 में, मोदी सरकार ने कॉर्पोरेट भारत को एक और वरदान दिया, मौजूदा कंपनियों के लिए आधार कॉर्पोरेट कर की दर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया और नयी पूंजी निवेश परियोजनाएं शुरू करने वाली नयी कंपनियों के लिए इसे घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया। अनुमान है कि वित्त मंत्रालय ने कंपनियों को ये रियायतें देने के लिए 1,45,000 करोड़ रुपये का भारी त्याग किया है।**

चुनावी बांड योजना 2017 के मध्य में शुरू की गई थी, यह अवधि महत्वपूर्ण उथल-पुथल से भरी थी। देश ने हाल ही में नोटबंदी और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के कार्यान्वयन के दोहरे तूफान का सामना किया था। भयानक रूप से झकझोरने वाली उन घटनाओं के दूरगामी परिणाम हुए, विशेषकर सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्योगों के लिए। जैसे ही धूल जम गई, बड़े निगमों ने अपनी बाजार हिस्सेदारी मजबूत करने के अवसर का लाभ उठाया, जिससे छोटे खिलाड़ियों को उबरने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

सितंबर 2019 में, मोदी सरकार ने कॉर्पोरेट भारत को एक और वरदान दिया, मौजूदा कंपनियों के लिए आधार कॉर्पोरेट कर की दर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया और नयी पूंजी निवेश परियोजनाएं शुरू करने वाली नयी कंपनियों के लिए इसे घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया। अनुमान है कि वित्त मंत्रालय ने कंपनियों को ये रियायतें देने के लिए 1,45,000 करोड़ रुपये का भारी त्याग किया है।

फिर, कहानी में एक अप्रत्याशित मोड़ आया जब इन कर प्रोत्साहनों को अतिरिक्त निवेश और रोजगार सृजन के वित्तपोषण में लगाने के बजाय, अधिकांश बड़े निगमों ने अपनी क्षमता का विस्तार किये बिना अपनी लाभप्रदता बढ़ाने का विकल्प चुना। पूंजी निवेश में बढ़ोतरी का वायदा अधूरा रहा, जिससे मूल इरादा भी अधूरा रह गया।

इसके परिणामस्वरूप कंपनियों पर दबाव डालने की भारी गुंजाइश रह गई थी, जिसे सरकार ने एक कला के रूप में विकसित कर लिया, जो अप्रिय चुनावी बांड योजना के रूप में शुरू की गई। शुरुआत में ही यह स्पष्ट था कि यह योजना भ्रष्टाचार के द्वार खोल देगी। चुनाव आयोग और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समेत हर संभावित एजेंसी ने दुरुपयोग की संभावना के कारण इस योजना का विरोध किया था, लेकिन मोदी सरकार के विचार अलग थे, और उसने सभी विरोधों को दरकिनार कर चुनावी बांड योजना को लागू कर दिया।

सबसे बड़ी दानकर्ता फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज नामक केरल की एक अल्पज्ञात लॉटरी कंपनी निकली है, जिस पर सत्तारूढ़ सीपीआई-एम के एक प्रमुख नेता के साथ संदिग्ध संबंधों सहित कई संदिग्ध सौदों का आरोप लगाया गया है। सूची में शामिल अन्य प्रमुख दानदाताओं में स्टील टाइकून लक्ष्मी मित्तल, सुनील भारती मित्तल की भारती एयरटेल और अनिल अग्रवाल की वेदांता शामिल हैं।

भारतीय चुनाव आयोग द्वारा अपने वेबसाइट पर अपलोड किये गये आंकड़ों के अनुसार, खरीदारों में स्पाइसजेट, इंडिगो, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, मेघा इंजीनियरिंग, पीरामल एंटरप्राइजेज, टोरेंट पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स, अपोलो टायर्स, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, सन फार्मा, वर्धमान टेक्सटाइल्स, जिंदल ग्रुप, फिलिप्स कार्बन ब्लैक लिमिटेड, सीएट टायर्स, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज, आईटीसी, केपी एंटरप्राइजेज, सिप्ला और अल्ट्राटेक सीमेंट भी शामिल हैं।

बांड और कॉर्पोरेट व्यवहार के बीच दिलचस्प लिंक पहले से ही सार्वजनिक डोमेन में है और दाताओं और प्राप्तकर्ता पार्टियों की सूची आकर्षक सुराग प्रदान करती है। कई कंपनियां जो प्रमुख बांड खरीदार के रूप में सामने आईं, उन्हें अपने कमीशन और चूक के कारण नियामक दबाव की मजबूरियों का सामना करना पड़ा, जिससे लगभग एक पैटर्न बन गया।

एक साथ बांड अधिग्रहण महज वित्तीय लेनदेन से कहीं अधिक का संकेत देते हैं। जाहिर तौर पर, बांड ने उन्हें आगे की परेशानी से बचने में मदद की। धन के बदले में सरकारी फायदा देने की व्यवस्था बड़ी दिख रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि राहत की तलाश में ये कंपनियां अपनी समस्या का अंतिम समाधान लेकर आई हैं: अनुकूल नीतियों, अनुबंधों या अन्य रियायतों के बदले सत्तारूढ़ दल को वित्तीय सहायता की एक अनकही समझ के साथ।

सबसे परेशान करने वाली बात यह है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) इस हिमालयी धोखाधड़ी को अंजाम देने में एक इच्छुक भागीदार बन गया था और भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने तुरंत उसके धोखे के प्रयास को पकड़ लिया। विवरण पूरी तरह नहीं देने और इसलिए चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड हुई जानकारी पूरी नहीं होने पर सर्वोच्च न्यायालय ने एसबीआई की आलोचना करने में कोई कमी नहीं की तथा उसे चुनावी बांड के सीरियल नंबरों को नहीं देने के लिए नोटिस भी जारी किया है। उल्लेखनीय है कि इन नंबरों के खुलासे से धन देने और लेने वालों का पता चलेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने योजना से जुड़ी पारदर्शिता संबंधी चिंताओं पर जोर देते हुए स्पष्टीकरण की मांग की तथा एसबीआई 18 मार्च तक जवाब देने को कहा है।

## गुरवाणी विचार

### तुम करो दया मेरे साईं सदा सदा तुध धियाई

भिंद मीन भिंद पतंग कुंचर एक देखि बिनाय
पंच शेख असाध जा महि-ता की केतक आस माधो
अबि दिया हित कीन, बिबेक दीप मलीन (रहाओ)

गुरवाणी की उपरोक्त पंक्तियों भक्त रविदास जी मानवमन को समझाइश दे रहे हैं हिरन में सिर्फ रोग है अर्थात एक बुरी आदत है वह है सुनने का चस्का। वह कोई भी धुन सुनकर उस पर आकृष्ट हो जाता है और इस तरह अपनी जान गंवा बैठता है। इसी तरह मछली को जीभ का स्वाद रोग है कोई भी चीज देखती है तो झट से मुंह मारती है जिसके कारण शिकारी पैनी धार कांटे के साथ उसके खाने हेतु कुछ कीड़े मकोड़े बांध देते हैं और उसका एक किनारा लकड़ी के सहारे अपने पास रखते हैं जैसे ही मछली उस कीड़े को मुंह में रखती है, खींच लेते हैं। भौंरा भी खुशबू सूंघने की आदत के कारण फंस कर मर जाता है। जब वह कमल के फूल पर बैठता है तो रात को कमल का फूल बंद हो जाता है उसी में वह फंसकर अपनी जान गवां बैठता है। फिर पतंगा के बारे में बता रहे हैं कि उसे रोशनी का रोग है वह उसी रोशनी के कारण दिये की लौ के नजदीक चला जाता है और उसी में जल कर अपनी जान दे देता है। फिर हाथी के बारे में बताते हैं कि उसे काम वासना के अधीन पकड़ा जाता है, शिकारी गढ़े खोदकर उस पर घास फूस से ढांक देता है और ऊपर एक पुट्ठे की हथनी रख देता है जिसे देखकर हाथी उसकी तरफ आकृष्ट हो जाता है और गढ़े में फंसकर पकड़ा जाता है।

प्राणियों में सिर्फ एक ही बुरी आदत जिसके कारण वह फंसकर या तो अपनी जान गंवा देता है या पकड़े जाकर जिंदगी भर गुलामों वाला जीवन व्यतीत करता हैं पर इंसान में तो पांच प्रकार के असाध्य रोग हैं, उसका क्या अंजाम होगा। इंसान में काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार इत्यादि पांच प्रकार के रोग हैं वह उसी के चक्कर में पड़कर सांसारिक विषय विकारों में गलतान रहता है और अपना हीरे जैसा मानव जीवन जो इसे पूर्व जनमों के किसी अच्छे पुण्य के कारण मिला है। व्यर्थ ही कौड़ियों के मोल गंवा देता है।

त्रिगद जोनि अचेत संभव पुनः पाप असोच।
मानुखा अवतार दुर्लभ तिहो संगति पाये।।

वे प्रभु परमात्मा से विनती करते हुए फरमा रहे हैं कि हर जीव अज्ञानता के अंधेरे में ही विचर रहा है और अज्ञानता से ही प्यार करने के कारण सांसारिक विषय विकारों में ही लिप्त रहकर अपनी सुंदर मानव काया व्यर्थ ही गवां रहा है क्योंकि विषय विकार, माया मोह में गलतान रहने के कारण इसकी बुद्धि मलिन हो चुकी है और इंसानों को अच्छे-बुरे की पहचान नहीं रह गई है। प्रभु परमात्मा इन पर विशेष कृपा करें तभी इंसान प्रभु बंदगी में लग जाता है। इसलिए हर इंसान को इस तरह की अरदास करते रहना चाहिए।

तुम करो दया मेरे साईं
ऐसी बुद्धि करो परगासा
सदा सदा तुध धियाई।

प्रभु परमात्मा की नजरें इनायत होने पर ही इंसान प्रभु सिमरन बंदगी में लगकर अपना लोक परलोक सुहेला सकता है और तभी संसार समुद्र से उजले मुख से पार होकर प्रभु की सांची दरगाह में स्थान प्राप्त कर सकता है। इसीलिए प्रभु परमात्मा की हर वक्त मन से सिमरन बंदगी में हर इंसान को लगे रहना चाहिए। इससे पांच असाध्य रोगों पर काबू भी पाया जा सकेगा और सांसारिक मोह माया से ध्यान भी हट जाएगा। और संतोष धन की भी प्राप्ति हो जाएगी।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### सूरज की सौर ऊर्जा

मानव सभ्यता प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर उन्नत तो हुई है, किन्तु हमारी ऊर्जा की खपत भी बढ़ती जा रही है। यदि इसी तरह ऊर्जा के परम्परागत साधनों का उपयोग बढ़ता गया, तो भविष्य में भयानक ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ेगा। दिनों-दिन बढ़ता वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन गंभीर समस्या बनता जा रहा है। इससे बचाव के लिए वैज्ञानिक जीवाश्म ईंधनों के विकल्पों को तलाश रहे हैं। सभी तरह के विकल्पों में सौर ऊर्जा सबसे बेहतर है क्योंकि यह सस्ती, सर्वसुलभ, निरापद, निरंतर उपयोग लाई जाने वाली अक्षय ऊर्जा है।

भारत में कुल सिंचित क्षेत्र के लिए 2 करोड़ पंप को बिजली से तथा 75 लाख पंप को डीज़ल से ऊर्जा मिलती है। कृषि क्षेत्र बिजली का एक प्रमुख उपभोक्ता है। कई राज्यों में कुल बिजली खपत में से एक-चौथाई से लेकर एक-तिहाई तक कृषि में खर्च किया जाता है। यह बिजली की मांग अगले 10 वर्षों में खेती में दुगनी होने की संभावना है। यदि इसके लिए नए विकल्प नहीं अपनाए गए तो खेती में बिजली सप्लाई की स्थिति बिगड़ती जाएगी।

यदि यहां भी सौर ऊर्जा का विकल्प अपनाया जाए तो यह बिजली स्थिर कीमत के अनुबंध के आधार पर अगले 25 वर्षों तक 2.75 से लेकर 3.00 रुपए प्रति युनिट की दर से मिल सकती है। महाराष्ट्र में सौर कृषि फीडर योजना के तहत कुल लगभग 2-3 हज़ार मेगावॉट के सौर संयंत्र निविदा और क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। यह करीब 7.5 लाख पंप यानी महाराष्ट्र के कुल पंप्स में 20 प्रतिशत को सौर बिजली सप्लाई करने के बराबर है।

भारत स्थित 'क्लाइमेट ट्रेंड्स' और इंग्लेंड स्थित 'ग्रीन टेक स्टार्ट-अप, राइडिंग सनबीम्स' के एक नए अध्ययन से पता चला है कि भारतीय रेलवे लाइनों को सौर ऊर्जा की सीधी आपूर्ति से, रेलवे के राष्ट्रीय नेटवर्क में चार में से कम-से-कम एक ट्रेन को चलाने से सालाना लगभग 7 मिलियन टन कार्बन की बचत होगी। शोधकर्ताओं ने पाया कि कोयला-प्रधान ग्रिड से आपूर्ति की गई ऊर्जा के बजाय सौर से आपूर्ति भी हर साल 6.8 मिलियन टन कार्बन डाई-ऑक्साइड तक उत्सर्जन में कटौती कर सकती है, जो देश के एक शहर कानपुर के पूरे वार्षिक उत्सर्जन के बराबर है।

चीन अंतरिक्ष में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की तैयारी कर रहा है। सौर ऊर्जा के उपयोग की एक टेक्नॉलॉजी 'सौर फोटो वोल्टेइक सेल' (पीवीसी) है। यह पीवीसी सौर ऊर्जा को सीधे बिजली में बदल देते हैं। अंतरिक्ष में इस तरह संयंत्र स्थापित करना अत्यधिक लाभदायक है क्योंकि यह संयंत्र सौर ऊर्जा को पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश से पहले ही ग्रहण कर लेते हैं जिसके चलते वातावरण में बिखरने से पहले ही उसका उपयोग हो सकता है। दूसरा प्रमुख फायदा यह है कि इन संयंत्रों पर बादल का कोई असर नहीं पड़ेगा जिससे यह साल भर बिना रुकावट के काम कर सकेंगे। चीन 2021 से 2025 के बीच कई सारे छोटे या मध्यम आकार के संयंत्र पृथ्वी से 36,000 किलोमीटर दूर की कक्षा में स्थापित करने में सफल हो सकता है।

यह बेहतर है कि अब समूचा विश्व सौर ऊर्जा पर शोध और अध्ययन कर उसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने में लगा है। तेल, कोयला तथा ऊर्जा के अन्य परम्परागत साधन पर्यावरण सम्बन्धी समस्याएं पैदा करते हैं इसलिए सौर ऊर्जा का उपयोग किया जाना ही बेहतर विकल्प है।

**सुदर्शन सोलंकी**
**(विज्ञान संबंधी विषयों के लेखक एवं ब्लॉगर हैं।)**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## निकारागुआ के जिक्विलिलो में भूकंप के झटके

**मानागुआ।** निकारागुआ के जिक्विलिलो से 50 किमी दक्षिण पश्चिम में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि रविवार को 0044 ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.6 मापी गई। भूकंप का केन्द्र 12.35 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.68 डिग्री पश्चिम देशांतर पर 52.8 किमी की गहराई पर निर्धारित था।

# इजरायल ने सीरिया के हथियार डिपो पर किया हमला



■ दक्षिणी क्षेत्र में कई बिंदुओं को निशाना बनाया

■ वायु रक्षा प्रणालियों ने कुछ मिसाइलों को मार गिराया

**दमिश्क,** 17 मार्च (एजेंसियां)। इजरायल ने रविवार तड़के सीरिया के दमिश्क प्रांत में एक हथियार डिपो सहित कम से कम दो साइटों को निशाना बनाया। सरकारी मीडिया ने बताया कि हमले में एक सैनिक घायल हो गया है। एजेंसी के अनुसार, सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा है कि इजरायली मिसाइलों ने दमिश्क प्रांत के कलामुन पहाड़ों में सीरियाई सेना से संबंधित और हिजबुल्लाह द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हथियार डिपो को निशाना बनाया।

ब्रिटेन स्थित ऑब्जर्वेटरी ने एक साइट पर आग लगने की सूचना देते हुए कहा कि उसी क्षेत्र में सेना बटालियन के पास एक अन्य साइट को भी निशाना बनाया गया। एक ही व्यक्ति द्वारा संचालित इस संगठन पर सीरियाई युद्ध विश्लेषकों ने नियमित रूप से झूठी और गलत रिपोर्टिंग का आरोप लगाया है।

सरकारी समाचार एजेंसी सना ने एक सैन्य स्रोत के हवाले से पहले कहा था कि इजरायली दुश्मन ने हवाई हमला किया... दक्षिणी क्षेत्र में कई बिंदुओं को निशाना बनाया। इसमें स्थान का नाम नहीं बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, इसमें कहा गया है कि हमले में एक सैनिक घायल हो गया और भौतिक नुकसान की सूचना दी गई। साथ ही कहा गया कि वायु रक्षा प्रणालियों ने कुछ मिसाइलों को मार गिराया। इजरायल में हमास के 7 अक्टूबर के नरसंहारों के बाद शुरू हुए गाजा युद्ध के बाद से यहूदी देश ने सीरिया में एक साल से जारी हवाई हमले तेज कर दिये हैं। इसका उद्देश्य सीरिया में ईरान की उपस्थिति को खत्म करना है। उसने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और हिजबल्लाह दोनों पर हमला किया गया है, जो 8 अक्टूबर से लेबनानी-इजरायल सीमा इजरायल के साथ गोलीबारी कर रहा है। इज़रायल सीरिया में अपने हमलों पर शायद ही कभी टिप्पणी करता है। माना जाता है कि अतीत में सीरिया में इजरायली हमलों में ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड और संबद्ध समूहों के उच्च पदस्थ लोग मारे गए थे।

## डब्ल्यूएचओ प्रमुख का इजराइल से राफा पर जमीनी हमला रोकने का आग्रह

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख ने इजराइल से गाजा के सबसे दक्षिणी शहर राफा पर जमीनी हमले को रोकने का आग्रह किया है। डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एडनोम घेब्येयियस ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि मैं राफा पर जमीनी हमले के लिए आगे बढ़ने की इजराइली योजना के बारे में गंभीर रूप से चिंतित हूं। उन्होंने कहा कि घनी आबादी वाले इस इलाके में हमले से लोगों की परेशानियां बढ़ेंगी। इलाके में स्वास्थ्य सुविधाएं पहले से ही चरमरा गई हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को राफा पर हमले की मंजूरी दे दी।

## मादुरो ने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी स्वीकार की




■ हम सच्चाई के रास्ते पर चल, नई जीत हासिल करेंगे

**काराकस,** 17 मार्च (एजेंसियां)। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने शनिवार को सत्तारूढ़ यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय कांग्रेस के दौरान 28 जुलाई के चुनाव में राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी स्वीकार कर ली। श्री मादुरो ने काराकस की राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि अगर आप मेरा समर्थन करते हैं, हम सच्चाई के रास्ते पर नयी आशा के रास्ते पर फिर से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने अपने राष्ट्रपति प्रशासन के दौरान हासिल की गयी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जैसे निरंतर आर्थिक विकास, सुधार और सामाजिक शांति का सुदृढ़ीकरण। राष्ट्रपति ने कहा कि इस वर्ष स्वयं प्रयास से देश की प्रगति के प्रदर्शन के रूप में आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत से अधिक होगी। श्री मादुरो ने कहा कि उनका उद्देश्य पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज द्वारा छोड़े गए लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों से आहत सामाजिक कल्याण राज्य का पुनर्निर्माण और पुर्नस्थापित करना होगा। यह स्पष्ट नहीं है कि आगामी राष्ट्रपति चुनाव में वेनेजुएला के विपक्ष के लिए नेता कौन होगा।

## सुडोकू 6499

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 6 | 8 | | 3 | 2 | | |
| 4 | 2 | | 9 | 1 | | | 8 | |
| 7 | | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | | | | 8 | | | | 9 |
| 6 | 1 | 8 | | | | 4 | 5 | 2 |
| 3 | | | | 5 | | | | |
| | | | | 3 | 5 | 6 | | 8 |
| | 3 | | | 6 | 8 | | 2 | 1 |
| | | 1 | 2 | | 9 | 3 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 18 मार्च, 2024 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 8

### राशिफल

मेष - आज आपका मन काफी चंचल रहेगा, इस कारण आपको निर्णय लेने में काफी परेशानी होगी। इस कोई भी महत्वपूर्ण काम पूरा नहीं कर पाएंगे। विरोधियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन नए काम को करने की प्रेरणा मिलेगी।

वृषभ - आज आपको पूरी तरह से स्थिर होकर काम करने की जरुरत है। ऐसा नहीं होने पर अच्छे अवसर भी हाथ से जा सकते हैं। यात्रा का आयोजन सफल नहीं होगा। भाई- बंधुओँ से प्रेम तथा सहयोग मिलेगा।

मिथुन - आपका आज का दिन आर्थिक दृष्टि से लाभदायक है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। स्वादिष्ट भोजन और अच्छे कपड़े पहनने को मिलेंगे।

कर्क - आज ज्यादा खर्च हो सकता है। परिवार का वातावरण भी ज्यादा अच्छा नहीं होगा। परिजनों के साथ मतभेद हो सकते हैं। मन में अनिश्चितता के कारण मानसिक बेचैनी रहेगी। मन दुविधायुक्त रहेगा। वाणी पर संयम रखें।

सिंह - आज व्यापार में लाभ और आय में वृद्धि होगी। उत्तम भोजन प्राप्त होगा। मित्रों के साथ रमणीय स्थान पर जा सकते हैं। महिला मित्र आज विशेष सहायक होंगी। बच्चों के साथ कहीं बाहर जाने का अवसर मिलेगा।

कन्या - आज नए काम की योजना बनेगी। व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन लाभ प्रदान करने वाला होगा। अधिकारियों की कृपादृष्टि रहेगी, जिससे पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

तुला - आज आप नए काम के शुरुआत की कोशिश करेंगे। बौद्धिक कामों और साहित्य लेखन में सक्रिय रहेंगे। तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। विदेश में रहने वाले मित्रों और सगे-संबंधियों के समाचार प्राप्त होंगे।

वृश्चिक - आज अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कफ, सांस या पेट की परेशानी हो सकती है। आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा।

धनु - आपका आज का दिन सुख- शांति में व्यतीत होगा। मित्रों के साथ दिन अच्छा गुजरेगा। स्वादिष्ट भोजन तथा नए कपड़े प्राप्त होंगे। किसी खास व्यक्ति के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। आज आपके विचार स्थिर नहीं रहेंगे।

मकर - आज आपके व्यापार धंधे में खूब सफलता मिलेगी, परंतु कानूनी मामलों में सावधानी बरतें। व्यापार धंधे को लेकर बनाई योजनाएं सफलतापूर्वक संपन्न होंगी। किसी के साथ पैसों का लेन-देन सफलतापूर्वक पूरा होगा।

कुंभ - आज अपनी बौद्धिक शक्ति से लेखन और सृजनात्मक कार्य अच्छी तरह से पूरे कर सकेंगे। आपका विचार किसी एक बात पर स्थिर नहीं रहेगा तथा उसमें लगातार परिवर्तन होता रहेगा। महिलाएं अपनी वाणी पर काबू रखें।

मीन - मकान और वाहन आदि के दस्तावेजों को अत्यंत संभालकर रखना होगा। पारिवारिक माहौल न बिगड़े, इसके लिए वाद-विवाद टालें। माता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। धन प्रतिष्ठा की हानि हो सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## फिलीपींस में चार सैनिकों की मौत

**मनीला,** 17 मार्च (एजेंसियां)। फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत मागुइंदानाओ डेल सुर में रविवार को घात लगाकर किए गए हमले में चार सैनिक मारे गए। सेना ने यह जानकारी दी। फिलीपीन सेना के छठे इन्फैंट्री डिवीजन के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल डेनिस अल्मोरेटो ने बताया कि दातू हॉफर अम्पाटुआन शहर में कम से कम 10 आतंकवादियों ने आज स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे भोजन और अन्य आपूर्ति खरीदने के लिए सैनिकों द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले एक नागरिक वाहन पर एम 16 और एम 14 राइफलों से गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि सैनिक सामान खरीदने के बाद अपने गश्ती अड्डे पर वापस जा रहे थे, तभी एक रिहायशी इलाके के पास उन पर घात लगाकर हमला किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि हमले के दौरान सैनिक वर्दी में नहीं थे और सामान्य नागरिक वाहन में सवार थे।

## मैक्रॉन ने युद्ध के लिए 'विशिष्ट समाधान' के साथ यूक्रेन आने का वादा किया

**पेरिस,** 17 मार्च (एजेंसियां)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने कहा है कि वह युद्धग्रस्त यूक्रेन का दौरा जरूर करेंगे। मीडिया रिपोर्टों में यह बात कही गई है। यूक्रेनस्का प्रावदा की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रॉन ने कहा कि उनकी यात्रा तब होगी जब विशिष्ट प्रस्ताव और विशिष्ट समाधान तैयार हो जाएंगे।




यात्रा का मतलब सहयोग के संदर्भ में एक मजबूत संदेश और नई दिशाएं होगा: इमैनुएल मैक्रॉन

उन्होंने कहा कि मैं आपको पूरी ईमानदारी बता रहा हूँ - मैं निश्चित रूप से आऊंगा। मेरा एक नियम है : अपनी यात्रा को यूक्रेन के लिए यथासंभव उपयोगी बनाना... मैं विशिष्ट प्रस्तावों और विशिष्ट समाधानों के साथ यूक्रेन आऊंगा।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी यात्रा का मतलब सहयोग के संदर्भ में एक मजबूत संदेश और नई दिशाएं होगा। एलिसी पैलेस ने छह दिन पहले सोमवार को घोषणा की थी कि मैक्रॉन आने वाले सप्ताहों में यूक्रेन का दौरा करेंगे। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने सुरक्षा गारंटी पर एक समझौते को अंतिम रूप देने के लिए फरवरी में यूक्रेन का दौरा करने के अपने इरादे की घोषणा की थी। युक्रेन्स्का प्रावदा की रिपोर्ट के अनुसार, उस समय कोई विशेष तारीख नहीं दी गई थी।

## रूस में रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम पर साइबर अटैक

**मॉस्को,** 17 मार्च (एजेंसियां)। रूस में पहली बार इस्तेमाल हो रहे रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम पर बड़े पैमाने पर साइबर अटैक किया गया है। यह जानकारी रूसी चुनाव अधिकारियों ने दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने शनिवार को रूसी केंद्रीय चुनाव आयोग के प्रमुख एला पामफिलोवा के हवाले से कहा कि रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के निगरानी पोर्टल को लक्ष्य बनाकर 30 हजार हमले किए गए। पामफिलोवा ने कहा कि शुक्रवार की तुलना में शनिवार को हमले बढ़ गए। मॉस्को में चुनाव निरीक्षण टीम के प्रमुख वादिम कोवालेव ने शनिवार को कहा कि ये हमले अमेरिका और ब्रिटेन से किए गए हैं। कोवालेव ने कहा कि जिन सर्वरों से हमले हो रहे हैं, उनमें से अधिकांश अमेरिका और ब्रिटेन में स्थित हैं। रूस में राष्ट्रपति के चुनाव के लिए 15 मार्च को शुरू हुआ मतदान 17 मार्च को समाप्त होगा।



## यूक्रेन पूरब में रक्षात्मक रुख अपनाएं, क्रीमिया को निशाना बनाना जारी रखें: ब्रिटेन



**कीव,** 17 मार्च (एजेंसियां)। ब्रिटेन के रक्षा सचिव ग्रांट शाप्स और सेना कमांडर एंटनी रैडाकिन ने यूक्रेन दौरे के दौरान यहां के वरिष्ठ नेतृत्व और सैन्य कमांडरों को रूस के खिलाफ युद्ध रणनीति पर सलाह दी है। यह बात मीडिया की खबरों में कही गई। उक्रेन्स्का प्रावदा के मुताबिक, शाप्स और रैडाकिन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की, रक्षा मंत्री रुस्तम उमीरोव और नए कमांडर-इन-चीफ, ऑलेक्ज़ेंडर सिर्स्की से मुलाकात की। मीडिया के अनुसार, रैडाकिन को चिंता थी कि सिर्स्की जमीनी लड़ाई पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करेगा, जबकि यूके कमांडर ने पश्चिमी सैन्य सिद्धांत, जमीन हवा और समुद्र पर आगे बढ़ने की जरूरत के आधार पर एक यूक्रेनी रणनीति विकसित करने के लिए दो साल प्रयास किए। रैडाकिन, विशेष रूप से एक नई यूक्रेनी नौसेना के विकास में सक्रिय रूप से शामिल हैं, जो नाटो मानकों को पूरा करती है। उन्होंने ईरानी शैली के बेड़े पर ध्यान देने की सलाह दी, जिसमें हल्के, अधिक चलने योग्य जहाज और ड्रोन शामिल हैं, जो काला सागर में रूस को रोकने में सक्षम हैं। साथ ही, यूक्रेनी निर्यात के लिए महत्वपूर्ण शिपिंग मार्गों की रक्षा भी करते हैं।

## चीन का स्व-निर्मित आइसब्रेकर 'श्वेलोंग 2' अगले महीने हांगकांग का दौरा करेगा



■ श्वेलोंग 2 9 से 12 अप्रैल तक बोर्डिंग टूर के लिए लोगों के लिए खुला रहेगा

**बीजिंग,** 17 मार्च (एजेंसियां)। चीन का पहला स्व-निर्मित ध्रुवीय वैज्ञानिक अनुसंधान आइसब्रेकर श्वेलोंग 2 पांच दिवसीय यात्रा के लिए 8 अप्रैल को हांगकांग पहुंचेगा। इस संबंध में एक तैयारी समिति स्थापित की गई, जिसने 16 मार्च को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह खबर दी।

हांगकांग में श्वेलोंग 2 की यात्रा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हे च्येनचोंग के मुताबिक, चीन के 40वें अंटार्कटिक अभियान के नेता और मुख्य वैज्ञानिक चांग पेइछन, श्वेलोंग 2 के कप्तान श्याओ चीमिन, देश के कई शीर्ष ध्रुवीय वैज्ञानिक और विश्वविद्यालय के प्रोफेसर श्वेलोंग 2 के साथ हांगकांग की यात्रा करेंगे। बताया गया है कि श्वेलोंग 2 9 से 12 अप्रैल तक बोर्डिंग टूर के लिए लोगों के लिए खुला रहेगा और गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी। बता दें कि श्वेलोंग 2 ध्रुवीय अनुसंधान आइसब्रेकर चीन का चौथा ध्रुवीय अनुसंधान जहाज है, जिसकी कुल लंबाई 122.5 मीटर, जल निकासी मात्रा लगभग 14,000 टन, कुल स्थापित बिजली 23.2 मेगावॉट और क्षमता 101 लोगों की है। हाल ही में, चीन के 40वें अंटार्कटिक अभियान मिशन को अंजाम देने वाला श्वेलोंग 2 अंटार्कटिक छिनलिंग स्टेशन से अभियान दल के सदस्यों को लेकर स्वदेश के लिए रवाना हो गया।

## वर्ग पहेली 6499

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | ■ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. धीरे-धीरे
३. बाधाओं को दूर करने वाला गणेश
५. राहगीर, बटोही
६. कड़वी बात
७. हवा में इधर-उधर हिलाना
९. बंदरगाह, बोताश्रय, नगर
१०. आवागमन
१२. जलावन, जलाने की वस्तु
१३. बिल्कुल, नितांत
१४. पैरों की धूल
१७. समस्त, संपूर्ण (उर्दू)
१८. लेने वाला
२०. बागी
२१. विवेचक, समीक्षक
२३. मनुष्य की खोपड़ी

**ऊपर से नीचे:-**

१. चंद्रकला
२. चंद्रमा के समान सुंदर मुख वाली
३. किसी के खाते में खर्च की ओर कोई रकम लिखना
४. वधिक
५. फिर से स्वस्थ होना, पल्लवित होना
८. हाव-भाव (उर्दू)
१०. स्वतंत्र, मुक्त (उर्दू)
११. उप-पति से उत्पन्न संतान
१२. आयताकार सांचे में डाल कर पकाया गया मिट्टी का टुकड़ा
१३. आवश्यक रकम लेकर वांछित वस्तु देने या काम पूरा करने का लिखित वादा
१४. विकसित, प्रस्फुटित
१५. नीरस
१७. हिम्मत
१८. धन संबंधी, माली
१९. आज्ञापालन, अमल करना (उर्दू)
२२. तकलीफ

### वर्ग पहेली-6498

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | सं | २ तु | ष्ट | ■ | ■ | ३ को | षा | ४ ल | य |
| प | ■ | रं | ■ | ५ बा | व | ला | ■ | ह | ■ |
| ६ ला | ग | त | मू | ल्य | ■ | ७ ह | र | जा | ८ ना |
| भ | ■ | ■ | ■ | ९ का | ज | ल | ■ | ■ | मु |
| ■ | १० अ | स्ता | ११ च | ल | ■ | ■ | १२ अं | त | रा |
| ■ | ग्र | ■ | रि | ■ | १३ नि | य | ति | ■ | द |
| १४ रा | ज | १५ प | त्र | ■ | प | ■ | १६ म | १७ न | ■ |
| म | ■ | र | ■ | १८ कं | ट | १९ क | ■ | क | ■ |
| २० रा | घ | व | ■ | ग | ■ | २१ टा | ल्स | टा | २२ य |
| ज्य | ■ | २३ श | य | न | क | क्ष | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास


1801-भारत में पहली आयुध निर्माण फैक्ट्री स्थापित की गई थी।
1914-आज़ाद हिन्द फ़ौज के अधिकारी गुरबख्श सिंह ढिल्लों का जन्म।
1922-महात्मा गांधी को कारावास की सजा सुनाई गई।
1925-पूर्वोत्तर टोक्यो में आग लगने से 3,000 इमारतें नष्ट हो गईं।
1938-हिन्दी सिनेमा जगत के प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक शशि कपूर का जन्म।
1944-नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आज़ाद हिंद फ़ौज ने बर्मा के रास्ते भारत में प्रवेश किया।
1971-पेरू में भूस्खलन से 200 लोगों की मौत हो गई।
1978-पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी देने का फैसला किया गया।
1995-माइकल जॉर्डन ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए अपने 17 महीने के एनबीए की समाप्ति की घोषणा की।
1997-तुर्की में रूसी विमान दुर्घटना में 50 लोगों की मौत हो गई।
2000-उगांडा में प्रलय दिवस सम्प्रदाय के 230 सदस्यों ने आत्मदाह किया।
2006-संयुक्त राष्ट्र ने 'मानवाधिकार परिषद' के गठन का प्रस्ताव मंज़ूर किया।
2007-उत्तर कोरिया ने परमाणु कार्यक्रम बन्द करने का कार्य प्रारम्भ किया।
2007-पाकिस्तान क्रिकेट कोच बॉब वूल्मर किंग्स्टन के एक होटल के बाथरूम में मृत पाए गए।
2008-टाटा समूह के अध्यक्ष रतन टाटा को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर में 'डॉक्टर ऑफ़ सांइस' की मानद उपाधि से सम्मानित किया।
2009-केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने मेघालय में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफ़ारिश की।

**चुनाव** राज्य की एकमात्र सीट के लिए पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा

## सत्तारूढ़ जेडपीएम मिजोरम की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए पहली बार जोर आजमाएगी

**आइजोल, 17 मार्च (एजेंसियां)। मिजोरम विधानसभा चुनावों में नवंबर 2023 में अपनी जीत के पाँच महीने बाद ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) अपना पहला संसदीय चुनाव लड़ेगा। राज्य की एकमात्र सीट के लिए लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के सुरक्षा अधिकारी रहे पूर्व आईपीएस अधिकारी मुख्यमंत्री लालदुहोमा के नेतृत्व में 2018 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले गठित जेडपीएम ईसाई बहुल मिजोरम में 40 सदस्यीय विधानसभा के लिए 7 नवंबर 2023 को हुए चुनावों में 27 सीटें हासिल करके पहली बार सत्ता में आया।**

उग्रवादी संगठन से राजनीतिक दल बने मिज़ो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) (महज 10 सीटें) को विधानसभा चुनाव में अपमानजनक हार का स्वाद चखाने वाला जेडपीएम एक बार फिर संसदीय चुनावों में कांग्रेस के अलावा एमएनएफ से मुकाबला करेगा। कांग्रेस और एमएनएफ दोनों ने 20 फरवरी 1987 को देश का 23वाँ राज्य बनने के बाद से मिजोरम पर कई वर्षों तक शासन किया था। मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने, जो राज्य से सांसद रहे हैं, 2023 के विधानसभा चुनावों से पहले और बाद में घोषणा की थी कि उनकी जेडपीएम न तो काँग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' ब्लॉक और न ही भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के साथ गठबंधन करेगी। एमएनएफ की तरह, जेडपीएम भी नागरिकता (संशोधन) अधिनियम और समान नागरिक संहिता का कड़ा विरोध करता है और




मिज़ो परंपरा, संस्कृति और जातीयता से संबंधित मुद्दों को उठाने का वादा करता है। मिजोरम की एकमात्र लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति समुदाय के लिए आरक्षित है। राज्य की 12 लाख की आबादी का लगभग 95 प्रतिशत इसी समुदाय से है।

मिजोरम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मधुप व्यास ने कहा कि पिछले कुछ दशकों से, राज्य में महिला मतदाताओं की संख्या उनके पुरुष समकक्षों से अधिक है। इस प्रकार वे पहाड़ी राज्य में प्रत्येक चुनावी लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि मिजोरम में कुल 8,61,277 मतदाताओं में से 4,14,777 पुरुष; 4,41,520 महिला; और 4,980 सेवा मतदाता हैं। व्यास के अनुसार, मिजोरम में लिंग अनुपात 1,064 है और इसके 11 जिलों में से ममित एकमात्र ऐसा जिला है जहाँ महिलाओं की तुलना में पुरुष मतदाता अधिक हैं।

इस वर्ष 8 फरवरी को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, 36 हजार 214 युवा मतदाता (18-19 वर्ष), चार हजार 758 वरिष्ठ नागरिक मतदाता (85 वर्ष और अधिक) और तीन हजार 399 दिव्यांग मतदाता हैं। मिजोरम में 1,276 मतदान केंद्र हैं जो 2019 के चुनाव से 101 अधिक है। यह चुनाव पर्यावरण के अनुकूल होगा और चुनाव आयोग ने पार्टियों और उम्मीदवारों को सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने की सलाह दी है।

## दुनिया को जानें

### कोलंबिया विला डे लेवा खगोल विज्ञान महोत्सव में चीन अतिथि देश बना

**बीजिंग,** 17 मार्च (एजेंसियां)। कोलंबिया में वार्षिक विला डे लेवा खगोल विज्ञान महोत्सव 15 मार्च को कोलंबिया के विला डे लेवा शहर में शुरू हो गया, जिसमें चीन पहली बार अतिथि देश के रूप में हिस्सा ले रहा है। जानकारी के मुताबिक, विला डे लेवा खगोल विज्ञान महोत्सव 3 दिनों तक चलता है और इसमें प्रदर्शनियां, खगोल विज्ञान अकादमिक व्याख्यान आदि गतिविधियां शामिल होती हैं। चीन के डीप स्पेस एक्सप्लोरेशन लेबोरेटरी, पेइचिंग तारामंडल और पेइचिंग यूनिवर्सिटी ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स के विशेषज्ञ इस महोत्सव में भाग ले रहे हैं।

महोत्सव के उद्घाटन समारोह में विला डे लेवा शहर के मेयर विक्टर गैंबोआ चैपरो ने अपने भाषण में अतिथि देश के रूप में चीन की हिस्सेदारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कोलंबिया और चीन के बीच सहयोग खगोलविदों और उत्साही लोगों के लिए बेहतर स्थिति प्रदान कर सकता है, साथ ही स्थानीय वैज्ञानिक पर्यटन उद्योग को और पुनर्जीवित कर सकता है।

# प्रादेशिकी

## कांग्रेस इन चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार: प्रतिभा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने देश में लोकसभा चुनावों की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस इन चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। श्रीमती सिंह ने दावा किया है कि कांग्रेस प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर शानदार जीत हासिल करेंगी। लोकसभा चुनावों की घोषणा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए श्रीमती सिंह ने उम्मीद जाहिर की है कि चुनाव आयोग देश मे निष्पक्ष चुनाव करवाने व अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए बगैर किसी भय और दबाव के निर्भिक मतदान करवाएगा।

# आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है कांग्रेस सरकार : जयराम ठाकुर

## चुनाव के ठीक पहले लोक लुभावन वादे कर प्रदेश की मातृशक्ति से साथ कर रही धोखा

**शिमला,** 17 मार्च (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। कांग्रेस चुनाव के समय प्रदेश के लोगों के साथ धोखा करके जन समर्थन हासिल करना चाहती है। इसीलिए चुनाव आते ही वह बड़ी-बड़ी बातें और घोषणाएं करती है, झूठी गारण्टियां देती है और चुनाव के बाद भूल जाती है। कांग्रेस को भूलना नहीं चाहिए कि झूठ और फरेब की राजनीति ज्यादा दिन तक नहीं चलती है। कांग्रेस का भांडा फूट चुका है। प्रदेश के लोग कांग्रेस को जवाब देने के लिए तैयार बैठे हैं। उस बार के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का पता ही नहीं चलेगा।



■ सत्ता में आने के डेढ़ साल बाद तक सरकार ने कोई काम नहीं किया

जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने विधान सभा आम चुनाव के समय कांग्रेस ने हिमाचल में दस गारंटियां दी और उन्हीं झूठी गारंटियों के नाम पर सरकार में आई। उन गारंटियों में एक गारंटी प्रदेश की 18 से 60 साल की महिलाओं को 1500 रुपए महीना देने की गारंटी भी थी। जिसके लिए कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश की माताओं-बहनों से नक़ली फॉर्म भी भरवा लिए थे। सत्ता में आने के डेढ़ साल बाद तक सरकार ने कोई काम नहीं किया और जब चुनाव की तारीख़ एकदम नज़दीक आ गये तो बिना बजट में इस योजना का प्रावधान किए महिलाओं को फिर से 1500 रुपए देने की घोषणा कर दी और फॉर्म भरवाना शुरू कर दिया है। आचार संहिता लगने के बाद भी कांग्रेस सरकार द्वार इस तरह के महिलाओं के साथ धोखा करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने पहले विधान सभा चुनाव के पहले प्रदेश की माताओं बहनों से महिला सम्मान निधि के फॉर्म भरवा रहे थे और अब जब लोक सभा चुनाव सिर पर है तो फिर से बिना बजट में योजना के लिए पैसों का प्रावधान किए ही फिर से फॉर्म भरवा रही है। इसी से कांग्रेस सरकार की नीति और नीयत पर सवाल उठ रहे हैं। चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा मातृ शक्ति से साथ फिर से धोखा करने के साथ आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग सब समझ चुके हैं इसलिए कांग्रेस के हथकंडे अब नहीं चलने वाले हैं। लोकसभा के चुनाव में सिर्फ़ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी चल रही है। इसीलिए हिमाचल प्रदेश के लोग भाजपा को भारी बहुमत देगी।

## भाजपा के 9 विधायक कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष पेश होंगे

**शिमला।** विधानसभा सचिवालय प्रशासन की ओर से जिन 9 भाजपा विधायकों को प्रिविलेज एंड कंटेप्ट नोटिस दिया गया था। ये सभी विधायक सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को नोटिस का लिखित जवाब देने के लिए जाएंगे। ऐसी जानकारी है कि सभी भाजपा विधायक लिखित जवाब देने के साथ-साथ मौखिक तौर पर भी अपना पक्ष रखेंगे। रविवार को पहले इन भाजपा विधायकों ने विधानसभा परिसर में अपने निवास पर बैठक की। उसके बाद नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ रिज मैदान पर स्थित आशियाना रेस्तरां में इस संबंध में चर्चा की। ऐसा भी हो सकता है कि यदि किसी कारणवश विधानसभा अध्यक्ष शिमला में उपलब्ध नहीं हुए तो भाजपा विधायक विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा को नोटिस का जवाब सौंपेंगे।

### बजट सत्र के दौरान क्या हुआ था

बजट सत्र के समापन से दो दिन पहले 27 फरवरी को कटौती प्रस्ताव के दौरान मतदान की अनुमति नहीं मिलने के कारण विपक्ष की ओर से विरोध प्रकट किया गया था। तनातनी की पृष्टभूमि तैयार होने के बाद 28 फरवरी को बजट पारित होने से पहले विपक्षी विधायकों ने भाजपा के 15 सदस्यों को निलंबित किए जाने के विरोध स्वरूप सदन में दस्तावेज उछाले थे। इससे एक दिन पहले कटौती प्रस्ताव पर मतदान नहीं करवाए जाने पर गुस्साए विधायक विधानसभा अध्यक्ष के चैंबर में गए थे, वहां पर भी वाद-विवाद हुआ था।

### अजय सोलंकी की शिकायत पर दिए गए नोटिस

नाहन के कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने विधानसभा के रूल्स आफ बिजनेस के रूल 79 के अधीन 5 मार्च 2024 को शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया कि संविधान के अनुच्छेद 194 के तहत सदन में हुडदंग करने के साथ सदन में बीच में बैठने वाले विधानसभा के रिपोर्टरों के कागजात फाड़े थे। बजट पारित करने वाले दिन 28 मार्च को सदन में अशोभनीय और अमर्यादित व्यवहार किया था। इतना ही नहीं इन विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के चैंबर के बाहर सुरक्षा कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की की थी। इसके बाद अगले दिन सदन में इन भाजपा विधायकों ने मार्शल के साथ भी धक्का-मुक्की की। उपरोक्त नियमों के तहत भाजपा के इन विधायकों को सस्पेंशन का अधिकार है।

विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा की ओर से 13 फरवरी को प्राप्त शिकायत के आधार पर आरोपी बनाए गए भाजपा के 9 विधायकों इंद्र सिंह गांधी, विपिन सिंह परमार, विनोद कुमार, हंसराज, सतपाल सिंह सत्ती, दीपराज, त्रिलोक जम्वाल, लोकेंद्र कुमार व सुरेंद्र शौरी को प्रिविलेज एंड कंटेंप्ट का नोटिस दिया गया था।

# तेज तर्रार अफसर हरक सिंह रावत का निधन

**देहरादून,** 17 मार्च (देशबन्धु)। रविवार सुबह तेज तर्रार छवि के पीसीएस अफसर हरक सिंह रावत का निधन हो गया है। प्रदेश की राजधानी देहरादून के निरंजनपुर स्थित अपने आवास में



हरक सिंह ने अंतिम सांस ली। मूल रूप से चमोली जिले के रहने वाले हरक सिंह रावत ने उत्तराखंड में विभिन्न जिलों में काम किया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी अपर सचिव हरक सिंह रावत के निधन पर गहरा शोक जताया है। हरक सिंह रावत ने पिछले कई सालों तक गढ़वाल मंडल में अपर आयुक्त के तौर पर भी जिम्मेदारी संभाली। हरक सिंह रावत पिछले लंबे समय से कैंसर की बीमारी से ग्रसित थे। पिछले कई सालों से उनका दिल्ली और मुंबई में भी इलाज चला था। पिछले दिनों पीसीएस संगठन की बैठक के दौरान भी वो यहां पहुंचे थे और तमाम पीसीएस अफसर से उन्होंने मुलाकात की थी। हालांकि, बीमार होने के बाद से ही वो इधर-उधर जाने और चलने फिरने में परेशानी महसूस कर रहे थे। हरक सिंह रावत ने देहरादून में भी नगर निगम में बतौर सीनियर अफसर काम किया था।

**सार संक्षेप**

### गुलदार के हमले से पुलिसकर्मी सहित दो गम्भीर घायल

**पौड़ी।** पहाड़ों पर गुलदार के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे है। इस क्रम में बीती रात अलग-अलग घटनाओं में गुलदार के हमले के दौरान दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे अस्पताल पहुंचाया गया। घायलो में से एक उत्तराखण्ड पुलिस का जवान भी शामिल है। जानकारी के अनुसार बीती देर रात करीब 8 बजे हरेंद्र पुंडीर पुत्र चिरंजी लाल श्रीयंत्र टापू से अपनी स्कूटी से घर जा रहा था। इस दौरान घात लगाए गुलदार ने चलती स्कूटी में हरेंद्र पर हमला कर दिया। जिसमें हरेंद्र बुरी तरह से घायल हो गया। घायल अवस्था में हरेंद्र को बेस अस्पताल श्रीकोट में भर्ती किया गया। जहां हरेंद्र की हालत स्थिर बताई जा रही है। इसके अलावा बीती देर रात करीब साढ़े 10 बजे पुलिसकर्मी रोहित नेगी पुत्र पंचम सिंह ड्यूटी पूरी कर अपने घर जा रहा था। तभी उसी जगह पर रोहित पर भी गुलदार ने हमला कर दिया. जिसमें रोहित लहूलुहान हो गया। रोहित को घायल अवस्था मे अस्पताल भर्ती किया गया है।

बता दें की पौड़ी और श्रीनगर गढ़वाल के बीच गुलदार के हमले की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लेकिन फिर भी वन विभाग इन जंगली जानवरों को रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। मामले में नागदेव रेंज के रेंजर ललित मोहन नेगी का कहना है, कि घटनास्थल यानी श्रीयंत्र टापू के पास पिंजरे लगा दिए गए हैं। जल्द ही गुलदार को पकड़ लिया जाएगा। इसके अलावा दोनों घायलों को मुआवजा दिया जाएगा।

### चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद

**देहरादून।** बंद घर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से छह लाख की ज्वैलरी सहित अन्य सामान भी बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बीती 25 फरवरी को प्रदीप कुमार पुत्र स्व. विघाचन्द निवासी शिमला एन्क्लेव पूर्व सेवलाकला द्वारा कोतवाली पटेलनगर में तहरीर देकर बताया गया था कि 17 फरवरी को वह कुछ दिनों के लिये अपने परिवार सहित शादी मे अलीगढ गये थे, जब वापस आये तो देखा कि उनके घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था तथा घर का सारा सामान बिखरा पडा था। बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर की अलमारी से लाखो रुपये की ज्वैलरी, नगदी व लैपटॉप आदि सामान चोरी कर लिया गया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद एक सूचना के तहत घटना में शामिल दो लोगों को बीती रात तेलपुर चैक से आगे बडोवाला से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी की गई छह लाख की ज्वैलरी व अन्य सामान बरामद हुआ।

### सुडोकू 6499 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 6 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 4 | 9 | 3 | 7 | 5 |

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता धन सिंह नेगी ने कांग्रेस छोड़ी

**देहरादून,** 17 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही कांग्रेस की सारी उम्मीदों पर पानी फिरना शुरू हो गया है। एक के बाद एक दिग्गज पार्टी से किनारा कर रहे है। इसी क्रम में रविवार को कांग्रेस को एक और झटका लगा।

राजनीतिक झटका

टिहरी से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके विरष्ठ नेता धन सिंह नेगी पार्टी छोड़ दी। वहीं, तीन दिन में सात बड़े नेताओं के इस्तीफे से पार्टी में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि शुक्रवार को ही गंगोत्री के पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण और पुरोला के पूर्व विधायक मालचंद ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

## चुनाव के समय कांग्रेस को एक और बड़ा झटका
## विधायक राजेंद्र भंडारी भाजपा में शामिल

**देहरादून,** 17 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के साथ ही उत्तराखण्ड कांग्रेस को लगातार राजनीतिक झटके लग रहे है। जिससे कांग्रेस के माथे पर चिंता की लकीरें फूटने लगी है। साथ ही कांग्रेस नेताओं के लगातार भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हताशा और निराशा का माहोल बनने लगा है। इसबीच दिल्ली में कांग्रेस के चमोली जिले के बदरीनाथ से विधायक राजेंद्र भंडारी ने कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद वे भाजपा में शामिल हो गए है। दिल्ली में राजेंद्र भंडारी ने पीयूष गोयल, सीएम धामी, अनिल बलूनी और दुष्यंत कुमार गौतम की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। अनिल बलूनी ने राजेंद्र भंडारी का पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया। रविवार को उत्तराखंड कांग्रेस को एक और बड़ा झटका बदरीनाथ से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी के रूप में लगा। राजेंद्र भंडारी



ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड भाजपा प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम और गढ़वाल लोकसभा सीट से प्रत्याशी अनिल बलूनी की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। राजेंद्र भंडारी के भाजपा में शामिल होने से गढ़वाल लोकसभा सीट पर भाजपा को फायदा होगा। क्योंकि गढ़वाल लोकसभा सीट पर राजेंद्र भंडारी ही एक मात्र कांग्रेस के विधायक थे।

# गंगा पूजा के साथ त्रिवेंद्र सिंह रावत ने की चुनाव प्रचार की शुरूआत

■ पूर्व मुख्यमंत्री ने आचार्य बाल किशन से भी मुलाकात की

**हरिद्वार,** 17 मार्च (देशबन्धु)। हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने हरिद्वार में गंगा पूजा अर्चना की। जिसके बाद उनके चुनाव प्रचार की शुरूआत हो गयी है।

भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सबसे पहले विश्व प्रसिद्ध हर की पौड़ी पहुंचे। जहां त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गंगा पूजा की। जिसके बाद वह हरिद्वार की अधिष्ठात्री महामाया देवी मंदिर पहुंचे। यहां त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जूना अखाड़े से जुड़े साधु संतों के साथ हवन में प्रतिभाग किया। साथ ही उन्होंने मां माया देवी के दर्शन किए। हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पतंजलि योगपीठ पहुंचकर आचार्य बाल किशन से भी मुलाकात की। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी से भी त्रिवेंद्र ने आशीर्वाद लिया। इस मौके पर त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा हमारे यहां कोई भी शुभ कार्य मां



गंगा के स्मरण के साथ ही करते हैं। यहां पर हरकी पौड़ी पर मां गंगा साक्षात मां गंगा के तट पर आकर गंगा की आरती की है। उन्होंने कहा हरिद्वार संतों की नगरी है, इसलिए वे संतो का आशीर्वाद लेने जाएंगे। संतों से मुलाकात पर बोलते हुए त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा साधु संतों का आशीर्वाद शुरू से ही भारतीय जनता पार्टी को मिलता रहा है। इसीलिए आज मां गंगा की पूजा अर्चना करने के बाद सबसे पहले साधु संतों का आशीर्वाद लेना का कार्य किया।

# केंद्र, हरियाणा में सरकार बदलने का समय : हुड्डा

**चंडीगढ़,** 17 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और अब पहले केंद्र में और फिर इसी साल के अंत में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बदलने का समय आ गया है। महम की नई अनाज मंडी में आयोजित 'जन-आक्रोश' रैली को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जो हरियाणा 2014 से पहले तक प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, कानून-व्यवस्था, खेल-खिलाड़ी, रोजगार देने में नंबर 1 था, आज बेरोजगारी, अपराध, नशे और भ्रष्टाचार में नंबर एक बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने और कांग्रेस सरकार आने पर बुजुर्गों को 6000 रुपये महीना पेंशन, हर परिवार को 300 यूनिट बिजली फ्री, महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर, युवाओं के लिए खाली पड़े दो लाख सरकारी पदों पर पक्की भर्ती, गरीब परिवारों के लिए 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट योजना लागू कर उस प्लॉट पर मकान बनाकर देंगे, बेकार के पोर्टलों से छुटकारा दिलायेंगे, गरीब परिवारों को पीला कार्ड देंगे, खेल-खिलाड़ियों के लिये पदक लाओ, पद पाओ की नीति लागू करेंगे, कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम लागू करेंगे, पिछड़ा वर्ग क्रीमी लेयर आय सीमा को छह लाख से बढ़ाकर 10 लाख करेंगे और गुंडे-बदमाशों को हरियाणा से बाहर करेंगे। इस



■ भाजपा ने 10 साल की सरकार की 'नाकामी' का ठीकरा मुख्यमंत्री का चेहरा बदलकर फोड़ दिया

अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि जुमलेबाजों को सबक सिखाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों को सी2+50 के आधार पर एमएसपी गारंटी के साथ कर्ज माफी से कर्ज मुक्ति देने का काम किया जाएगा। रैली को संबोधित करते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने 10 साल की सरकार की 'नाकामी' का ठीकरा मुख्यमंत्री का चेहरा बदलकर फोड़ दिया, लेकिन अब चेहरा बदलने से काम नहीं चलने वाला। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बांड के हालिया खुलासे से भाजपा का नारा सामने आ गया कि जो देगा चंदा उसको देंगे धंधा और जो नहीं देगा चंदा उसको देंगे ईडी का डंडा।

# हिमाचल में विधायक क्षेत्र विकास निधि में इजाफा

## विधायक क्षेत्र विकास निधि में 10 लाख का इजाफा करते हुए इसे 2.20 करोड़ कर दिया

**शिमला,** 17 मार्च (देशबन्धु)। हिमाचल में विधायक क्षेत्र विकास निधि में इजाफा हो गया है। योजना विभाग ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की बजट घोषणा के मुताबिक विधायक क्षेत्र विकास निधि में 10 लाख का इजाफा करते हुए इसे 2.20 करोड़ कर दिया है। बाकायदा इस बारे तमाम जिला उपायुक्तों को पत्र लिखा गया है। विधायक क्षेत्र विकास निधि में बढ़ोतरी के बाद सरकार चालू माली साल में इस पर करीब 150 करोड़ की रकम खर्च करेगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में साल 1999 में सांसदों में को मिलने वाली एमपी लैड की राशि की तर्ज पर विधायक क्षेत्र विकास निधि को शुरू करने का फैसला लिया गया। साल 1999-2000 के बजट में 15 लाख रुपए विधायक क्षेत्र विकास निधि का प्रावधान तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रो. धूमल ने किया था। विधायकों को विकास कार्यों में सीधे सीधे भागीदार बनाने के साथ साथ प्रदेश के समस्त विधान सभा क्षेत्रों के संतुलित विकास के मकसद से शुरू की गई इस योजना के तहत मंजूर की जाने वाले राशि में समय समय पर बढ़ोतरी होती रही। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने विधान सभा चुनाव से पहले प्रदेश के अंतरिम बजट में विधायक क्षेत्र विकास निधि को बढ़ा



कर दो करोड़ कर दिया था। साल 2022-23 में प्रदेश की आपदा की वजह से वर्तमान सरकार ने बेशक कुछ वक्त के लिए विधायकों को मिलने वाली विधायक क्षेत्र विकास निधि की रकम को रोक लिया था, मगर बाद में इसे जारी किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आगामी माली साल के बजट में विधायक क्षेत्र विकास निधि की राशि को बढ़ा कर 2.20 करोड़ करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद योजना विभाग ने उपायुक्तों को इस बारे पत्र लिखा है। सरकार के पत्र के बाद अब उपायुक्तों को विधायक क्षेत्र विकास निधि के तहत विधायकों से प्राप्त विकास कार्यों की संस्तुतियों को 30 दिनों में जिला योजना समितियों की बैठकों के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

### कांग्रेस के बागियों को लेकर संशय

साल 2024-25 में विधायक क्षेत्र विकास निधि को लेकर अयोग्य करार दिए गए कांग्रेस के बागियों के हलकों को लेकर संशय है। बागियों के हलकों में विधान सभा उपचुनाव की घोषणा निर्वाचन आयोग कर चुका है। लिहाजा गगरेट, लाहौल स्पीति , धर्मशाला, बड़सर, कुटलैहड़ तथा सुजानपुर हलकों के लोगों को विधायक क्षेत्र विकास निधि के तहत होने वाले कार्यों के लिए इंतजार करना होगा।

### उत्तराखंड में हिमाचल से अधिक है विधायक क्षेत्र विकास निधि

पड़ोसी राज्य उत्तराखंड में प्रत्येक विधायक को विधायक को विधायक क्षेत्र विकास निधि के तहत हर साल 5करोड़ की रकम मिलती है। पहले यह राशि 3.75 करोड़ थी। उत्तराखंड की धामी सरकार ने इसे बढ़ा कर 5 करोड़ सालाना किया है।

**सौंदर्यीकरण** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटिज के लिए टेंडर हो चुका जारी

# तीन माह में गोविंद सागर झील में चलेंगे क्रूज, शिकारा : मुख्यमंत्री

**शिमला,** 17 मार्च (देशबन्धु)। बिलासपुर जिला की गोविंद सागर झील में जल्द ही शिकारा, क्रूज़, बनाना राइड, सोफ़ा राइड जैसी वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां शुरू हो जाएंगी पर्यटक दूर-दूर से आकर जिला बिलासपुर में विभिन्न जल क्रीड़ाओं का आनंद ले सकेंगे। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि लगभग तीन माह पूर्व गोविंद सागर झील में एडवेंचर एक्टिविटीज़ के लिए जिला प्रशासन बिलासपुर ने निविदां आमंत्रित की थी तथा इस प्रक्रिया को पूरा करने के बाद अब टेंडर अवार्ड कर दिए गए हैं। प्रक्रिया पूरी करने के बाद जिला प्रशासन बिलासपुर ने गोविंद सागर झील में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज़ के लिए टेंडर अवार्ड कर



दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टेंडर के माध्यम से चुनी गई कंपनी अगले तीन माह में गोविंद सागर झील में अपनी गतिविधियां शुरू कर देगी और इस अवधि के दौरान कंपनी अपनी तैयारियां पूरी करेगी। उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिला में वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज़ शुरू होने के बाद जिला में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, जिससे स्थानीय युवाओं को रोज़गार व स्वरोज़गार के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि आएगी। दूर-दूर से पर्यटक आकर गोविंद सागर झील में विभिन्न वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटिज़ का लुत्फ उठा सकेंगे। बिलासपुर जिला के साथ-साथ प्रदेश में पर्यटकों की संख्या को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। पर्यटन के साथ-साथ प्रदेश के हज़ारों परिवार जुड़े हैं और यह क्षेत्र हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी का मुख्य आधार है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। राज्य सरकार ने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए अपने बजट में बढ़ोतरी की है और हिमाचल प्रदेश में ग्रीन इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ ही कांगड़ा जिला को टूरिज्म कैपिटल के रूप में विकसित किया जा रहा है और जिला में पर्यटन का आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इन प्रयासों के नतीजे आने वाले समय में दिखाए देंगे और पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी।

## पठानकोट जिले में कुल 568 पोलिंग स्टेशन बनाए गए : उप्पल

**पठानकोट,** 17 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब में पठानकोट के चुनाव अधिकारी आदित्य उप्पल ने रविवार को कहा कि पठानकोट जिले में मतदान कराने के लिये जिले में कुल 568 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। श्री उप्पल ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में कुल 493494 मतदाता हैं, जिनमें से 261808 पुरुष, 231678 महिला, 15031 युवा (18-19 वर्ष), 3805 विकलांग मतदाता, 101 एनआरआई और 9258 वरिष्ठ नागरिक हैं। सर्विस वोटरों की संख्या 8708 है। उन्होंने कहा कि जिले के सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिये श्री काला राम कंसल एस.डी.एम. धार कल्हान, भोआ विधानसभा क्षेत्र के लिये श्री अंकुरजीत सिंह अतिरिक्त उपायुक्त (ज) और पठानकोट विधानसभा क्षेत्र के लिये डॉ सुमित मुध एसडीएम पठानकोट को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# प्रादेशिकी

## लाखों की ठगी करने वाले प्रबंधक के परिजनों पर मामला दर्ज

**फर्रुखाबाद,** 17 मार्च (देशबन्धु)। अदालत के आदेश पर कोतवाली मोहम्मदाबाद के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी जितेंद्र सिंह यादव की रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला सिविल लाइन हर्ष भवन निवासी ओमप्रकाश कठेरिया उनकी पत्नी चंद्रमुखी कठेरिया उनके पुत्र शिवम कठेरिया एवं स्वामी आत्मदेव गोपालानंद इंटर कॉलेज ऊगरपुर के प्रबंधक मोहम्मद नदीम को आरोपी बनाया है। जिन पर नौकरी के नाम पर लाखों रुपए लेने एवं फर्जी नियुक्ति पत्र देने का आरोप लगाया गया है। जितेंद्र सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मैं विद्यालय से वर्ष 2016 में शिक्षक पद से सेवानिवृत्त हुआ था। उक्त विद्यालय के संरक्षक व प्रबन्धक ओमप्रकाश उनकी पत्नी चन्द्रमुखी कठेरिया व पुत्र शिवम एवं प्रबन्धक मोहम्मद नदीम एवं तत्कालिक प्रधानाचार्य सफिया बेगम थी।

# लोकसभा चुनाव को पारदर्शी व निष्पक्ष कराना सुनिश्चित करें अधिकारी : मीणा

### जिलाधिकारी ने किया कृषि विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण

**मेरठ,** 17 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को

**मतगणना केंद्र पर सुचारू व शांतिपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए : दीपक मीणा**

जिलाधिकारी ने सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में मतगणना केंद्र बनाए जाने के दृष्टिगत संबंधित समस्त अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। मतगणना केंद्र पर सुचारू एवं शांतिपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने हेतु तैयारी का जायजा लेते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई पानी, बिजली, स्ट्रांग रूम, मतगणना टेबल, बैठने की व्यवस्था, इत्यादि



### आचार संहिता का कड़ाई से कराया जा रहा है अनुपालन

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की घोषणा की जा चुकी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सर्वोच्च दायित्व है। जनपद मेरठ की 7 विधानसभा क्षेत्र हेतु निर्वाचन के संबंध में दिनांक 17-3-2024 तक निम्न कार्यवाही हुई। जनपद में एफएसटी (उड़न दस्ता) हेतु 33 टीमों का गठन किया गया है, जो वर्तमान में सकिय है। जनपद में एसएसटी (स्थाई निगरानी) हेतु 21 टीमों का गठन किया गया है यह टीम जनपद में नोटिफिकेशन के दिनांक 28-3-2024 से सक्रिय रहेगी। जनपद में सात विधानसभा हेतु 7 लेखा टीम बनाई गई है।

व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। जनपद में सात विधानसभा हेतु 7 वीडियो निगरानी टीम बनाई गई है। जनपद में 7 वीडियो अवलोकन टीम का गठन किया गया है। किसी भी प्रकार की जानकारी शिकायत हेतु बचत भवन में कॉल सेन्टर बनाया गया, जो वर्तमान में सक्रिय है, जिसका नम्बर 0121-2664134 एवं 1950 है। जनपद में प्रेक्षक महोदय के आगमन से पूर्व अपर जिलाधिकारी मेरठ द्वारा उनके रहने एवं खानपान की व्यवस्था कर ली गयी है तथा लायजन अधिकारियों के साथ बैठक की गयी है। मतदान हेतु पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं माईको आर्जवर का पूल तैयार किया जा रहा है।

## सभी स्वंयसेवकों को योगाभ्यास व प्राणायाम कराएं : गोयल

**मेरठ,** 17 मार्च (देशबन्धु)। एएस (पीजी) कालेज मवाना की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई-1 व 2 के सात दिवसीय शिविर के अन्तर्गत रविवार को दूसरे दिन प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डा. कुलदीप मलिक ने सभी टीमों को व्यवस्थित कर मुख्य अतिथि व योग प्रशिक्षक का परिचय कराया। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि मनोज प्रकाश गोयल व योग प्रशिक्षक के रूप में मूलचन्द धीमान रहे। इसके अन्तर्गत उन्होंने सभी स्वंयसेवकों को योगाभ्यास व प्राणायाम करायें तथा मनोज गोयल ने योगाभ्यास से होने वाले लाभों से अवगत कराते हुए सभी स्वंयसेवकों को बताया कि अगर हम प्रतिदिन सही तरीके से योगाभ्यास करें तो हम होने वाली बीमारी से बच सकते है। प्रथम सत्र शांति पाठ के साथ समाप्त किया गया। शिविर के द्वितीय सत्र में इकाई-1 व 2 के मध्य कार्यक्रम अधिकारी डा. नीतू सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान विषय पर स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें स्वयं सेवकों की सभी टीमों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मण्डल में राबिन सिंह व डा.एमएन सिद्दीकी रहे। निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणाम में चेन्ज मेकर टीम प्रथम स्थान, भगत सिंह टीम द्वितीय स्थान व जसवन्त, वारियर स्काड तथा डायनमिक थिंकर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। शिविर का समापन वन्दे मातरम् के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजेश कुमार गोयल, नवीन कुमार, सोमे व संजू कुमार का सहयोग रहा।



## दुनिया से जुड़ी हैं अमेठी जिले की पहचान : निशा अनंत

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 17 मार्च (देशबन्धु)। अमेठी की नई कलेक्टर निशा अनंत ने कहा कि अमेठी की पहचान दुनिया से जुड़ी हैं। यही वजह है कि अमेठी की छोटी छोटी खबरें इंटरनेशनल बन जाती है। जिससे झूठी खबरें न छपे। इसके लिए मीडिया को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। देशभर में सामूहिक चुनावी महापर्व की तिथियों का एलान होने के बाद अमेठी की नई कलेक्टर निशा अनंत ने बताया कि पांचवें चरण में अमेठी लोकसभा का चुनाव है। इसके लिए नामांकन 26 अप्रैल से 3 मई तक होंगे। 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच, 6 मई को नाम वापसी,20 मई को मतदान और 4 जून को मतों की गिनती होगी। उन्होंने बताया कि अमेठी लोकसभा क्षेत्र के वोट रायबरेली और सुल्तानपुर को जोड़कर तीन जिलों में पड़ेंगे। सुल्तानपुर जिले के बल्दीराय में 30 मतदान केंद्र और 62 मतदेय स्थल अमेठी लोकसभा क्षेत्र में आते हैं। जबकि रायबरेली के सलोन विधानसभा में 227 मतदान केंद्र और 369 मतदेय स्थल है। निशा अनंत ने बताया कि अमेठी लोकसभा क्षेत्र में 1786125 लाख मतदाता पंजीकृत हैं।



इसमें 937147 पुरुष मतदाता, 848878 महिला मतदाता, सौ थर्ड जेंडर, 2606 सर्विस वोटर हैं। अमेठी लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा है। तिलोई 346609 मतदाता, जगदीशपुर 380543 मतदाता, गौरीगंज 353020 मतदाता, अमेठी 348144 मतदाता और सलोन विधानसभा में 357809 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि 1786125 मतदाताओं के लिए 1125 मतदान केंद्र और 1923 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। निगरानी के लिए 125 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 14 जोनल मजिस्ट्रेट और विभिन्न कार्यों के लिए 28 नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। 12 उड़नदस्ता टीम,12 स्थैतिक निगरानी दल,4 वीडियो टीम और 4 वीडियो अवलोकन टीम,4 सहायक व्यय प्रेक्षक टीम और 4 लेखा जोखा टीम बनाई गई है।

**सार संक्षेप**

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी निर्वाचन संबंधी जानकारी

**झांसी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की घोषणा के बाद झांसी जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने रविवार को विभिन्न राजनीतिक दलों, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के जिलाध्यक्ष और अन्य प्रतिनिधियों से विचार विमर्श कर आवश्यक जानकारियां मुहैया कराईं। जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिला मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार व पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित बैठक में उपस्थितों को आदर्श आचार संहिता व निर्वाचन से सम्बन्धित सभी कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पूरी पारदर्शी, निष्पक्ष व स्वस्थ तरीके से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन कटिबद्ध हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी झांसी लोकसभा क्षेत्र में पूरी चुनावी प्रक्रिया का तिथिवार विवरण देते हुए बताया कि जनपद में निष्पक्ष, पारदर्शी व स्वस्थ लोकसभा चुनाव कराना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता होगी।

### सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में युवक गिरफ्तार

**भदोही।** भदोही जिले में सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में पुलिस ने रविवार को एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में भदोही जनपद के खेमापुर निवासी रोहित पांडेय को गिरफ्तारी कर लिया गया है। बताया जाता है कि रोहित की गिरफ्तारी से ग्रामीण स्तब्ध हैं। साधारण परिवार का रोहित दो भाई एक बहन में बड़ा लड़का है। वह पढ़ाई के बाद दो साल पहले अहमदाबाद के ट्रांसपोर्ट में बुकिंग क्लर्क की नौकरी कर रहा था। पिता विजय नाथ दिल्ली में गार्ड की नौकरी करते हैं। रोहित की गिनती गांव में शान्त तथा साधारण लड़कों में होती है। गांव में चर्चा है कि उसे बड़े लोग फंसा दिया है।

### शैलेन्द्र दुबे तीसरी बार एआईपीइएफ के चेयरमैन बने

**लखनऊ।** चेन्नई में हुई ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीइएफ) की आमसभा में शैलेन्द्र दुबे लगातार तीसरी बार चेयरमैन के पद पर निर्विरोध निर्वाचित किए गए हैं। ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन की चेन्नई में हुई आम सभा में देश भर से आए बिजली अभियंताओं ने चेयरमैन के पद पर लगातार तीसरी बार शैलेन्द्र दुबे को निर्वाचित किया। तेलंगाना प्रान्त के पी रत्नाकर राव को सेक्रेटरी जनरल के पद पर निर्वाचित किया गया।

### पटाखा कारखाने में विस्फोट से गई युवक की जान

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के महराजगंज इलाके में पटाखा कारखाने में रविवार को विस्फोट होने से एक युवक की मृत्यु हो गई तथा एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। रविवार सुबह करीब 11 बजे महराजगंज इलाके के पहरेमऊ में एक लाइसेंसी पटाखा कारखाने में विस्फोट होने से एक 19 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि इस भयंकर विस्फोट की चपेट में आकर एक 15 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि पहरेमऊ में लाल मुहम्मद का लाइसेंसी पटाखे का कारखाना है जो कि गांव की सीमा पर है।

## राज्य मंत्री से मिलेंगे कश्यप समाज के लोग

■ 70 साल के दिव्यांग ने जारी किया वीडियो वायरल

■ सठला में तालाब का पट्टा निरस्त कराना चाहते हैं दबंग

**मवाना,** 17 मार्च (देशबन्धु)। मवाना तहसील के गांव सठला में 70 साल के दिव्यांग ओमप्रकाश कश्यप से दबंग लोग तालाब का पट्टा निरस्त कर छीनना चाहते है। दबंग लोग उसे पट्टा निरस्त कराने की धमकी दे रहे है। आरोग लगा रहे हैं कि वह गांव सठला का निवासी नहीं है। इस मामले को लेकर कश्यप समाज के अनेक लोग इस मामले को लेकर सोमवार को राज्य मंत्री दिनेश खटीक से मिलेंगे। गांव सठला निवासी दिव्यांग ओमप्रकाश कश्यप ने इस मामले में एक वीडियो वायरल किया है, जिसमें उसने आपबीती बताई है। वह सठला गांव का मूल निवासी है। तहसील प्रशासन ने 4 मार्च 24 को सठला गांव के तालाब खसरा 867 का रकबा 0.190 हेक्टेयर और 1676 हेक्टेयर का पट्टा, मत्स्य पालन के लिए आवंटित किया है। वह इस तालाब पर मत्स्य पालन करना चाहता है। अरोप है कि समिति के कुछ दबंग लोग उसे गांव का स्थायी निवासी नहीं बताकर पट्टा निरस्त कराने की धमकी दे रहे हैं। उसने पट्टा पाने के समय तहसीलदार में मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पहचान पत्र, पुराना पट्टा, परिवार रजिस्टर की नकल और लेखपाल की रिपोर्ट आदि सलंग्न की थी। इसी आधार पर तहसील प्रशासन ने उसे दोबारा तालाब का पट्टा आबंटित किया है।

## प्रतिभावान छात्र व वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित




■ त्यागी समाज के उद्देश्य पर डाला प्रकाश

**अमेठी,** 17 मार्च (देशबन्धु)। त्यागी कल्याण समिति का वार्षिकोत्सव शास्त्री नगर राजवंश भवन में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर त्यागी समाज के विभिन्न-विभिन्न क्षेत्र में कार्य करने वाले तथा प्रेरित करने के उद्देश्य से मेधावी छात्रों का अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नीलम द्वारा सुंदर भजन गाकर किया गयास मुख्य अतिथि अनिल कुमार त्यागी एम डी न्यूबर्ग ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, अर्चना त्यागी सेवानिवृत्ति अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण, विशिष्ट अतिथि शुभम त्यागी कवित्री एचडी श्रीजी सिद्धि विनायक, रामकिशोर त्यागी निदेशक एस हरिटेज, सुनील त्यागी क्षेत्रीय अध्यक्ष वत्सवाडा, सुनील त्यागी अध्यक्ष त्यागी समाज दिल्ली संजय त्यागी एमडी निलाया ग्रुप मंचासीन रहे। कार्यक्रम के अतिथि अनिल त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि त्यागी समाज के बच्चे शासन प्रशासन में किस प्रकार आगे आकर देश और समाज की सेवा करें। इस दिशा में उन्हें प्रोत्साहन देने की जरूरत है। त्यागी समाज का उद्देश्य अपनी प्रशासनिक शक्ति को बढ़ाना चाहिए।

## सीजीएचएस लाभार्थियों ने लगाया मनमानी का आरोप

**कानपुर,** 17 मार्च (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के पेंशनभोगी कर्मचारियों ने सीजीएचएस के सूचीबद्ध अस्पतालों पर मनमानी करने और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पेंशनर फोरम की केंद्रीय कार्यकारिणी की रविवार को यहां हुयी आकस्मिक बैठक में महामंत्री आनंद अवस्थी ने कहा कि कानपुर के कुछ अस्पताल सीजीएचएस के मानकों को पूरा न करते हुए लाभार्थियों के इलाज के लिये भारी कीमत वसूल करते हैं और उन्हें अधिकृत सुविधा नहीं देते हैं। ऐसे भी अस्पताल हैं जिनके यहां पर प्राइवेट कमरा नहीं है फिर भी सीजी एचएस की तरफ से इलाज के लिए अधिकृत है। उच्च श्रेणी के अधिकृत लाभार्थियों को गंदे वातावरण में रखा जाता है और यह कहा जाता है कि जब जगह खाली होगी तब दी जाएगी। उन्होने कहा कि इस आशय की शिकायत अपर निदेशक डॉक्टर किरण सिंह से की गयी है। उन्होने सुझाव दिया कि सीजीएचएस के अपर निदेशक तथा पेंशनर्स के प्रतिनिधि एवं कर्मचारियो के प्रतिनिधियों का एक समूह सभी अस्पतालों में जाकर उनका निरीक्षण करें और यह देखें कि उन्हें सी जी एचएस के अंतर्गत अधिकृत सुविधा एवं इलाज मिल रहा है या नहीं। जिन अस्पतालों में नियमों की अवहेलना की जा रही है उन्हें अधिकृत अस्पतालों की सूची से हटाया जाए। फोरम के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि मामला बहुत गंभीर है और इसमें सुधार की आवश्यकता है।

## आचार संहिता का सख्ती से पालन कराना ही प्राथमिकता : अंकित

### एसडीएम ने दिए चुनाव से जुड़े कर्मियों को आदेश

**मवाना,** 17 मार्च (देशबन्धु)। मवाना उप जिलाधिकारी अंकित कुमार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता अब लागू हो गई है। आचार संहिता का शत-प्रतिशत पालन कराना है। इसके तहत 50 हजार रुपए से ज्यादा का कैश लेकर कोई नहीं चल सकेंगा। वहीं गाड़ियों से लगे पार्टियों के झंडे हटाने होंगे। एसडीएम अंकित कुमार ने तहसील सभागार में नायब तहसीलदार, तहसील कर्मचारी और चुनाव से जुड़े कर्मियों की बैठक में उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि आचार संहिता का सख्ती से पालन कराना ही प्राथमिकता है। इस दौरान कोई भी वाहन स्वामी किसी भी पार्टी का झंडा नहीं लगाया जा सकेगा। वाहनों और बैठकों में लाउडस्पीकर का प्रयोग करने की अनुमति सुबह 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक ही दी जाएगी। इसके बाद आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। किसी भी वाहन किसी भी पार्टी का झंडा नहीं लगाया जा सकेगा। केवल राजनैतिक दलों के पदाधिकारी आरओ से अनुमति लेकर गाड़ी में झंडे का प्रयोग कर सकेंगे। निर्वाचन के समय मे कोई भी सरकारी कर्मचारी पॉलिटिकल एक्टिविटी में शामिल नहीं हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो इसे भी अचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

**लाउडस्पीकर के लिए लेनी होगी अनुमति**

एसडीएम अंकित कुमार ने कहा कि किसी भी दशा में बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग निषेध किया गया है। वहीं किसी भी जुलूस व रैली के लिए जगह, समय और रुट का निर्धारण पहले से करके पुलिस प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना पूर्व सूचना के किसी भी जुलूस रैली को अनुमति नहीं दी जाएगी।

## लाखों की अफीम सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 17 मार्च (देशबन्धु)। लाखों की अफीम के साथ अभियुक्त को थाना नबावगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है यह जानकारी अपर पुलिस अधीक्षक डा. संजय कुमार ने फतेहगढ़ स्थित पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान दी।



उन्होंने बताया कि आज थाना नबावगंज पुलिस ने झारखण्ड राज्य के जनपद हजारीबाग थाना विशुनगढ़ के ग्राम नागी ऊचाधान निवासी विपिन कुमार महतों पुत्र गिरीधारी लाल महतों को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस को गिरफ्तारी के दौरान 4 किलो अवैध अफीम जिसकी लगभग कीमत 72 लाख रुपये है। इसके अलावा 1 मोबाइल,1 पर्स जिसमें 1250 रुपये नगद,1 आधार कार्ड,1 पैन कार्ड, 1 गैस कार्ड, 1 इण्डिया पेमेंट बैंक व अन्य फटे कागज बरामद हुए।

## विजेंद्र सिंह का रोड शो के दौरान किया स्वागत

**मवाना,** 17 मार्च (देशबन्धु)। मवाना-बिजनौर सीट से बसपा प्रत्याशी चौधरी विजेंद्र सिंह के रोड शो में शनिवार जनसैलाब उमड़ पड़ा। मवाना से शुरू हुआ रोड शो विभिन्न मार्गों से होता रामपुर तिराहा संपन्न हुआ। जगह-जगह जनता ने अपने चहेते नेता का फूल-मालाओं से स्वागत किया बसपा सुप्रीमो मायावती और विजेंद्र सिंह जिंदाबाद के नारे लगाए। बसपा के लिए कफी अहम मानी जाने वाली बिजनौर लोकसभा सीट से बसपा मायावती ने चौधरी विजेंद्र सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा प्रत्याशी और उन कार्यकर्ताओं की टीम लगातार लोगों के बीच पहुंचकर जोरशोर से प्रचार में जुटी है। शनिवा को उन्होंने रोड शो निकाला, जिसकी



शुरुआत उन्होंने हस्तिनापुर रोड पर स्थित बाब मोहनराम मंदिर में भगवान का आशीर्वाद लेकर की। उसके बाद गणेशपुर, बहसूमा, रामराज मीरापुर, संभलहेड़ा, बेहड़ा सादात, मोरना, भोकारेडी, तेजलेड़ा, पुरकाजी, फलोद, छपार सिसांना आदि स्थानों से होती हुई रामपुर तिराहा पर पहुंचकर संपन्न हुई। जगह-जगह सर्वमाज के लोग अपने चहेते नेता के इंतजार में खड़े थे। उनके पहुंचते ही लोगों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। समापन अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का जो प्यार और सम्मान उन्हें मिला है।

उसका कर्ज वह अपना खून देकर भी चुका नहीं पाएंगे। बता दें कि चौधरी विजेन्द्र सिंह को क्षेत्र की जनता पसंद कर रही है। लगातार उनका ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है।

**आयोजन** *विनायक विद्यापीठ में राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन*

# स्पोर्ट्स के माध्यम से विश्व स्तर पर पहचान बनाने पर दिया जोर

**मेरठ, 17 मार्च (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ एवं फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफइंडिया उत्तर प्रदेश चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय बिल्डिंग ए बेटर वर्ल्ड थ्रू स्पोर्ट्स रहा। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ. अजय मलिक , विभागाध्यक्ष, फिजिकल एजुकेशन, गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी, हरिद्वार एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर भीष्म सिंह, शारीरिक शिक्षा विभाग, अमर सिंह पीजी कॉलेज, लखावटी, प्रोफेसर संदीप कुमार, डीन शिक्षा, सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ और नंदिनी रावत, जनरल सेक्रेटरी, पीईएफआई, उत्तर प्रदेश रहे, जिनका स्वागत विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या एवं रुद्रा ग्रुप की एकेडमिक निदेशक डॉ. अनुप्रीता शर्मा ने बुके देकर किया।**

■ वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे, दिए सुझाव

■ बिल्डिंग ए बेटर वर्ल्ड थ्रू स्पोर्ट्स विषय पर चर्चा

संगोष्ठी की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस दौरान विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या एवं रुद्रा ग्रुप की एकेडिक निदेशक डॉ. अनुप्रीता शर्मा, निदेशक इंजी. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु, बीपीईएस विभागाध्यक्ष सचिन कुमार एवं डॉ. आसिफ अली आदि उपस्थित रहे।

आमंत्रित वक्ता में डॉ. प्रवीन कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ, डॉ.




तरुण दहिया, सहायक प्रोफेसर, एजी पीजी कॉलेज, लखावटी, डॉ. साहिल रावत, सहायक प्रोफेसर, आर्य कन्या पीजी कॉलेज, खुर्जा, डॉ. बरखा भारद्वाज, सहायक प्रोफेसर, रामेश्वर दास अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज, हाथरस उपस्थित रहे। संगोष्ठी के दौरान सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स के माध्यम से कैसे आप विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या एवं रुद्रा ग्रुप की एकेडमिक निदेशक डॉ. अनुप्रीता शर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों और वक्ताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

बीपीईएस विभागाध्यक्ष ने सभी अतिथियों का इस सेमिनार में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद किया। सेमिनार में विभिन्न कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के रिसर्च स्कॉलर्स, विद्यार्थीगण, बीपीईएस विभाग के सहायक प्रोफेसर विजय राठी, आशीष चौधरी, सुनील कुमार, स्वाति चौधरी के अलावा सभी विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे। मंच का कुशल संचालन नेहा चौधरी एवं दीप्ति चौधरी ने किया।

## मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार

**मिर्जापुर,** 17 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले की पुलिस ने रविवार को एक मुठभेड़ में दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने आज बताया कि जिले में कोतवाली देहात और लालगंज थानों मे पर्स मोबाइल लूट घटना हुई थी। घटना का पर्दाफाश करने के लिए एसओजी पुलिस टीम को लगाया तो पता चला कि एक गैंग है जो इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। उन्होंने बताया कि आज मुखबिर की पुष्ट सूचना पर देहात कोतवाली एवं लालगंज थाना पुलिस को एसओजी टीम के साथ लगाया। आज एक प्लसर बाईक से आ रहे दो युवकों करनपुर पहाड़ी पर रोकने का प्रयास किया गया।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु | नई दिल्ली, सोमवार, 18 मार्च, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

**ब्रिटिश सिंगर एड शीरन ने शाहरुख खान के घर आयोजित किया प्राइवेट म्यूजिकल कॉन्सर्ट**

**मुंबई।** ब्रिटिश सिंगर एड शीरन ने बॉलीवुड के मेगास्टार शाहरुख खान के लिए उनके घर (मन्नत) में एक प्राइवेट म्यूजिकल कॉन्सर्ट आयोजित किया। इंटरनेट पर वायरल वीडियो में सिंगर को सोफे पर बैठे शाहरुख के साथ 'परफेक्ट' गाना गाते हुए दिखाया गया है। यह वीडियो शाहरुख के साथ उनकी मुलाकात का है। शाहरुख खान ने सिंगर के साथ अपना आइकॉनिक पोज दिखाते हुए तस्वीरें इस्टाग्राम पर शेयर किया। पोस्ट पर उनके फैंस ने कमेंट्स किए। एक यूजर ने लिखा कि सिर्फ शाहरुख खान ही उन्हें अपने पैलेस में अफोर्ड कर सकते हैं। एक अन्य ने लिखा कि मन्नत में नौकर बनने का मन कर रहा है। एक और यूजर ने लिखा कि शाहरुख खान कॉन्सर्ट में नहीं जाना चाहते थे।

केजीएमयू के विशेषज्ञों का अध्ययन

# गुर्दे की बड़ी पथरी का कारण बन सकता है पान मसाला

**लखनऊ,** 17 मार्च (एजेंसियां)। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में एक यूरोलॉजी कांफ्रेंस में विशेषज्ञों ने कहा कि प्रदूषित पानी और पान मसाला के सेवन से गुर्दे की पथरी (2 सेमी से अधिक बड़ी) हो सकती है।केजीएमयू के प्रोफेसर अपुल गोयल ने कहा कि हमारे ओपीडी में आने वाले लगभग 70 प्रतिशत मरीज ऐसे हैं जिनमें 2 सेमी से अधिक बड़ी पथरी होती है। यह अक्सर पान मसाला के उपयोग, कम पानी पीने या दूषित पानी पीने से होती है।

■ **कम पानी पीने का के कारण भी होती है पथरी**



सम्मेलन में विशेषज्ञों ने कहा कि एक नयी प्रक्रिया मिनिमली इनवेसिव प्रोसीजर है जिससे ऐसे रोगियों में उम्मीद की किरण जगी है।एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा के पूर्व संकाय और एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर एमएस अग्रवाल ने परक्यूटेनियस नेफ्रोलिथोटॉमी तकनीक की प्रभावकारिता पर जोर दिया, जिससे सर्जरी आसान हो जाती है। मरीजों को आमतौर पर एक दिन के भीतर छुट्टी मिल जाती है।

इस बीच, लखनऊ के डॉ. सलिल टंडन और प्रयागराज के डॉ. विपुल टंडन ने यूरेटेरोस्कोपी के माध्यम से 2 सेमी से छोटी पथरी को हटाने में हुई प्रगति को रेखांकित किया, जिससे सर्जरी की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।बीएचयू इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के निदेशक प्रोफेसर एसएन शंखवार ने कांफ्रेंस में काइलुरिया के गंभीर लक्षणों पर प्रकाश डाला। यह एक दुर्लभ स्थिति है जिसमें लिम्फेटिक लिक्विड किडनी में लीक हो जाता है और पेशाब को दूध जैसा सफ़ेद बना देता है। यह अक्सर फाइलेरिया का कारण होता है। उन्होंने कहा कि लोगों को यह बताने की जरूरत है कि सर्जरी से इसका इलाज संभव है।

# हार्मोनल जन्म नियंत्रण के उपायों से बढ़ सकता है अवसाद

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (एजेंसियां)। अरबपति एलन मस्क ने रविवार को महिलाओं के स्वास्थ्य को समझने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि हार्मोनल जन्म नियंत्रण का उपयोग करने से अवसाद और आत्महत्या का खतरा बढ़ सकता है।

मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि यह महत्वपूर्ण है कि महिलाएं हार्मोनल जन्म नियंत्रण के प्रभावों को जानें, क्योंकि यह अवसाद का एक महत्वपूर्ण कारण है और आत्महत्या के खतरे को बढ़ाता है।

स्पेसएक्स के संस्थापक ने कहा कि जन्म नियंत्रण के अन्य उपायों में ये प्रभाव नहीं होते हैं।

उन्होंने अमेरिकी टेलीविजन कमेंटेटर और लेखक एशले सेंट क्लेयर की एक्स पोस्ट को साझा करते हुए अपनी बात कही।

उन्होंने पोस्ट में लिखा कि मैंने कभी भी हार्मोनल जन्म नियंत्रण के उपायों का इस्तेमाल नहीं किया। इसका गंभीर दुष्प्रभाव होता है। यह अवसाद और आत्महत्या के खतरे को बढ़ाता है।



उन्होंने कहा कि जब महिलाएं इन लक्षणों के बारे में अपने डॉक्टरों से बात करती हैं, तो डॉक्टर गोली बंद करने या वैकल्पिक व गैर–हार्मोनल जन्म नियंत्रण का उपाय अपनाने का आम तौर पर सुझाव नहीं देते हैं।

गौरतलब है कि कई अध्ययनों ने भी हार्मोनल जन्म नियंत्रण के साथ अवसाद के खतरे की ओर इशारा किया है, हालांकि, अभी भी पर्याप्त शोध की कमी है।

# तृप्ति डिमरी कॉलेज के दिनों में करती थीं फिल्मों के लुक की नकल



**मुंबई,** 17 मार्च (एजेंसियां)। अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने अपने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए बताया है कि वह कैसे बॉलीवुड के स्टाइल को लेकर क्रेजी थीं। अभिनेत्री ने कहा कि वह हमेशा से स्टाइल में एक्सपेरिमेंट करती रही हैं और फिल्में देखने के बाद अभिनेत्रियों के लुक की नकल करने की कोशिश करती थीं।

एफडीसीआई के साथ भागीदारी में आयोजित लैक्मे फैशन वीक के मौके पर तृप्ति ने कहा कि कॉलेज के दिनों में मैंने अपने लुक और आउटफिट के साथ बहुत एक्सपेरिमेंट किए हैं। मैं अलग–अलग रंग और मेकअप आज़माती थी। मैं जब भी कोई फिल्म देखती तो अभिनेत्री के लुक की नकल करती। मैं कहूँगी कि मैं बहुत एक्सपेरिमेंट करती थी। जाने–माने डिजाइनर शांतनु और निखिल के लिए प्रेरणा बनी अभिनेत्री ने कहा कि उनके लिए 'कंफर्टेबल' रहना उनके फैशन स्टेटमेंट का अल्टीमेट मंत्र है।

उन्होंने कहा कि मैं किसी भी चीज़ से ज़्यादा कंफर्ट को चुनती हूं। अगर मैं कंफर्टेबल हूं तो मैं सबसे कॉन्फिडेंट इंसान हूं। मुझे लगता है कि कंफर्टेबल और कॉन्फिडेंट होना आपको सुंदर दिखाता है। वह मेरी अपनी फैशन शैली होगी। जल्द ही कार्तिक आर्यन अभिनीत 'भूल भुलैया 3' में नजर आने वाली अभिनेत्री ने कहा कि जो कुछ भी मुझे कंफर्टेबल महसूस कराता है, मैं किसी भी दूसरी चीज की बजाय उसे चुनती हूं।

# वैश्विक स्तर पर लगभग 1 प्रतिशत महिलाएं मिर्गी के दौरे से पीड़ित

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (देशबन्धु)। महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ा एक पहलु बहुत ही महत्वपूर्ण है जो प्रबंधन और जन्म नियंत्रण विधि के चयन को अक्सर नजरअंदाज करता है। इस बीमरी से पीड़ित महिलाओं को हार्मोनल गर्भ निरोधकों का उपयोग करने पर परेशानियां महसूस होती हैं। पायल चौधरी, वरिष्ठ सलाहकार, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, रोज़वॉक हेल्थकेयर, दिल्ली ने बताया कि हार्मोनल स्तर पर मिर्गी के प्रभाव के कारण दौरे को नियंत्रित करने और प्रजनन स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए मिर्गी प्रबंधन गर्भनिरोधक तरीकों का उपयोग करना आवश्यक है।

■ **पीड़ित महिलाओं को हार्मोनल गर्भ निरोधकों का उपयोग करने पर परेशानी**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट में बताया कि वैश्विक स्तर पर लगभग 1 प्रतिशत महिलाएं मिर्गी के दौरे से पीड़ित हैं, यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें नियमित दौरे पड़ते हैं। महिलाओं में दौरे के इलाज के लिए उपयोग की जाने वाली दवाइयां ज्यादातर हार्मोनल गर्भ निरोधकों में गंभीर बाधाएं पैदा करती हैं, जिससे वे कम सुरक्षित और प्रभावी होती हैं। इसके अलावा मिर्गी से होने वाले हार्मोनल असंतुलन के परिणामस्वरूप अनियमित मासिक धर्म चक्र और प्रजनन क्षमता में कठिनाइयां देखी गयी हैं।

गर्भावस्था को रोकने और दौरे को नियंत्रण में रखने के बीच संतुलन बनाना एक बहुत बड़ी चुनौती है। मिर्गी केदौरे पड़ने वाली महिलाओं को डॉक्टर से दवाइयों की जानकारी और भविष्य में बच्चे पैदा करने से पहले सलाह जरूर लेनी चाहिए।

गर्भावस्था को रोकने के भी विभिन्न तरीके हैं जिन में से एक है शुक्राणु को अवरुद्ध करना और ऐसे उपकरण का इस्तमाल करना जो महिला के गर्भ के अंदर जाते हैं। मिर्गी से पीड़ित महिलाओं के लिए ये अच्छे विकल्प माने गए हैं।



सर्वोत्तम परिणामों की गारंटी के लिए एईडी स्तर और गर्भनिरोधक दक्षता की नियमित निगरानी भी आवश्यक है।

स्त्री रोग विशेषज्ञों, न्यूरोलॉजिस्ट और अन्य विशेषज्ञों के साथ बातचीत से हर गर्वभती महिलाओं की निजी जरूरतों का प्रबंधन होता है। प्रजनन स्वास्थ्य मुद्दों के लिए जागरूकता बढ़ाना आवश्यक हैं।

# हरे-भरे कल के लिए खूब दौड़ी नवाब नगरी

**लखनऊ,** 17 मार्च (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) की ओर से रविवार सुबह आयोजित दस किमी की दौड़ में हर उम्र के लोगों ने जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

'रन टुडे फॉर ग्रीनर टुमारो' यानी कि हरे–भरे कल के लिए आज दौड़ें' की थीम पर आयोजित दौड़ 1090 चौराहे से शुरू हुई जिसको एलएसजी के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, सहायक कोच लांस क्लूजनर, फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स ने नीली झंडी दिखायी और धावकों के साथ गीत–संगीत पर डांस कर और उन्हें सेल्फी देकर समां बांध दिया।

सुबह छह बजे से आयोजित 10 किमी दौड़ के साथ ही पांच किलोमीटर की फन रन का भी आयोजन किया गया जिसमें करीब 2500 से ज्यादा लोगों ने प्रतिभाग किया। एलएसजी के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, सहायक कोच लांस क्लूजनर, फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स, एलएसजी के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट व डिप्टी सीईओ सत्यम त्रिवेदी ने दौड़ को एलएसजी की नीली झंडी दिखाकर रवाना किया। डिप्टी सीईओ ने बताया कि एलएसजी सभी धावकों के लिए लखनऊ में एक पेड़ लगाएगा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देगा। यह दौड़ लखनऊ के लोगों को फिट और लखनऊ शहर को हरा–भरा बनाने के लिए आयोजित की गई है। अगले वर्ष इसे और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा।



जोंटी रोड्स ने कहा कि दौड़ हर खेल की जननी है। लोगों को फिट रहने के लिए दौड़ना जरूरी है। जस्टिन लैंगर ने कहा कि लखनऊ प्रेम की नगरी है। लोगों का सुपर जाइंट्स के प्रति प्रेम देखकर पूरी टीम उनकी आभारी है।

# 'जहांकिला' फिल्म पंजाब में वीरता की परंपरा दिखाती है : कपिल देव

**मुंबई,** 17 मार्च (एजेंसियां)। भारत को 1983 में पहला विश्व कप दिलाने वाले महान भारतीय क्रिकेटर कपिल देव हाल ही में पंजाबी फिल्म 'जहांकिला' की स्क्रीनिंग में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि फिल्म न सिर्फ मनोरंजन करती है, बल्कि प्रेरणा भी देती है।




उन्होंने यह भी साझा किया कि फिल्म पंजाब की वीरतापूर्ण भावना को चित्रित करती है। 'जहांकिला' पंजाब के गांवों की पृष्ठभूमि पर आधारित बलिदान, प्रेम, दोस्ती और देशभक्ति की कहानी है।

फिल्म के प्रीव्यू के बाद अपने विचार साझा करते हुए, कपिल देव ने कहा कि मैं 'जहांकिला' के पीछे प्रतिभाशाली युवा टीम का समर्थन करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। कहानी कहने के प्रति उनका समर्पण और पंजाब की वीरतापूर्ण भावना का उनका चित्रण वास्तव में मेल खाता है। मेरा मानना है कि यह फिल्म न केवल मनोरंजन करती है, बल्कि प्रेरणा भी देती है और मुझे इस तरह के सार्थक प्रोजेक्ट को अपना समर्थन देने पर गर्व है।

कपिल देव पर रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म '83' बन चुकी है, जो 1983 विश्व कप विजेता भारतीय टीम पर आधारित है। फाइनल में भारत ने वेस्टइंडीज को हरा कर इतिहास रच दिया था।

# मधुबाला के लुक को पर्दे पर दोबारा जीवंत करेंगी शहनाज गिल

**मुंबई,** 26 मार्च (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री शहनाज गिल ने बताया कि वह क्यों बीते जमाने की मशहूर एक्ट्रेस मधुबाला के लुक को एक बार फिर पर्दे पर जीवंत करना चाहती हैं।

एफडीसीआई के साथ भागीदारी में लैक्मे फैशन वीक के मौके पर शहनाज ने बताया कि मुझे बीते जमाने की एक्ट्रेसेस बहुत पसंद हैं। वह बहुत आकर्षक थीं और उनकी सुंदरता बेहद नैसर्गिक थी। मधुबाला को दोबारा पर्दे पर जीवंत करना बेस्ट है। शहनाज ने रियल लाइफ में फैशन को लेकर भी बात की। असल जिंदगी में आउटफिट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं घर पर बहुत कैजुअल रहती हूं। आप आमतौर पर मुझे शॉर्ट्स और मेरे भाई की टी–शर्ट में पाएंगे। मैं घर पर एक आम लड़की हूं।



शहनाज ने कहा कि हर दिन एक नया एक्सपीरियंस है। मैं लाइफ में सब कुछ आजमाना और सब कुछ एक्सपीरियंस करना चाहती हूं। मैं ऐसी नहीं हूं कि मुझे कोई खास लुक चाहिए।

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि मैं हॉट दिखना चाहती हूं और मैं एक्सपेरिमेंटल हूं। मुझे कुछ भी पहनाओ और मैं इसे बहुत अच्छे से कैरी करूंगीं।

# सिद्धू मूसे वाला के माता पिता के घर बेटे का जन्म

**चंडीगढ़,** 17 मार्च (एजेंसियां)। दिवंगत रैपर सिद्धू मूसे वाला के माता–पिता के घर बेटे का जन्म हुआ है। परिवार ने रविवार को इसकी जानकारी सार्वजनिक की। इंस्टाग्राम पर पंजाबी में लिखते हुए, सिद्धू मूसे वाला के पिता सरदार बलकौर सिद्धू ने कहा कि शुभदीप के लाखों–करोड़ों प्रशंसकों की शुभकामनाओं से अकाल पुरख ने शुभ के छोटे भाई को हमारी गोद में भेज दिया है।



**शुभचिंतकों को दिया धन्यवाद**

मेरी पत्नी का स्वास्थ्य ठीक है, सर्वशक्तिमान के आशीर्वाद के लिए धन्यवाद और शुभचिंतकों का आभार। गौरतलब है कि मूसे वाला का असली नाम शुभदीप सिंह सिद्धू था।

बलकौर सिंह ने रविवार को नवजात शिशु के साथ एक की तस्वीर भी शेयर की। इसके पहले बलकौर सिंह ने कुछ दिन पहले ही फेसबुक पर बताया था कि 58 वर्षीय उनकी पत्नी चरण कौर आईवीएफ के जरिए गर्भवती हैं। उन्होंने अपने शुभचिंतकों से अपील की थी कि वे अफवाहों पर यकीन न करें, जो भी खबर होगी, हम आपके साथ शेयर करेंगे।

रैपर सिद्धू मूसे वाला की सुरक्षा कम किए जाने के एक दिन बाद 29 मई, 2022 को पंजाब के मनसा जिले के जवाहर के गांव में छह हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पंजाब पुलिस ने मूसे वाला की हत्या के लिए कनाडा स्थित गैंगस्टर गोल्डी बरार और लॉरेंस बिश्नोई को आरोपी बनाया है, जो अब दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। बिश्नोई गिरोह के सदस्य बराड़ का नाम मानसा अदालत में पेश चार्जशीट में किया गया है। इसमें कहा गया कि मूसे वाला की हत्या एक युवा अकाली नेता की हत्या के प्रतिशोध में की गई थी। आरोप पत्र में जिन अन्य लोगों के नाम हैं, उनमें जेल में बंद गैंगस्टर बिश्नोई, जग्गू भगवानपुरिया, मनमोहन मोहना, दीपक टीनू, संदीप केकड़ा, अंकित सिरसा, प्रियव्रत फौजी, सचिन भिवानी, केशव, कशिश, मनप्रीत मनु और जगरूप रूपा शामिल हैं। एंटी–गैंगस्टर टास्क फोर्स के प्रमुख प्रमोद बान के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) मूसे वाला की हत्या की जांच कर रही है। बान ने कहा है कि मुख्य साजिशकर्ता बिश्नोई ने अकाली नेता की हत्या का बदला लेने के लिए मूसे वाला की हत्या की साजिश रचने की बात कबूल की है। मूसे वाला की मंगेतर अमनदीप कौर अकाली दल के एक प्रमुख नेता की बेटी हैं। मूसे वाला की हत्या के बाद, उसने कभी शादी नहीं करने की कसम खाई और रैपर के माता–पिता के साथ उनके पैतृक गांव में रहने लगी।

दिवंगत पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने अपने नवजात बेटे को चम्मच से दूध पिलाकर परिवार के नये सदस्य का स्वागत किया। बलकौर सिंह की पत्नी चरण कौर ने बेटे को जन्म दिया है। बलकौर सिंह द्वारा रविवार को इंस्टाग्राम पर अपलोड किए गए वीडियो में डॉक्टर बच्चे का दुनिया में स्वागत करते दिख रहे हैं। उन्हें डॉक्टरों की टीम के साथ केक काटते भी देखा गया।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर करते हुए लिखा कि शुभदीप (सिद्धू मूसेवाला) के लाखों–करोड़ों फॉलोअर्स और फैंस की शुभकामनाओं की बदौलत भगवान ने शुभ के छोटे भाई को हमारी गोद में भेजा है।

# टेलीमीट्रिक वेदर स्टेशन से होगी सूखे की निगरानी

**लखनऊ,** 17 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में सूखे की मॉनिटरिंग के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों की तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन (टीडब्ल्यूएस) की स्थापना की जाएगी। इसमें पहले चरण में सूखे से ज्यादा प्रभावित रहने वाले प्रदेश के विभिन्न जिलों की 100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन (टीडब्ल्यूएस) की स्थापना की जाएगी।

■ **बुंदेलखंड के सात जिलों के साथ सोनभद्र व मिर्जापुर को प्राथमिकता**



इसमें बुंदेलखंड के सात जिलों (बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, महोबा और जालौन) के साथ सोनभद्र और मिर्जापुर को प्राथमिकता दी जाएगी, क्योंकि यहां पर हर साल सूखे की संभावना बनी रहती है। इसे लेकर राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से अपर जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही जमीन चिह्नित करने के दौरान आवश्यक गाइडलाइन भी जारी की गई है।

यूपी सरकार के प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में हर साल सूखे के कारण किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। उनकी इस समस्या को देखते हुए पहले चरण में प्रदेश के विभिन्न जिलों की 100 तहसीलों में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों की समस्त तहसीलों में टीडब्ल्यूएस को स्थापित किया जाएगा।

इसके साथ ही राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि पहले चरण में भी हर साल सूखे से ज्यादा प्रभावित होने वाले बुंदेलखंड के 7 जिलों (बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, महोबा और जालौन) की सभी तहसीलों में प्राथमिकता के आधार पर वेदर स्टेशन स्थापित किये जाएंगे। इसके साथ ही सोनभद्र की सभी तहसीलों, मीर्जापुर की 2 तहसीलों और प्रदेश के सभी जिलों की एक–एक तहसील में टेलीमेट्रिक वेदर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसके लिये 10 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है।

इसको लेकर सभी जिलों के अपर जिलाधिकारियों को जमीन चिन्हीकरण के दौरान आवश्यक गाइडलाइन जारी की गयी है। वहीं इसके बाद प्रदेश की सभी तहसीलों और ब्लॉक में वेदर स्टेशन की स्थापना की जाएगी।

इसके साथ ही राहत आयुक्त ने बताया कि वेदर स्टेशन स्थापित करने के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। इसमें जमीन चिन्हित करने के दौरान एडब्ल्यूएस/एआरजी के बीच सात से 10 किलोमीटर की दूरी का ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा 10 मीटर गुणा 10 मीटर का स्थान होना जरूरी है। साथ ही जिस स्थान पर वेदर स्टेशन स्थापित किया जाए, वहां पर बड़े पेड़ भवन से उचित दूरी हों, ताकि स्टेशन पर छाया, धूप, वर्षा और हवा आदि का प्रभाव न पड़े। साथ ही चोरी से सुरक्षा के लिए भी आवश्यक इंतजाम हो।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.10 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.89 प्रतिशत |
| मारुति | 0.71 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.37 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.30 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.75 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.23 प्रतिशत |
| एलटी | 1.97 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.94 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.91 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 65900 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74100 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# निर्यात बढ़ने व आर्थिक स्थिरता से अर्थव्यवस्था को मिला समर्थन : मॉर्गन

**नई दिल्ली**, 17 मार्च (एजेंसियां)। मॉर्गन स्टेनली ने एक रिपोर्ट 'द व्यूपॉइंट: इंडिया - व्हाई दिस फील लाइक 2003-07' में कहा कि एक दशक तक जीडीपी के मुकाबले निवेश में लगातार गिरावट के बाद अब भारत

- **भारत में पूंजीगत व्यय वृद्धि के प्रमुख चालक के रूप में उभरा**

में पूंजीगत व्यय वृद्धि के प्रमुख चालक के रूप में उभरा है। रिपोर्ट के मुताबिक, ''हमें लगता है कि पूंजीगत व्यय चक्र के लिए पर्याप्त गुंजाइश है और इसलिए वर्तमान तेजी 2003-07 के समान है।''मॉर्गन स्टेनली के अर्थशास्त्रियों ने कहा कि वर्तमान तेजी खपत की तुलना में निवेश बढ़ने के चलते है। शुरुआत में इसे सार्वजनिक पूंजीगत व्यय से समर्थन मिला, लेकिन निजी पूंजीगत व्यय में भी वृद्धि हो रही है। इसी तरह खपत को पहले शहरी उपभोक्ताओं ने सहारा दिया और बाद में ग्रामीण मांग




**निवेश के दम पर आगे बढ़ रही भारत की मौजूदा आर्थिक वृद्धि की रफ्तार 2003-07 जैसी लग रही है : मॉर्गन स्टेनली**

भी बढ़ी। वैश्विक निर्यात में बाजार हिस्सेदारी बढ़ने और व्यापक आर्थिक स्थिरता से भी अर्थव्यवस्था को समर्थन मिला है।रिपोर्ट में कहा गया है, ''हमारा मानना है कि मौजूदा तेजी जीडीपी के मुकाबले निवेश बढ़ने के चलते है। इसी तरह के वृद्धि चक्र में 2003-07 के दौरान जीडीपी के मुकाबले निवेश 27 प्रतिशत से बढ़कर 39 प्रतिशत हो गया था।''जीडीपी के मुकाबले निवेश 2011 तक अपने उच्चस्तर पर था, जिसके बाद इसमें गिरावट आई। यह गिरावट 2011 से 2021 तक देखने को मिली, हालांकि उसके बाद स्थिति बदलने लगी और अब जीडीपी के मुकाबले निवेश 34 प्रतिशत तक पहुंच गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2026-27 तक इसके 36 प्रतिशत होने का अनुमान है।

## स्विटजरलैंड की कई कंपनियां आना चाह रही भारत

**नई दिल्ली।** चॉकलेट बनाने वाली कंपनी बैरी कैलेबाउट समूह और प्रौद्योगिकी कंपनी बुहलर सहित स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश करने की इच्छुक हैं। स्विट्जरलैंड की आर्थिक मामलों की मंत्री हेलेन बडलिगर ने यह बात कही। बडलिगर ने कहा कि एचईएसएस ग्रीन मोबिलिटी का इरादा 2025 तक भारत में लगभग 3,000 इलेक्ट्रिक बसों की मैन्युफैक्चरिंग करने का है। इसके लिए अगले छह से आठ वर्षों में 11 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चॉकलेट मैकर बैरी कैलेबाउट ग्रुप 2024 तक भारत में अपनी तीसरी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट चालू करने के लिए तैयार है।

इसके साथ पिछले करीब पांच वर्षों में कंपनी का भारत में निवेश पांच करोड़ डॉलर से अधिक हो जाएगा। इसी तरह प्रौद्योगिकी समूह बुहलर अगले दो से तीन साल में 2.3 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त निवेश करेगा। उन्होंने कहा कि हमें भारत में निवेश करने की इच्छुक कई स्विस कंपनियों के बारे में पता है। इनकी सूची बहुत लंबी है, लेकिन उनमें से कुछ के नाम साझा करने की खुशी हैञ् कई छोटी स्विस कंपनियां हैं, जो भारतीय बाजार में आना चाहती हैं।' भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ने 10 मार्च को एक व्यापार समझौते -व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता पर हस्ताक्षर किए थे।

# भारतीय रेलवे में एक साल में बढ़े 52 करोड़ यात्री

- **2023-24 के दौरान रेलवे से 648 करोड़ यात्रियों ने किया सफर**
- **कमाई को लेकर रेलवे ने बीते कुछ समय में काफी रिकॉर्ड बनाए**
- **2023-24 में भारतीय रेल का कुल व्यय 2.26 लाख करोड़ रुपए**




**नई दिल्ली**, 17 मार्च (एजेंसियां)। देश की रेलवे, यानी भारतीय रेलवे बीते कुछ सालों से जमकर कमाई कर रही है। कमाई को लेकर रेलवे ने बीते कुछ समय में काफी रिकॉर्ड भी बनाए हैं। इस साल यानी इस वित्त वर्ष 2023-24 की बात करें तो रेलवे ने माल ढुलाई, कुल राजस्व, ट्रैक बिछाने के मामले में रिकॉर्ड बनाने की राह पर है।

आंकड़ों पर नजर डालें तो वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, भारतीय रेलवे का कुल राजस्व अब तक 2.40 लाख करोड़ रुपए है। कमाई की ये आंकड़ा पिछले साल 15 मार्च को 2.23 लाख करोड़ रुपए था। यानी की एक साल में भारतीय रेलवे ने कुल राजस्व में करीब 17,000 करोड़ की वृद्धि दर्ज की है।

वहीं अगर खर्चे की बात करें तो वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय रेल का कुल व्यय 2.26 लाख करोड़ रुपए है। रेलवे से मिले प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, भारतीय रेल ने शुक्रवार को 1,500 मिलियन टन की मूल माल ढुलाई की है।

बीते साल ये आंकड़ा 1,512 मिलियन टन था। आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान रेलवे से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 648 करोड़ है। जो की पिछले साल से 52 करोड़ अधिक है। पिछले वर्ष यात्रा करने वाले यात्रियों की कुल संख्या 596 करोड़ थी। वित्तीय वर्ष में अब तक भारतीय रेल द्वारा 5,100 किलोमीटर नई रेलवे ट्रैक बिछाई गई है।

# खाद्य तेल व दाल-दलहन में मिला जुला रुख

**नई दिल्ली**, 17 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह



दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अनाज और मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा सप्ताहांत पर 128 रिंगिट उबलकर 4327 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.74 सेंट की तेजी लेकर 47.94 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर सूरजमुखी तेल 74 रुपए और पाम ऑयल 34 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12014 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12014 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 10476 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8466 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10000 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

# जोमैटो को मिला 8.57 करोड़ रुपए का जीएसटी नोटिस

**नई दिल्ली**, 17 मार्च (एजेंसियां)। खाना डिलिवरी करने वाली ऐप जोमैटो को 8 करोड़ रुपए से ज्यादा का जीएसटी ऑर्डर मिला है। ये नोटिस डेप्युटी कमिश्नर ऑफ स्टेट टैक्स, गुजरात ने फायनेंशियल ईयर 2018-19 से जुड़े टैक्स के बारे में जारी किया है। इस बारे में कंपनी में शेयर बाजारों जानकारी देते हुए कहा कि इस जीएसटी ऑर्डर में कंपनी से 4 करोड़ से ज्यादा (4,11,68,604) रुपए के जीएसटी का पेमेंट करने को कहा गया है। वहीं इस राशि पर ब्याज मिलाकर कुल अमाउंट 8,57,77,696 बनता है जो कि कंपनी को अदा करना है।

इस नोटिस पर कंपनी ने कहा कि जोमैटो ने कारण बताओ नोटिस के जवाब में सभी जरूरी दस्तावेजों के




**कारण बताओ नोटिस के जवाब में सभी दस्तावेजों के साथ अपनी ओर से स्पष्टीकरण दिया था : जोमैटो**

साथ अपनी ओर से स्पष्टीकरण दिया था, लेकिन उन्हें ऐसा लगता है कि आदेश पारित करते समय अधिकारियों द्वारा पूरी तरह से विचार नहीं किया गया था। ज़ोमैटो ने अपने बयान में कहा, वह उचित अधिकारियों के समक्ष इस आदेश को चुनौती देगी। वहीं दूसरी तरफ, एंटफिन सिंगापुर होल्डिंग ने 6 मार्च को ओपन मार्केट ट्रांसैक्शन के जरिए 2,827 करोड़ रुपये में ज़ोमैटो में अपनी दो प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी।

एंटफिन सिंगापुर होल्डिंग पीटीई एंट फाइनेंशियल ग्रुप का सहयोगी है, जबकि एंट फाइनेंशियल ग्रुप चीनी ई-कॉमर्स दिग्गज अलीबाबा का हिस्सा है। इससे पहले ज़ोमैटो को 29 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2022 की अवधि के दौरान अपने ग्राहकों से डिलीवरी शुल्क संग्रह पर ब्याज और जुर्माने के अलावा, दिसंबर 2023 में डिलीवरी शुल्क पर अवैतनिक जीएसटी के लिए 402 करोड़ का कारण बताओ नोटिस भी मिला था। कंपनी के शेयर की बात करें तो बीएसई पर ज़ोमैटो के शेयर 4.68 प्रतिशत बढ़कर 159.90 पर बंद हुए।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 636.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 08 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636.1 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 08 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 8.1 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 562.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.3 अरब डॉलर बढ़कर 50.72 अरब डॉलर हो गया।

### चीन में विदेशी व्यापार में 6 लाख उद्यमों की भागीदारी

**बीजिंग।** चीन के सामान्य सीमा शुल्क प्रशासन द्वारा 16 मार्च को पुष्टि की गई कि पिछले साल चीन में 6 लाख 45 हज़ार उद्यमों की विदेशी व्यापार में भागीदारी रही। सीमा शुल्क के सामान्य प्रशासन के प्रवक्ता के मुताबिक, सीमा शुल्क का सामान्य प्रशासन उद्यमों के विदेशी व्यापार व्यवसाय के लिए बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए स्मार्ट साधनों का उपयोग कर रहा है। वर्तमान में शांगहाई शहर में यांगशान पोर्ट के चौथे चरण और क्वांगचोउ शहर के नानशा पोर्ट के चौथे चरण समेत कई पोर्टों में स्मार्ट पोर्ट के विकास और कंटेनर टर्मिनलों को ऑटोमेटिक बनाने में सफल रहा है, जिनमें मानव रहित लोडिंग एवं अनलोडिंग और चालक रहित परिवहन जैसे स्वचालित सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। वहीं, वर्तमान में सीमा शुल्क का सामान्य प्रशासन कंपनियों को व्यवसाय को अधिक सुविधाजनक, कुशलतापूर्वक और सटीक रूप से संभालने में मदद करने के लिए एआई जैसी नई तकनीकों का उपयोग कर रहा है।

### फ्लिपकार्ट का मूल्यांकन दो साल में पांच अरब डॉलर घटा

**नई दिल्ली।** फ्लिपकार्ट का मूल्यांकन दो साल में पांच अरब डॉलर घटा या लगभग 41,000 करोड़ रुपए घट गया है। इसकी अमेरिकी स्थित मूल कंपनी वॉलमार्ट के इक्विटी लेनदेन से यह जानकारी मिली है। फ्लिपकार्ट में वॉलमार्ट के इक्विटी ढांचे में बदलाव के अनुसार, ई-कॉमर्स कंपनी का मूल्यांकन 31 जनवरी, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में 40 अरब डॉलर था, जो 31 जनवरी, 2024 को घटकर 35 अरब डॉलर रह गया। फ्लिपकार्ट ने मूल्यांकन में गिरावट की वजह वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे को अलग कंपनी के रूप में विभाजित करने को बताया है। सूत्रों का हालांकि कहना है कि फ्लिपकार्ट का मौजूदा मूल्यांकन 38-40 अरब डॉलर के बीच है। वॉलमार्ट ने वित्त वर्ष 2021-22 में फ्लिपकार्ट में आठ प्रतिशत हिस्सेदारी को 3.2 अरब डॉलर में बेचा था। इस हिसाब से ई-कॉमर्स कंपनी का मूल्यांकन 40 अरब डॉलर बैठता है।

# केंद्रीय बैंकों के नीतिगत निर्णय का बाजार पर रहेगा असर

- **बीते सप्ताह शेयर बाजार में तीन दिन गिरावट और दो दिन रही तेजी**
- **सेंसेक्स 1.99 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 72643.43 अंक**
- **निफ्टी 2.1 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22023.35 अंक पर बंद**

**मुंबई**, 17 मार्च (एजेंसियां)। रूस की तेल रिफाइनरी पर यूक्रेन के ड्रोन हमले के साथ ही अमेरिका में महंगाई की दर अनुमान से अधिक रहने के बाद फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती शुरू करने को लेकर बढ़ी चिंता के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह दो प्रतिशत की गिरावट देख चुके घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह दुनिया के कई केंद्रीय बैंकों की नीतिगत दरों को लेकर होने वाली बैठकों के निर्णय का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1476.46 अंक अर्थात 1.99 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 72643.43 अंक रह गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 470.2 अंक यानी 2.1 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22023.35 अंक पर आ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों पर बिकवाली का दबाव दिग्गज कंपनियों से अधिक रहा। इससे मिडकैप 1602.41 अंक अर्थात 4.02 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 38250.44 अंक पर बंद हुआ। इसी



तरह स्मॉलकैप 2640.82 अंक यानी 5.9 प्रतिशत टूटकर 42012.75 अंक रह गया।

विश्लेषकों के अनुसार, एक नई ऊंचाई छूने के बाद बाजार मूल्यांकन और अस्थिरता में वृद्धि पर चिंताओं के कारण बीते सप्ताह घरेलू बाजार में करेक्शन देखा गया। खुदरा निवेशकों की बिकवाली के कारण मिडकैप और स्मॉलकैप में गिरावट आई। हालांकि मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में सौदेबाजी के अवसर बने रहने की उम्मीद है। इस बीच एफएमसीजी और सोने जैसे विरोधाभासी शेयर कुछ राहत दे रहे हैं।

अगले सप्ताह वैश्विक केंद्रीय बैंकों अमेरिकी फेडरल रिजर्व, बैंक ऑफ जापान और बैंक ऑफ इंग्लैंड की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक होने वाली है। इन बैंकों के ब्याज दरों को लेकर होने वाले निर्णय पर बाजार की नजर रहेगी। हालांकि अमेरिकी बेरोजगारी दर में वृद्धि और महंगाई दर के अनुमान से अधिक रहने के कारण फेड रिजर्व की ब्याज दर में कटौती किए जाने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इससे अमेरिका के 10 वर्षीय बांड यील्ड और डॉलर सूचकांक में बढ़ोतरी हुई और इसका असर उभरते बाजारों पर भी दिखाई देने लगा है।

बीते सप्ताह शेयर बाजार में तीन दिन गिरावट और दो दिन तेजी रही। अमेरिका में महंगाई आंकड़े जारी होने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली से सोमवार को सेंसेक्स 616.75 अंक का गोता लगाकर 73,502.64 अंक और निफ्टी 160.90 अंक गिरकर 22,332.65 अंक पर बंद हुआ। वहीं, फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की अवधि का निर्धारण करने में अहम स्थान रखने वाले अमेरिका के महंगाई आंकड़ों के जारी होने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक, मारुति, रिलायंस और महिंद्रा जैसी दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 165.32 अंक की तेजी लेकर 73,667.96 अंक और निफ्टी 3.05 अंक की मामूली बढ़त के साथ 22,335.70 अंक पर रहा।

एशियाई बाजार की गिरावट के दबाव के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर यूटिलिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस, धातु और पावर समेत सभी समूहों में हुई भारी मुनाफावसूली से बुधवार को सेंसेक्स 906.07 अंक की भारी गिरावट लेकर 72,761.89 अंक और निफ्टी 338 अंक का गोता लगाकर 21,997.70 अंक पर बंद हुआ।

# स्टार्टअप महाकुंभ में एक हजार स्टार्टअप व पांच हजार उभरते उद्यमी लेंगे भाग

**नई दिल्ली**, 17 मार्च (एजेंसियां)। राजधानी के भारत मंडपम व भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) में 18-20 मार्च तक आयोजित होने वाले स्टार्टअप महाकुंभ में 1,000 से अधिक स्टार्टअप, 1,000 से अधिक निवेशक, 5,000 भावी उद्यमी और 40 हजार आगंतुक भाग लेंगे।

इस मौके पर 34 से अधिक डीप-टेक स्टार्टअप नैसकॉम पवेलियन में अपने नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर अपनी भूमिका को बताने के लिए वरिष्ठ महिला नेता भी भाग लेंगी। नैसकॉम के अध्यक्ष देबजानी घोष के अनुसार स्टार्टअप महाकुंभ में, हम सिर्फ स्टार्टअप का प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम एक ऐसा माहौल तैयार कर रहे हैं, जहां महिलाएं हर परिस्थिति में रचनात्मकता के साथ नेतृत्व करती हैं और उद्योगों के विकास में योगदान देती हैं।




- **स्टार्टअप महाकुंभ ने किया गूगल प्ले स्टोर पर ऐप लॉन्च**

स्टार्टअप महाकुंभ ने गूगल प्ले स्टोर पर अपना आधिकारिक ऐप भी लॉन्च किया है, जहां सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं मिल सकेंगी। यह आयोजन एआई और सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास), डी2सी,उपभोक्ता ब्रांड, एग्रीटेक, फिनटेक, डीपटेक, बायोटेक और फार्मा, इनक्यूबेटर, क्लाइमेट टेक, ई-स्पोर्ट्स और बी2बी मैन्युफैक्चरिंग सहित अन्य क्षेत्रों में व्यावहारिक चर्चा का अवसर प्रदान करेगा।

# गेमिंग को अपना रहे इंटरनेट व स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म

**नई दिल्ली**, 17 मार्च (एजेंसियां)। आजकल मुख्यधारा के इंटरनेट और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म गेमिंग को अपना रहे हैं। ऐसे में माइक्रोसॉफ्ट के स्वामित्व वाली नेटवर्किंग कंपनी लिंक्डइन भी तेजी से बढ़ते इस बाजार में उतरने की योजना बना रही है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, लिंक्डइन के 1 बिलियन से अधिक यूजर्स हैं। अब यह एक नई स्ट्रेटेजी पर काम कर रहा है। कंपनी के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि वे गेमिंग पर काम कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि अभी हम पजल-बेस्ड गेम जोड़ रहे हैं ताकि यूजर्स को थोड़ा मज़ा आए। ऐप रिसर्चर नीमा ओउजी ने कहा है कि ऐसा लगता




है कि लिंक्डइन गेमिंग के साथ प्रयोग कर रहा है। हालांकि, लिंक्डइन ने यह नहीं बताया कि क्या कंपनी के गेमिंग प्रोजेक्ट में माइक्रोसॉफ्ट भी शामिल है। माइक्रोसॉफ्ट का गेमिंग व्यवसाय - जिसमें एक्सबॉक्स और एक्टिविज़न ब्लिज़ार्ड शामिल हैं ने पिछली तिमाही में 7.1 बिलियन डॉलर का राजस्व दर्ज किया था। माइक्रोसॉफ्ट ने 13 अक्टूबर, 2023 को गेमिंग कंपनी एक्टिविज़न ब्लिज़ार्ड का अधिग्रहण किया था।

# अरुणाचल में पहली ऑयल पाम इकाई शुरू

- **कुल खाद्य तेल का 57 प्रतिशत विदेशों से आयात करता है भारत**
- **कारखाना ग्रामीणों के लिए पैदा करेगा रोजगार**
- **खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता हासिल करना है लक्ष्य**

**नई दिल्ली**, 17 मार्च (एजेंसियां)। मिशन पाम ऑयल के तहत अरुणाचल प्रदेश में देश की पहली एकीकृत ऑयल पाम प्रसंस्करण इकाई का परिचालन शुरू हो गया।

दरअसल, भारत वर्तमान में कुल खाद्य तेल का 57 प्रतिशत विदेशों से आयात करता है। ऐसे में नरेंद्र मोदी सरकार का लक्ष्य है कि देश में तिलहन और पाम तेल को बढ़ावा देकर खाद्य तेल के उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनाया जाए।

3एफ ऑयल पाम कंपनी अपनी शुरुआत के साथ कई तरह की नौकरी के अवसरों को पैदा करने वाला और क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की शुरुआत करने वाला है। इस संयंत्र के शुरू होने से स्थानीय लोग बहुत खुश हैं क्योंकि इससे उनके लिए नौकरियों और



रोजगार सृजन के कई अवसर पैदा होंगे। इसको लेकर वहां के स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि कारखाना ग्रामीणों के लिए रोजगार पैदा करेगा, हम यहां काम कर सकते हैं और अपनी आजीविका के लिए पैसा कमा सकते हैं। एक अन्य ग्रामीण ने क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने और रोजगार के ऐसे अवसर पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

विशेष रूप से, यह अरुणाचल प्रदेश में पहली ऑयल पाम फैक्ट्री है। इसके साथ ही यह राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-ऑयल पाम(एनएमईओ-ओपी) के तहत भी भारत की पहली ऑयल पाम फैक्ट्री है। 9 मार्च को अरुणाचल प्रदेश में विकसित भारत-विकसित पूर्वोत्तर कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पाम ऑयल इकाई का उद्घाटन किया था और खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए उत्तर-पूर्व पर विशेष ध्यान देने के साथ मिशन ऑयल पाम पर सरकार के फोकस के बारे में भी बताया था।

उन्होंने कहा था कि मिशन ऑयल पाम खाद्य तेल क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाएगा और किसानों की आय को बढ़ाएगा। इसके साथ ही उन्होंने ताड़ (पाम) की खेती करने के लिए किसानों का आभार व्यक्त किया।

एनएमईओ-ओपी अगस्त 2021 में लॉन्च किया गया था, जिसका उद्देश्य पाम तेल की खेती को बढ़ाना और 2025-26 तक पाम तेल उत्पादन को 11.20 लाख टन तक करने का लक्ष्य है। एनएमईओ-ओपी ने पाम ऑयल के प्रसार के लिए 11,040 रुपये के कुल राष्ट्रीय बजट में से विशेष रूप से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए 5,870 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसमें केंद्र सरकार 90 फीसदी योगदान करेगी। ऑयल पाम मिशन को रणनीतिक रूप से नए भौगोलिक क्षेत्रों में ताड़ की खेती को बढ़ावा देने और किसानों को व्यापक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

# खेल जगत

## डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में भाग लेंगी 11 टीमें

**नई दिल्ली।** डीएसए सीनियर डिवीजन लीग का उद्घाटन मैच सोमवार को अंबेडकर स्टेडियम मैदान में हिन्दुस्तान एफसी और इंडियन एयर फोर्स की टीमों के बीच खेला जाएगा। प्रीमियर लीग के सफल आयोजन के बाद सीनियर डिवीजन लीग में भाग ले रही 11 टीमें इस प्रकार हैः- हिन्दुस्तान एफसी, उत्तराखंड एफसी, नेशनल यूनाइटेड, दिल्ली टाइगर्स, गढ़वाल डायमंड, अजमल एफसी, इंडियन एयर फोर्स, यूनाइटेड भारत, जगुआर एफसी, सिटी एफसी और शास्त्री एफसी शामिल हैं। आयोजन समिति के चेयरमेन जगदीश मल्होत्रा, कन्वीनर आनंद डबास और सह कन्वीनर नईम की देखरेख में खेले जाने वाले मैचों का आयोजन सिंगल लेग के आधार पर किया जाएगा।

# वर्ल्डकप 2023 फाइनल के हार के जिम्मेदार रोहित-द्रविड़ : कैफ

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप फाइनल की पिच से छेड़छाड़ की



**नई दिल्ली,** 17 मार्च (एजेंसियां)। वर्ल्ड कप 2023 को भारतीय क्रिकेट फैंस कभी नहीं भूल सकते। 19 नवंबर 2023 वो तारीख है जब भारत के पास मौका था वर्ल्ड चैंपियन बनने का, लेकिन टीम इंडिया के लिए एक खराब दिन ने करोड़ों भारतीय फैंस का दिल तोड़ दिया। इस हार का दुख अभी तक फैंस के जहन में ताजा ही है। वहीं अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने एक बड़ा खुलासा किया है, जिसने क्रिकेट जगत में नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। कैफ ने आरोप लगाया है कि भारत ने अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप फाइनल की पिच से छेड़छाड़ की। पूर्व बल्लेबाज के इस सनसनीखेज दावे ने आईपीएल 2024 से पहले भारतीय क्रिकेट टीम पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इतना ही नहीं मोहम्मद कैफ ने मेन इन ब्लू की छह विकेट से हार के लिए कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को भी जिम्मेदार ठहराया। कैफ ने एक शो के दौरान कहा कि मैं वहां तीन दिनों के लिए था। रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ ने फाइनल से पहले तीन दिनों तक हर दिन पिच का निरीक्षण किया। वे हर दिन एक घंटे तक पिच के पास खड़े रहे। मैंने देखा कि पिच अपना रंग बदल रही है। पानी नहीं डाला जा रहा था। पिच पर कोई घास नहीं थी। भारत ऑस्ट्रेलिया को धीमी पिच देना चाहता था। यह सच है, भले ही लोग इस पर विश्वास नहीं करना चाहें। ऐसा लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया के पास पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क हैं, इसलिए भारत उनके सामने धीमी पिच रखना चाहता था और यह हमारी गलती थी। कई लोग कहते हैं कि क्यूरेटर अपना काम करते हैं और हम उन्हें प्रभावित नहीं करते हैं, हालांकि यह सब बकवास बाते हैं। जब आप पिच के चारों ओर घूम रहे हैं। आपको केवल दो बातें कहनी हैं- कृपया पानी न डालें, बस घास कम करें। ऐसा होता है। यह सच है और यह किया जाना चाहिए। आप घर पर खेल रहे हैं। बस हमने इसे थोड़ा ज़्यादा कर दिया। भारत लगातार 10 मैच जीतकर वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचा था। टूर्नामेंट में भारत की फॉर्म देखकर हर कोई वर्ल्ड कप के सपने संजोए... बस अंतिम नतीजों का इंतजार कर रहा था, लेकिन वक्त ने ऐसी करवट ली कि भारतीय टीम के हाथों से रेत की तरह ट्रॉफी फिसल गई।



# सितवाला, कोठारी और जगदाले चैंपियन आडवाणी को देंगे चुनौती



**मुंबई,** 17 मार्च (एजेंसियां)। गत चैंपियन पंकज आडवाणी भारतीय और अंतरराष्ट्रीय बिलियर्ड्स खिलाड़ियों के प्रतिभाशाली समूह का नेतृत्व करेंगे, जो प्रतिष्ठित सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक 2024 में जीत के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें 10.15 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाता है। क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट 21 मार्च को सीसीआई के सर विल्सन जोन्स बिलियर्ड्स हॉल में शुरू होगा। 27 विश्व चैंपियनशिप खिताब अपने नाम करने वाले भारत के अब तक के सबसे सफल क्यू खिलाड़ी, आडवाणी पिछले साल सीसीआई में लगातार तीन जीत के साथ शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने जनवरी 2023 में सीसीआई क्लासिक स्नूकर खिताब हासिल किया और इस महीने की शुरुआत में इसका सफलतापूर्वक बचाव किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आयोजन स्थल पर अपने प्रभुत्व का प्रदर्शन करते हुए पिछले अप्रैल में सीसीआई क्लासिक बिलियर्ड्स चैंपियनशिप को जीता। आडवाणी को चुनौती देने वाले शीर्ष भारतीय खिलाड़ी जैसे राष्ट्रीय चैंपियन ध्रुव सितवाला, राष्ट्रीय उपविजेता सौरव कोठारी और महाराष्ट्र नंबर 1 महेश जगदाले के साथ-साथ कई अन्य प्रतिभाशाली दावेदार हैं। टूर्नामेंट ने पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी आकर्षित किया है, जिनमें सिंगापुर के पीटर गिलक्रिस्ट और अंग्रेज डेविड कॉज़ियर, पीटर शीहान, क्रिस टेलर और पिछले साल के उपविजेता रॉब हॉल शामिल हैं। रूपेश शाह, अशोक शांडिल्य और देवेन्द्र जोशी जैसे पूर्व विश्व चैंपियन भी प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगे। टूर्नामेंट प्रारूप में मुख्य ड्रॉ में 24 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी शामिल हैं, जिनके साथ आठ क्वालीफायर शामिल होंगे। खिलाड़ी राउंड-रॉबिन लीग मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें प्रत्येक समूह से शीर्ष दो खिलाड़ी नॉकआउट चरण में आगे बढ़ेंगे। चैंपियनशिप विजेता को ट्रॉफी के साथ 2,50,000 रुपए का पुरस्कार मिलेगा, जबकि उपविजेता को 1,50,000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार राशि हारने वाले सेमीफाइनलिस्ट, क्वार्टर फाइनलिस्ट, प्री-क्वार्टर फाइनलिस्ट और नॉकआउट चरण के लिए अर्हता प्राप्त नहीं करने वाले खिलाड़ियों को भी वितरित की जाएगी। आयोजकों ने रविवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि इसके अतिरिक्त, उच्चतम ब्रेक वाले खिलाड़ी को 50,000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

### मुख्य ड्रॉ में वरीयता प्राप्त 24 खिलाड़ी

पीटर गिलक्रिस्ट (सिंगापुर), डेविड कॉज़ियर, पीटर शीहान, क्रिस टेलर, रॉब हॉल (सभी इंग्लैंड), पंकज आडवाणी, ध्रुव सितवाला, एस. श्रीकृष्ण, रूपेश शाह, आलोक कुमार, सिद्धार्थ पारिख, कमल चावला, रोहन जम्बूसरिया, आदित्य अग्रवाल, रेयान रज्मी, ध्वज हरिया, शाहयान रज्मी, लौकिक पठारे, विशाल मदान, सौरव कोठारी, देवेन्द्र जोशी, अशोक शांडिल्य, अरुण अग्रवाल, वी. सुब्रमण्यम।

# वर्ल्डकप की चोट को लेकर हार्दिक ने तोड़ी चुप्पी



**नई दिल्ली।** वर्ल्ड कप 2023 के दौरान भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान टखने में चोट लग गई थी, जिसके बाद उन्हें पूरे टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। यह पुणे के महाराष्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ मैच था, जब हार्दिक का टखना मुड़ गया और वह स्टेडियम से बाहर चले गए। इसके बाद टूर्नामेंट में उनकी जगह तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को लिया गया। हार्दिक ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया कि मैं उस तरह का क्रिकेटर हूं जो 2-3 महीने पहले शुरू नहीं करता, मैंने इस विश्व कप के लिए अपनी यात्रा 1 साल पहले शुरू की थी, मैंने डेढ़ साल पहले ही अपनी दिनचर्या की योजना बना ली थी और उसके अनुसार काम किया। यह एक अलग चोट थी, इसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं कि मेरी चोट लंबी हो गई थी और मुझे अधिक समय लेना पड़ा क्योंकि जब मैं घायल हुआ था तो यह 25 दिनों की पुनर्वास चोट थी लेकिन मैं विश्व कप मिस कर रहा था। इसलिए, मैंने बहुत कोशिश की क्योंकि वापस मैदान पर आना था। मैंने टीम से कहा कि मैं 5 दिनों में वापस आऊंगा। मैंने अपने टखनों पर तीन अलग-अलग जगहों पर इंजेक्शन लगवाए और मुझे अपने टखने से खून निकालना पड़ा क्योंकि उसमें बहुत सूजन थी। एक तरह से मैं हार नहीं मानना चाहता था। एक समय मुझे भी इस बात का एहसास था कि मैं खुद को ज्यादा जोखिम में डाल रहा हूं और लंबे समय तक चोटिल हो सकता हूं। मेरे लिए यह कभी भी उत्तर नहीं था, मैं ऐसा कह रहा था कि यदि एक प्रतिशत मौका है, तो मैं टीम के साथ रह सकता हूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा और जब मैं खुद को आगे बढ़ा रहा था, लेकिन मेरी चोट ज्यादा बढ़ गई और मुझे लंबा ब्रेक लेना पड़ा। मैं उस समय चल भी नहीं पा रहा था लेकिन मैं दौड़ने की कोशिश कर रहा था।

# जम्मू-कश्मीर : श्रीनगर में पहली बार फॉर्मूला-4 कार रेसिंग का आयोजन

**श्रीनगर,** 17 मार्च (एजेंसियां)। पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं के लिए मल्टी-कैरियर विकल्पों को प्रोत्साहित करने के लिए जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर में रविवार को पहली बार फॉर्मूला-4 कार रेसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डल झील के किनारे ललित घाट से शहर के नेहरू पार्क तक 1.7 किमी लंबी फॉर्मूला-4 कार रेस आयोजित की गई। रेस में पेशेवर फ़ॉर्मूला-4 ड्राइवरों द्वारा करतब दिखाए गए। कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू हुआ और दोपहर बाद दो बजे समाप्त हुआ। इस रेस को देखने के लिए बड़ी संख्या में उत्साही युवा पहुंचे थे। कार्यक्रम के बाद पेशेवर कार रेस ड्राइवरों ने प्रशंसकों के साथ बातचीत की। उन्होंने उन युवाओं को कार स्पोर्ट्स के बारे में बताया जिन्होंने फॉर्मूला कार रेसिंग जैसे साहसिक करियर में रुचि दिखाई। अधिकारियों ने इस आयोजन के लिए विस्तृत व्यवस्था की थी जिसमें रेसिंग सतह को समतल करना और गड्ढों पर काली परत चढ़ाना, बैरिकेड्स लगाना, एम्बुलेंस, अग्निशामक यंत्र और पर्याप्त सुरक्षा के साथ चिकित्सा टीमों की तैनाती शामिल थी।

# विक्रमादित्य कुलकर्णी और गुरु प्रकाश खिताब के लिए लड़ेंगे

**मुंबई,** 17 मार्च (एजेंसियां)। तीसरी सीरीज के चैंपियन अंतरराष्ट्रीय मास्टर विक्रमादित्य कुलकर्णी और दूसरी सीरीज के विजेता गुरु प्रकाश भारतीय शतरंज द्वारा आयोजित 2.50 लाख रुपए की पुरस्कार राशि वाली ग्रां प्री शतरंज सीरीज के फाइनल में रविवार को पहुंच गए हैं। शीर्ष बोर्ड पर आईएम कुलकर्णी ने संजीव मिश्रा पर जीत हासिल की,

**ग्रां प्री शतरंज सीरीज**

जबकि गुरु प्रकाश ने अरविंद अय्यर पर जीत हासिल की, और 101 खिलाड़ियों के क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए 5.5/6 का प्रभावशाली रिकॉर्ड हासिल किया। अथर्व सोनी, अर्नव कोली, राम विशाल परब, मिहिर शाह, अर्जुन सिंह और विवेक जाधव सहित छह खिलाड़ियों का एक समूह 5/6 के स्कोर के साथ लीडर्स से काफी पीछे है। यदि लीडर्स के बीच अंतिम मुकाबला बराबरी पर समाप्त होता है तो टाई-ब्रेक परिदृश्य में उनके पास खिताब जीतने की बाहरी संभावना बनी रहती है।

# खराब खेलने पर मुझे भी हटा दिया जाएगा : मेहदी हसन

**चटगांव,** 17 मार्च (एजेंसियां)। बांग्लादेश के हरफनमौला खिलाड़ी मेहदी हसन ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के अंतिम मैच के लिए लिटन दास को बाहर करने के चयन समिति के फैसले पर खेलपूर्ण प्रतिक्रिया व्यक्त की। पिछले महीने नए चयन पैनल ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के लिए कार्यभार संभाला और यह निर्णय आसानी से देश के हाल के दिनों में लिए गए सबसे साहसिक निर्णयों में गिना जाता है। लिटन ने वनडे में 2023 में 28 पारियों में 26.04 की औसत से केवल पांच अर्द्धशतक के साथ निराशाजनक प्रदर्शन किया और 2024 में उनकी दोनों पारियां शून्य रही हैं। रिकॉर्ड के लिए, 29 वर्षीय खिलाड़ी का आखिरी एकदिवसीय शतक फरवरी 2022 में आया था।

जब मेहदी से अंतिम एकदिवसीय मैच के लिए सलामी बल्लेबाज को बाहर करने के बारे में पूछा गया, तो मेहदी अपने मूल्यांकन में पूरी तरह से ईमानदार थे। उन्होंने प्रदर्शन में निरंतरता के महत्व पर जोर दिया और उनका मानना है कि नई चयन समिति खिलाड़ियों के प्रदर्शन के मूल्यांकन में निर्दयी हो सकती है। मेहदी ने सीरीज के निर्णायक



मुकाबले की पूर्व संध्या पर प्रेस से बातचीत करते हुए कहा लिट्टन दा ने कई अच्छी पारियां खेली हैं। कई यादगार पारियां हैं। मुझे नहीं लगता कि उन्हें बाहर किया जाना इतना बड़ा मुद्दा है। मेरा मानना है कि वह वापसी कर सकते हैं। उनमें वह क्षमता है। हम जानते हैं कि वह किस तरह के खिलाड़ी हैं। लिटन को बाहर कर दिया गया है।

# विराट आईपीएल 2024 के लिए लौटे भारत

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (एजेंसियां)। विराट कोहली लंदन से भारत लौट आए हैं। इसका मतलब ये है कि किंग कोहली करीब 2 महीने बाद आईपीएल के जरिए एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विराट कोहली को आईपीएल 2024 से पहले अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में शामिल होने के लिए लंदन से भारत लौटते समय मुंबई हवाई अड्डे पर देखा गया। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के शुरू होने से ठीक पहले ही विराट ने टीम इंडिया से छुट्टी ले ली थी। विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के समय अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ रहना चाहते थे। इसलिए, उन्होंने क्रिकेट से दूरी बनाए रखने का फैसला किया। हालांकि, सोशल मीडिया पर अपने बेटे अकाए के जन्म की खबर देने से पहले इस स्टार कपल ने इस बात को राज रखा।

# कोलकाता नाइटराइडर्स से जुड़े श्रेयस अय्यर



**कोलकाता,** 17 मार्च (एजेंसियां)। श्रेयस अय्यर पिछला आईपीएल नहीं खेल पाए थे और इससे पहले उन्हें कुछ चोटों का सामना करना पड़ा, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि सब कुछ पीछे छूट गया है क्योंकि वह शनिवार को अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ जुड़ गए। केकेआर के कप्तान को कुछ समय से कमर की चोट ने परेशान किया था। वह सितंबर 2023 में लंबे समय बाद इस चोट से उबरे लेकिन फ़रवरी में उन्हें दोबारा से इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद यह समस्या हो गई। उन्होंने भारत के मेडिकल स्टाफ को कहा था कि लंबी पारी खेलने में उन्हें समस्या आ रही है। श्रेयस को खेलने के लिए फिट घोषित किया गया था, लेकिन उन्हें आख़िरी तीन टेस्ट के लिए बाहर कर दिया गया था। वह मुंबई का रणजी ट्रॉफी लीग मैच नहीं खेले, इसकी जगह वह केकेआर के कैंप में गए लेकिन इसके बाद वह सेमीफाइनल और फाइनल खेले, जहां उनकी टीम ने खिताब जीता।

## सार संक्षेप

### आईपीएल के शुरुआती चरण और बांग्लादेश दौरे से बाहर मदुशंका

**कोलंबो।** बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार को दूसरे वनडे में गेंदबाजी के दौरान चोटिल होने के बाद दिलशान मदुशंका बांग्लादेश के बचे दौरे से बाहर हो गए हैं उनके आईपीएल के शुरुआती चरण में खेलने की भी कम संभावना है, जहां वह मुंबई इंडियंस का हिस्सा हैं। रविवार की सुबह एक बयान में श्रीलंका क्रिकेट ने कहा कि एमआरआई स्कैन में पुष्टि हुई है कि मदुशंका के बायें पैर में हैमस्ट्रिंग की चोट है और वह रिहैब के लिए घर लौटेंगे। श्रीलंका के मैनेजर महिंदा हलनगोड़ा ने कहा कि हमें उनकी चोट के बारे में रिपोर्ट रविवार की सुबह मिली है। यह नई चोट है। हमें नहीं पता कि उनको इससे उबरने में कितना समय लगेगा, लेकिन वह मेडिकल टीम की निगरानी में उच्च प्रदर्शन सेंटर में रिहैब करेंगे। अभी के लिए वह कल होने वाले वनडे से तो बाहर हो गए हैं। चटगांव में दूसरे वनडे को तीन विकेट से जीतकर श्रीलंका ने सीरीज़ में बराबरी कर ली है और अभी एक वनडे खेला जाना है। मदुशंका ने गेंदबाज़ी की शुरुआत की थी और बांग्लादेश के शुरुआती दो विकेट लिए, लेकिन 6.4 ओवर के बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे।

### रियल कश्मीर एफसी ने घरेलू मैदान पर दिल्ली एफसी को एक अंक दिया

**श्रीनगर।** दिल्ली के डिफेंडर अनवर के आत्मघाती गोल ने रियल कश्मीर एफसी की परेशानी बचाई, जिसे आई-लीग 2023-24 में लगातार तीसरे ड्रॉ से संतोष करना पड़ा क्योंकि दिल्ली एफसी ने उन्हें रविवार को यहां टीआरसी फुटबॉल टर्फ पर एक महत्वपूर्ण मैच में1-1 से बराबरी पर रोक दिया। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद दोनों गोल दूसरे हाफ में आए, जब दिल्ली एफसी ने 52वें मिनट में गुरतेज सिंह की मदद से बढ़त बनाई, लेकिन मैच के 82वें मिनट में उन्होंने अपना ही गोल खाकर एक अंक हासिल कर लिया। इस ड्रा से खिताब की दौड़ में रियल कश्मीर की संभावनाओं को कोई बढ़ावा नहीं मिला, लेकिन कई मौकों को चूकने के लिए उन्हें केवल खुद को दोषी ठहराना होगा। इश्फाक अहमद की कोचिंग वाली टीम मैच के बाद 20 मैचों में 36 अंकों के साथ स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर है। उनके नाम 10 जीत, छह ड्रॉ और चार हार हैं। कोलकाता की मोहम्मडन स्पोर्टिंग 19 मैचों में 44 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

# मैं धोनी का जीवनभर आभारी रहूंगा : अश्विन

**नई दिल्ली,** 17 मार्च (एजेंसियां)। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में से एक बनने में मदद करने के लिए एमएस धोनी का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कहा कि वह सीएसके के कप्तान एमएस धोनी के हमेशा ऋणी रहेंगे। आर.अश्विन



ओपनिंग सीजन में सीएसके टीम का हिस्सा थे, लेकिन तब उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था। फिर, 2009 में उन्होंने केप टाउन में मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ डेब्यू किया।

अश्विन के हवाले से कहा गया कि 2008 में मैं महान खिलाड़ियों (सीएसके ड्रेसिंग रूम में) मैथ्यू हेडन और एमएस धोनी से मिला। तब मैं कुछ भी नहीं था, मैं उस टीम में कहां खेल सकता था जिसमें मुथैया मुरलीधरन थे। धोनी ने मुझे जो मौके दिए उसके लिए मैं जीवन भर उनका ऋणी रहूंगा। उन्होंने मुझे क्रिस गेल के खिलाफ नई बॉल थमाई और 17 साल बाद अनिल भाई उस दिन के बारे में बात कर रहे थे।नवंबर 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू करने वाले अश्विन पिछले हफ्ते इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवें टेस्ट में भारत के लिए 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 14वें भारतीय खिलाड़ी बने। अनुभवी ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के बाद 100 से कम टेस्ट मैचों में 500 विकेट हासिल करने वाले अश्विन दूसरे गेंदबाज भी बन गए हैं।

# दीक्षा ने 71 का कार्ड खेलकर कट पार किया

**लॉन्गवुड, फ्लोरिडा,** 17 मार्च (एजेंसियां)। भारत की स्टार महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने संयुक्त राज्य अमेरिका में एप्सन टूर पर आईओए गोल्फ क्लासिक के अंतिम दौर में जगह बना ली है। लेडीज़ यूरोपियन टूर पर दो बार की विजेता, जो अपने घरेलू कार्यक्रम, महिला इंडियन ओपन को जीतने के करीब पहुंची थी, ने 3-ओवर तक पहुंचने और कट बनाने के लिए पार 71 का कार्ड खेला। तीन राउंड की स्पर्धा में दीक्षा संयुक्त-58वें स्थान पर हैं। तीन खिलाड़ी लिंडसे मैक्कर्डी (66), डेवी वेबर (66) और चीनी ताइपे के विवियन होउ (63) शीर्ष तीन स्थानों पर काबिज हैं। लॉन्गवुड कोर्स में मैक्कर्डी 11-अंडर के साथ पहले, वेबर (66-66) 10-अंडर के साथ दूसरे और विवियन 8-अंडर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मारिया गाल्डियानो (70-65) और जेसिका पेंग (66-69) 7-अंडर के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। दीक्षा (74-71) 3-ओवर हैं क्योंकि कट समान नंबर पर लगाया गया। दीक्षा अगले सप्ताह एप्सन टूर इवेंट में भी खेलेंगी। दीक्षा ने पहले और तीसरे होल में बर्डी लगाई और चौथे होल में बोगी मारी। फिर सातवें होल पर बैक-टू-बैक बोगी और आठवें पर बर्डी का मतलब पार स्कोर किया। बैक नौ में, उसने 10वें और 11वें होल में बर्डी खेली, 13वें और 14वें होल पर बोगी मारी और 16वें होल में एक बर्डी के बाद 17वें होल में एक बोगी मारी । उन्होंने इस राउंड में छह बर्डी और छह बोगी खेलीं।

